# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026


प्रदूषण को लेकर सरकार ने उठाया बड़ा कदम

## ब्रिटेन के बाद अब भारत में स्थापित हुई लैबोरेटरी



**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अभी तक विदेशों पर निर्भर रहा देश अब प्रदूषण मापने के यंत्रों और उपकरणों का उत्पादन खुद करेगा और इन्हें सर्टिफाई भी करेगा। इससे पर्यावरण को बेहतर तरीके से संभालने के साथ ही विदेशी सर्टिफिकेशन सिस्टम पर निर्भरता भी खत्म हो जाएगी।






अमेरिका के झूठ पर बड़ा खुलासा

◆ *अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भारत का करारा जवाब*

पिछले साल 8 बार फोन पर बात की पर व्यापार समझौते के लिए मोदी ने कोई कॉल नहीं किया

# भारत की ऊर्जा नीति किसी के दबाव में नहीं बदलेगी, बाजारों पर हमारी नजर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

अमेरिकी वाणिज्य सचिव की टिप्पणियों पर भारत ने बड़ा बयान दिया है। भारत ने कहा कि हमने ये टिप्पणियां देखी हैं। भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी को ही अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है। कई मौकों पर हम समझौते के बेहद करीब पहुंचे। खबरों में इन चर्चाओं का जो वर्णन किया गया है, वह सटीक नहीं है।

हम दो पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते में रुचि रखते हैं और इसे पूरा करने के लिए तत्पर हैं। संयोगवश, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2025 के दौरान 8 बार फोन पर भी बात की है, जिसमें हमारी व्यापक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने व्यापार समझौते के लिए फिलहाल ट्रंप को फोन नहीं किया था। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग- अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं।

**अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार समझौता इसलिए नहीं हो पाया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

**» कई मौकों पर हम समझौते के बेहद करीब पहुंचे**

**» एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर**

### बिल का नाम सैंक्शनिंग ऑफ रशिया एक्ट 2025

*अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल को हरी झंडी दे दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर रूसी तेल खरीदने पर रोक लगेगी। इस बिल का नाम सैंक्शनिंग ऑफ रशिया एक्ट 2025 है। इसके कई प्रावधानों में से एक यह भी है कि जो देश जानबूझकर रूस से यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उनपर अमेरिका में 500% टैरिफ लगाया जा सकता है।*

### नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच बातचीत जारी

*इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका से सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया बातचीत के दौरान कहा था कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच में बातचीत जारी है। दोनों सरकारें संतुलित, अच्छे और आपसी फायदेमंद व्यापार समझौते के नजरिए से बातचीत कर रही है। वहीं, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भी पहले कहा था कि भारत आपसी टैरिफ कम करने के उद्देश्य से अमेरिका के साथ एक शुरुआती फ्रेमवर्क डील को अंतिम रूप देने के बहुत करीब है।*

ट्रंप की टैरिफ धमकी से 5 दिन में सेंसेक्स 2200 अंक गिरा

## निवेशकों के 13 लाख करोड़ डूबे



सोमवार से लेकर शुक्रवार तक पूरा सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए बुरा वक्त रहा। पिछले 5 दिनों के दौरान सेंसेक्स में करीब 2200 अंकों की गिरावट आई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 604 अंक टूटकर 83,576 और निफ्टी 193 अंक गिरकर 25683 लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक में भी 435 अंकों की गिरावट आई। पिछले पांच कारोबारी दिनों के दौरान सेंसेक्स में 2186 अंकों की बड़ी गिरावट आई है। वहीं एनएसई निफ्टी में 2.5 फीसदी की गिरावट रही। बीएसई के मार्केट कैप के आधार पर मापी गई निवेशक संपत्ति पिछले सत्र के 472.25 लाख करोड़ रुपए से घटकर 467.87 लाख करोड़ रुपए रह गई, जिसमें 4.38 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। इस तरह से पिछले 5 सत्रों में यह आंकड़ा 13.37 लाख करोड़ रुपए कम हुआ है।

# हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा, वह विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर रही है ?

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'




हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि हर तीन चार माह में स्वयं का मूल्यांकन करता हूं। बतौर नेता प्रतिपक्ष हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा है। सरकार विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर रही है? विधानसभा की बैठकें कम हो रही हैं। जनता के हजार सवाल हैं लेकिन सरकार निरुत्तर रहती है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था से सरकार को दो साल की बधाई। जनता के सवालों के जवाब नहीं दे पाने पर यह सरकार बधाई की पात्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है जो सरकार को जगाकर बताती है कि आपके यह काम अच्छे हैं या ये अच्छे नहीं हैं। हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। उनसे 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद।

### उनसे पूरी बातचीत

**प्रश्नः वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्व होने पर आप क्या सरकार को बधाई देंगे?**

उत्तरः संवैधानिक व्यवस्था से सरकार को दो साल की बधाई। जनता के सवालों के जवाब नहीं दे पाने पर यह सरकार बधाई की पात्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है जो सरकार को जगाकर बताती है कि आपके यह काम अच्छे हैं या ये अच्छे नहीं हैं। हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया है।

**प्रश्नः सरकार के दो साल के कार्यकाल पर आपका क्या आंकलन है?**

उत्तरः भाजपा पूरे देश में संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करने में जुटी हुई है। लोकायुक्त में बिना विपक्ष के नियुक्ति करना। मानवाधिकार आयोग में सरकार अपने लोगों को बैठाना चाहती है। निरंकुश और लोकतंत्र से दूर जाकर भाजपा इस तरह का काम कर रही है। नई व्यवस्था बनाई जा रही है। सदन में हमने कई मुद्दे उठाए पानी को लेकर, खेती किसानी को लेकर लेकिन सरकार ने झूठे आंकड़े प्रस्तुत करती है। कृषि मंत्री विधानसभा में कहते हैं सबको खाद मिल रही है किसान से पूछो तो वह बताता है उसे खाद नहीं मिल रही। किसानों को 10-12 घंटे बिजली नहीं मिल रही। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। सरकार के पोर्टल पर 22 लाख युवा बेरोजगार हैं।

**प्रश्नः भाजपा सरकार खराब तो उसे वोट इतने क्यों मिल रहे?**

उत्तरः पूरे देश में धर्म का नशा चढ़ा हुआ है। भाजपा धर्म के नाम पर चुनाव जीत रही है न कि विकास के नाम पर। विकास के नाम पर यदि चुनाव हो जाएं तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भाजपा विपक्ष में बैठी रहेगी।

**प्रश्नः 2003 के चुनाव में जब दिग्विजय सिंह सत्ता से हटे थे तो वह चुनाव क्या धर्म के नाम पर था?**

उत्तरः वक्त के साथ बहुत सी चीजें बदलती हैं। लेकिन भागीरथपुरा सहित इंदौर में कई जगहों पर दूषित पानी का वितरण हो रहा है। वाटर ऑडिट नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा।

### यह भी बोले सिंघार

- *हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया*
- *भाजपा धर्म के नाम पर चुनाव जीत रही है न कि विकास के नाम पर*
- *इंदौर में महापौर ने ढाई साल तक शुद्ध जल की क्यों फाइल रोककर रखी?*
- *सिर्फ लाड़ली बहनाओं को पैसे देने से हर योजना नहीं चल सकती*
- *मैं और जीतू पटवारी की जोड़ी जय-वीरू की जोड़ी है। इस जोड़ी में जय मैं हूं। मरना मुझे है*

**प्रश्नः आप भागीरथपुरा की घटना के 10 दिन बाद वहां क्यों पहुंचे?**

उत्तरः ऐसा नहीं है मेरे जाने से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कांग्रेस के पार्षद और कार्यकर्ता वहां पहुंचे। हमें वहां पहुंचने से रोका गया। पीड़ितों की आवाज बनने से रोका गया। एक घंटा मुझे भी लोगों से मिलने नहीं दिया गया। हमें भी बहस करनी पड़ी। सरकार आंकड़ें क्यों छिपा रही है। इंदौरवासियों को सुविधाएं मिले इस पर बात होनी चाहिए।

**प्रश्नः कांग्रेस ने संवेदना देने के अलावा क्या रोडमैप दिया?**

उत्तरः तत्काल हमने कमेटी बनाई। उसने दौरा किया। संवेदनाओं के साथ हम जो हुआ उस अन्याय की बात कर रहे हैं। लोगों के संवैधानिक अधिकारों की बात कर रहे हैं। महापौर ने ढाई साल तक शुद्ध जल की क्यों फाइल रोककर रखी?

**प्रश्नः आप किसे जिम्मेदार समझ रहे हैं?**

उत्तरः मामला कोर्ट में है इसलिए अब कोर्ट तय करेगा। महापौर, कमिश्नर पर जवाबदारी बनती है। सरकार ने पुलिस ने अभी तक केस क्यों नहीं दर्ज किया? इसलिए हमको कोर्ट जाना पड़ा।

**प्रश्नः नेता प्रतिपक्ष के दायित्व को 2 साल बाद कैसे देखते हैं?**

उत्तरः हर तीन चार माह में स्वयं का मूल्यांकन करता हूं। बतौर नेता प्रतिपक्ष हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा है। सरकार विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर रही है? विधानसभा की बैठकें कम हो रही हैं। जनता के हजार सवाल हैं लेकिन सरकार निरुत्तर रहती है।






इंदौर में ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार

# पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी सहित 3 लोगों की मौत, 1 घायल

*युवक-युवतियां पार्टी मनाकर कार से लौट रहे थे*

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर

- तेजाजी नगर के रालामंडल क्षेत्र में हुआ हादसा

इंदौर के तेजाजी नगर में शुक्रवार सुबह सवा 5 बजे एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर सहित तीन की मौत हो गई। कार सवार एक युवती घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तेजाजी नगर के रालामंडल में दुर्घटना उस समय हुई जब कार सवार युवक-युवतियों पार्टी मनाकर लौट रहे थे। हादसे में मृत लोगों के नाम प्रखर कासलीवाल, मान संधु और प्रेरणा बच्चन है। वहीं अनुष्का राठी घायल हो गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का ड्राइवर भी मौके से भाग गया था। सूचना मिलने के बाद पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन और उनकी पत्नी सहित परिवार के लोग अस्पताल के शवगृह पहुंच गए थे। प्रेरणा की मौत की खबर सुनकर उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम करीब पांच बजे कासेल तालाब के समीप विश्राम घाट पर प्रेरणा का अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई विश्वराज बच्चन ने मुखाग्नि दी।



मानसंधु



प्रखर



प्रेरणा



हादसे के बाद कार क्षतिग्रस्त हालत में



बाला बच्चन अस्पताल के बाहर

### प्रखर चला रहा था कार

प्रखर का जन्मदिन था। सभी कोको फार्म में बर्थडे पार्टी मनाकर इंदौर लौट रहे थे। कार प्रखर चला रहा था। नशे में होने के कारण कार अनकंट्रोल होकर ट्रक में जा घुसी।

### सीएम बोले- दुख की घड़ी में बाला बच्चन के साथ हूं

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे विधानसभा के साथी की बेटी का निधन हुआ है। इसका मुझे बेहद दुख है। बेटी हमारे बीच रही है। इस मुश्किल घड़ी में मैं उनके साथ हूं।



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में धार्मिक आयोजन

# 500 से अधिक साधु- संतों ने डाक डमरू बजाकर निकाली शौर्य यात्रा, 'हर-हर महादेव' के नारों से गूंजा सारा परिसर

गिरनार तीर्थ स्थल से पहुंचे साधु- संत

एजेंसी ▶▶| सोमनाथ

गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' चल रहा है। 11 जनवरी तक चलने वाले पर्व में अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार को 500 से अधिक साधु संतों ने डाक डमरू बजाकर शौर्य यात्रा निकाली। 'हर-हर महादेव' के नारों ने सोमनाथ मंदिर में भक्तिमय माहौल बना दिया। गिरनार तीर्थस्थल से शुक्रवार को बड़ी संख्या में साधु-संत भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। सोमनाथ के शंख चौक से मंदिर तक साधु-संत की शौर्य यात्रा में डमरू की ध्वनि गूंज रही थी। इसी बीच, राज्य के सामाजिक और न्याय अधिकारिता मंत्री प्रद्युम्न वाजा और सांसद राजेश चुडासमा समेत कई लोग संतों की शौर्य रैली में शामिल हुए।

शंख चौक से मंदिर तक निकाली रैली मंत्री और सांसद भी रहे शामिल



डमरू बजाकर 'हर हर महादेव' के नारे लगाते साधु-संत

### 11 तक होगा 'ओंकार' जाप और भजन: गढ़वी

इस मौके पर साधु पियुदान गढ़वी ने कहा कि यह गुजरात का बेहद अनोखा पर्व है, जो इस समय सोमनाथ में मनाया जा रहा है। यहां शौर्य यात्रा निकाली गई थी। 11 जनवरी तक यहां भजन और 'ओंकार' जाप के साथ सभी को आस्था से जोड़ने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि शौर्य गाथा का गायन होगा।

### मिनी महाकुंभ जैसा माहौल बना: महंत

महंत भारद्वाज नंद गिरी महाराज ने कहा कि सोमनाथ में 'मिनी कुंभ' जैसा माहौल है। यहां 'सोमनाथ स्वाभिमान' पर्व मनाया जा रहा है। हजारों पंडित और साधु-संत कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं।

सोमनाथ मंदिर बना नारी सशक्तिकरण का केंद्र

## 363 महिलाओं को 9 करोड़ का सालाना रोजगार

भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक चेतना के जीवंत प्रतीक सोमनाथ मंदिर को दुनिया श्रद्धा और आस्था के केंद्र के रूप में जानती है। आज यह महिला सशक्तिकरण का सशक्त और प्रेरणादायी केंद्र बनकर उभरा है। यहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा मिली है।

### पवित्र बिल्व वन का संचालन 16 महिलाएं कर रहीं


मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बिल्व वन पूरी तरह से महिलाओं के द्वारा संभाला जाता है। यहां 16 महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, हरित संवर्धन और स्वच्छता के साथ मंदिर की पवित्रता को बनाए रखती हैं। यह व्यवस्था महिलाओं के कुशल संचालन से हो रही है।

### 30 महिलाएं भोजन सेवा और 65 प्रसाद वितरण कर रहीं

मंदिर के भोजनालय में 30 महिलाओं द्वारा निष्ठापूर्वक सेवा दी जा रही है। ये मंदिर की मानव सेवा परंपरा को जीवंत रखती हैं। प्रसाद वितरण जैसे पवित्र और विश्वास से भरे कार्य में 65 महिलाओं की भागीदारी उनके अनुशासन, समर्पण और विश्वसनीयता है।

## खबर संक्षेप

### अंकिता केस की होगी सीबीआई जांच: धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता भंडारी केस में सीबीआई जांच की सिफारिश की है। धामी ने कहा यह पूरे केस में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने शुरू से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### कल राजकोट में पीएम मोदी देंगे कई सौगातें




**नई दिल्ली।** वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस 11 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जो कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के 12 जिलों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। विशेष रूप से इन क्षेत्रों को समर्पित, इस सम्मेलन का उद्देश्य पश्चिमी गुजरात में निवेश और औद्योगिक विकास के लिए नई गति प्रदान करना है।कई क्षेत्रों में पीएम सौगातें देंगे।

### परिवार में तनाव खत्म एक होगें 'पवार'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार का कहना है कि एनसीपी के दोनों गुट के कार्यकर्ता एक होना चाहते हैं और पवार परिवार के अंदर सभी तनाव खत्म हो गए हैं। दोनों एनसीपी अब साथ हैं। हमारे परिवार में सभी तनाव खत्म हो गए हैं। 2 साल पहले शरद की एनसीपी से अजीतने बगावत कर दी थी और महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा बने थे।

### मोबाइल की टॉर्च में कराया प्रसव, महिला की मौत



**गुरदासपुर।** पंजाब में बेहतरीन स्वस्थ्य सेवाओं का दावा करने वाली आप सरकार के दावों की पोल खुल गई है। गुरदासपुर जिले के काला कालावाली गांव की महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई। रुपिंदर कौर को 1 जनवरी को कस्बा कादियां के सरकारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि मोबाइल की रोशनी में आपरेशन किया था।

### 32 भाजपा कार्यकर्ता पार्टी से निलंबित



**नागपुर।** महानगरपालिका के चुनाव में संगठनात्मक अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी कार्य किए जाने के मामले में भाजपा ने 32 कार्यकर्ताओं को 6 साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। इनमें कुछ भूतपूर्व नगर सेवक और उन्हें समर्थन देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता है। शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने बताई। 100 कार्यकर्ताओं ने विद्रोह किया था।

दिल्ली में शाह के घर के पास टीएमसी सांसदों ने किया प्रदर्शन

दिल्ली तक गरमाया बंगाल का मामला, वार पलटवार शुरू

# प्रदर्शनकारी सांसदों को सुरक्षा बलों ने घसीटकर हटाया, कई को किया गिरफ्तार और फिर छोड़ा

## मामला-कोलकाता में आई-पैक के ऑफिस और मालिक के घर पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶| 000

कोलकाता में आई-पैक के ऑफिस और उसके मालिक के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद बंगाल की राजनीति गरमा गई है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के घर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को सुरक्षा बलों ने जबरन वहां से हटा दिया। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगरमी नजर आने लगी है। अब इसकी सुगबुगाहट दिल्ली तक में सुनाई देने लगी। गुरुवार को हुई पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई के बाद से टीएमसी का विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसे में शुक्रवार को टीएमसी के सांसद गृहमंत्रीशाह के दिल्ली स्थित ऑफिस यानी गृह मंत्रालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस ने वहां से सभी को हटाया। टीएमसी के दो सांसद महुआ मोइत्रा और डेरेक ओ ब्रायन को हिरासत में ले लिया गया है। ममता बनर्जी ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है।

सांसदों को सुरक्षा बलों ने वहां से जबरन हटाया





टीएमसी सांसद ओ ब्रायन और महुआ मोइत्रा को ले जाते सुरक्षाकर्मी

### पुलिस ने सांसदों को किया गिरफ्तार

शुक्रवार को टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन, शताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद और अन्य लोगों ने गृह मंत्रालय के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए। इसी बीच पुलिस ने आकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों समेत अन्य को गिरफ्तार कर लिया. गिराफ्तार किए गए सांसदों में डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा समेत अन्य प्रदर्शनकारी शामिल हैं। पुलिस उन्हें वैन में ले गई।

### दस्तावेज छीने, घटिया काम किया: ब्रायन

टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि आप देख रहे हैं कि यहां सांसदों के साथ क्या हो रहा है? सांसद प्रतिमा मंडल ने कहा कि अमित शाह ने ईडी के अधिकारियों का इस्तेमाल किया और वे हमारे राजनीतिक दस्तावेज छीनने के लिए वहां गए। वे ऐसा घटिया काम कर रहे हैं।

### हम भाजपा को हराएंगे : मोइत्रा

महुआ मोइत्रा ने कहा कि हम भाजपा को हराएंगे। देश देख रहा है कि दिल्ली पुलिस एक चुने हुए सांसद के साथ कैसा बर्ताव कर रही है।

### भाजपा उल्टा चोर कोतवाल के डांटे: आजाद

टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने आरोप लगाए कि जिस कोयला घोटाले का मुद्दा उठाया जा रहा है, उसके टेंडर खुद भाजपा ने निकाले थे। उन्हीं लोगों के जरिए लूट मचाई गई। आजाद ने कहा कि भाजपा 'उल्टा चोर कोतवाल के डांटे' जैसा व्यवहार कर रही है।

ममता ने केंद्र पर लगाए आरोप

## भारत एक लोकतंत्र, भाजपा की जागीर नहीं

टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने कहा कि नयी दिल्ली में पार्टी सांसदों के साथ हुए दुर्व्यवहार की वह कड़ी निंदा करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध कर रहे निर्वाचित सांसदों को सड़कों पर घसीटना कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सत्ता के नशे में वर्दीधारियों के अहंकार की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जागीर नहीं।

**भाजपा के लोकतंत्र में आज्ञाकारिता स्वीकार, असहमति नहीं**

ममता ने कहा कि लोकतंत्र सत्ता में बैठे लोगों की सुविधा या आराम से नहीं चलता. जब भाजपा नेता प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए रेड कारपेट और विशेष सुविधाएं होती हैं। जब विपक्षी सांसद

**गृह मंत्री तय नहीं करेंगे कि लोकतंत्र में किसे गरिमा मिलेगी?**

ममता नेकहा कि सम्मान आपसी होता है। अगर आप हमें सम्मान देंगे, तो हम भी सम्मान देंगे। हम अधिकार से नागरिक हैं, सत्ता के पद की दया पर नहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार, पार्टी और कोई भी गृह मंत्री यह तय नहीं कर सकता?

भाजपा ने टीएमसी को घेरा, पूछा

## क्यों घबरा रहीं ममता? जांच से क्यों डर रहीं

अब टीएमसी के प्रदर्शन परभाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने ममता और उनकी पार्टी को घेरा है। प्रसाद ने कहा कि बंगाल में जो हुआ, वह आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। ममता का पूरा काम न सिर्फ अनैतिक, गैर-जिम्मेदाराना और असंवैधानिक है। वे जांच से क्यों घबरा रही हैं।

### मुख्यमंत्री कुछ छिपा रहीं



रविशंकर ने कहा कि ईडी के द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई चल रही है, वहां जाती हैं और धमकाती हैं। पेपर छीनकर करके चली जाती। ईडी की रेड एक निजी कंपनी पर थी, जो कि कोयला घोटाले से जुड़ी थी। वे कुछ छिपा रहीं।

कोर्ट से लालू परिवार को बड़ा झटका

## जमीन के बदले नौकरी में आरोप तय, 52 बरी

41 लोगों के खिलाफ आरोप का दिया आदेश



राउज एवेन्यू कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीन के बदले नौकरी से जुड़े कथित घोटाले के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि लालू ने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। यादव परिवार ने रेल अधिकारियों और अपने करीबी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीनें हासिल की। अदालत ने 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए और 52 लोगों को बरी कर दिया, जिनमें रेल अधिकारी भी शामिल थे।

### 103 थे नामित, 5 की मौत हो चुकी

सीबीआई की चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से 5की मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ता अजाज अहमद ने कहा कि सीबीआई अदालत ने लालू प्रसाद यादव, मीसा भारती, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और हेमा यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी और 13 के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप 29 जनवरी को तय किए जाएंगे।

### आरोपियों के नाम

इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे। उस दौरान भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र (जबलपुर) में ग्रुप-डी पदों पर नियुक्तियां नियमों को दरकिनार कर की गईं।

दिल्ली के तुर्कमान गेट हिंसा मामले में पुलिस की सख्ती

## 12 उत्पाती गिरफ्तार, 10 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी अब पुलिस के रडार पर

### भड़काऊ पोस्ट से माहौल बिगाड़ने वालों की सूची तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में पुलिस टीम पर हुए पथराव मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है। इस मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है। दिल्ली पुलिस की एक टीम इस मामले में सोशल मीडिया को भी खंगाल रही है। पुलिस ये पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि आखिर घटना वाले दिन वे कौन लोग थे जिन्होंने सोशल मीडिया की मदद से माहौल बिगाड़ने का काम किया था। पुलिस ने ऐसे 10 सोशल मीडिया इंफ्लून्सर की लिस्ट भी तैयार की है। इंफ्लून्सर्स ने घटना के समय अपने भड़काऊ पोस्ट से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी।



जामा मस्जिद में सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं।

### नेताओं की भूमिका की भी जांच हो रही

पुलिस के अनुसार जिन सोशल मीडिया इन्फ्लूयंसर का नाम सामने आया है उनमें खालिद मलिक, सईद उमैर अली, आमे रिजवी और सलमान खान मुख्य रूप से शामिल हैं। पुलिस सभी को जल्द से जल्द पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है। रिजवी जामिया इलाके में रहती है। पुलिस ने12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

शिमला से कुपवी जा रही थी निजी बस

# हिमाचल में बस खाई में गिरी 12 की मौत और 33 अन्य घायल

## हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दर्दनाक हादसा

एजेंसी ▶▶| शिमला

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिमला से कुपवी जा रही निजी बस 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 33 घायल हो गए। 1बच्ची समेत 4 की हालत नाजुक है। सुबह साढ़े सात बजे बस 45 यात्रियों को लेकर शिमला से कुपवी के लिए निकली थी। करीब 3बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 पहले बस अनियंत्रित होकर करीब पांच सौ फीट गहरी खाई में जा गिरी।



हादसे में गिरी बस

### घायलों को कराया भर्ती

सिरमौर उपायुक्त प्रियंका ने बताया कि 12 लोगों की मौत हुई है। 33 घायल हैं, जिन्हें संगड़ाह और ददाहू अस्पतालों में ले जाया गया है। 1 बच्ची को नाहन, जबकि 3 अन्य को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला रेफर किया गया है।

### घना कोहरा बताया जा रहा कारण


कोहरे और पाले के कारण हादसे की आशंका अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की सही वजह अभी साफ नहीं है, लोगों ने बताया है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां घना कोहरा था। सड़क पर पाला भी गिरा हुआ था।

### मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को हरसंभव सहायता और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करें।

आईआईटी दिल्ली में डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन का आयोजन

# चैलेंज में छात्रों ने मॉडल-प्रोटोटाइप से दिखाई प्रतिभा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली में भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज में छात्रों ने काम को मॉडल व प्रोटोटाइप के रूप में दिखाया। आईआईटी दिल्ली में एक राष्ट्रीय चैलेंज के अंतर्गत डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज 2026 प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। 50 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, इनमें से 19 टीमों का चयन किया गया।

**50** प्रविष्टियां प्राप्त हुई

**19** टीमों का चयन किया गया 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया

### दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा



आईआईटी दिल्ली डिजाइन फॉर भारत प्रतियोगिता के लिए दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डिजाइन फॉर भारत की शुरुआत हुई।

### वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन किया

प्रतियोगिता में 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें उन्हें भारत की वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसका मकसद टीम वर्क, एवं आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हुए नवाचारों को बढ़ावा देना रहा। डिजाइन क्षेत्र में कार्यरत संकाय सदस्यों,डिजाइनर की जूरी ने 19 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया।

### समझौता पत्र पर हुए हस्ताक्षर

इस समझौता पत्र पर 8 जनवरी को टीईसी के उप महानिदेशक (मोबाइल टेक्नोलॉजीज) अमित कुमार श्रीवास्तव तथा आईआईटीके के डीन प्रो. तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए, जिनके समक्ष आईआईटी के के निदेशक प्रो. मैनिंद्र अग्रवाल, आईआईटी के प्रो. रोहित बुधिराजा, तथा टीईसी के डीडीजी शशि मोहन उपस्थित थे। यह साझेदारी अगली पीढ़ी की टेलीकॉम, मानकीकरण गतिविधियों पर टीईसी औपचारिक ढांचा तैयार करती है।

एलपीयू के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति

# उत्तीर्ण छात्रों को डिग्रियों के साथ नसीहत भी दी

## ब्रिटेन की पूर्व पीएम ट्रस, राज्यपाल भी रहे साथ

एजेंसी ▶▶| जालंधर



लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में शुक्रवार को आयोजित 12वें दीक्षा समारोह में प्रतिष्ठित मेहमानों का आगमन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पहुंचे, जिनके साथ यूनाइटेड किंगडम की पूर्व प्रधानमंत्री मैरी एलिजाबेथ ट्रस, राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी थे।

### गोल्ड मेडल के साथ विद्यार्थी सम्मानित

विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गाय। पीएचडी पूर्ण करने वाले शोधार्थियों को भी उपाधियां सौंपकर सम्मानित किया गया राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि संस्कार जरूरी है।केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में मानवीय मूल्य भी जरूरी हैं।

जबलपुर
शनिवार, 10 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 20, अंक : 252
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 24
न्यून. 10


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


13 सिंधु का धमाल, मलेशिया ओपन...



विचार पेज
8 बंगाल में बढ़ती राजनीतिक....










## खबर संक्षेप

### मंदिर का गेट गिरने से एक की मौत, 3 घायल



**छतरपुर।** नौगांव में धौर्रा मंदिर का गेट गिर गया। मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई जबकि तीन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा शुक्रवार शाम निर्माण कार्य के दौरान हुआ। मृतक की पहचान राम मिलन पिता गोरेलाल (35) के रूप में हुई है। वह छतरपुर के गंज करारा गांव का रहने वाला था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों में संघर्ष, एक की हत्या



**खंडवा।** जिले में एक नाबालिग लड़की से हुई छेड़छाड़ के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दोनों पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज कर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की इंदौर में मौत हो गई। इसके बाद मामले में एक पक्ष पर हत्या का मामला भी दर्ज हुआ।

### पुलिसकर्मी पर ब्लैकमेल का आरोप लगाकर दी जान



**मैहर।** अमरपाटन थाना इलाके में पुलिसकर्मी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर अनंतराम पटेल नाम के युवक ने गुरुवार देर रात फांसी लगा ली। शुक्रवार सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला। उसने चार पन्नों का सुसाइड नोट लिखा है। वीडियो भी बनाया। मृतक ने चार लोगों पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख वसूलने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से रोक दिया।



ईडी रेड के विरोध में टीएमसी का दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन

मार्च निकालती सीएम ममता

**बड़ा आरोप : कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और भाजपा नेता को भेजा**

# ममता बोलीं- मेरे पास एक 'भाजपा नेता' की पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं

**ममता ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराईं**

*ईडी की छापेमारी वाली जगह पर अपनी मौजूदगी को जायज ठहराते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर कोई मुझे जान से मारने आए तो क्या मुझे आत्मरक्षा का अधिकार नहीं है?*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी ने दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला। इस दौरान ममता बेनर्जी ने दावा किया कि उनके पास एक भाजपा नेता के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं।

### भारी भीड़ और हंगामे से जज नाराज, बेंच छोड़कर बाहर निकलीं

**ममता भी पहुंची हाईकोर्ट, ईडी की याचिका पर सुनवाई टली**

गुरुवार को ईडी की कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी मौके पर पहुंची और वहां से एक फाइल व लैपटाप अपने लेकर चली आईं। ईडी ने ममता पर जांच में बाधा डालने व छापेमारी के दौरान दस्तावेज व डिजिटल सुबूतों को जबरन छीनने का आरोप लगाया। इसे लेकर ईडी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दूसरी ओर तृणमूल भी ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए हाई कोर्ट पहुंची। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जैसे ही जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच में सुनवाई शुरू होने वाली थी, वहां वकीलों और इंटर्न की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति यह थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी।

**सीएम डॉ. यादव का पलटवार**

### मुख्यमंत्री ऐसी हल्की हरकत करें, ये ठीक नहीं



डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी द्वारा ईडी की कार्रवाई के दौरान दस्तावेज उठाकर ले जाने के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। सीएम ने कहा कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री से यह अपेक्षा होती है कि वह प्रवर्तन निदेशालय जैसे केंद्रीय संस्थानों के साथ सहयोग करे। हम सभी शपथ इसी बात के लिए लेते हैं कि संवैधानिक संस्थाओं के साथ सहयोग करेंगे।

**चूहा कांड के बाद एमवाय अस्पताल में फिर गंभीर लापरवाही**

## नर्स की गलती से डेढ़ माह के बच्चे का काटा अंगूठा, जमीन पर गिरा, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एमवाय अस्पताल एक बार फिर गंभीर लापरवाही को लेकर सुर्खियों में है। चूहा कांड के बाद अब न्यू चेस्ट वार्ड में भर्ती डेढ़ माह के मासूम बच्चे का इंट्राकैथ बदलते समय नर्स की गंभीर लापरवाही से अंगूठा कटकर नीचे गिर गया। घटना के बाद बच्चे को आनन-फानन में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भेजा गया, जहां सर्जरी कर अंगूठे को जोड़ा गया। घटना की जानकारी यूनिट के डॉक्टरों द्वारा अस्पताल अधीक्षक को भी नहीं दी गई। दरअसल, बेटमा से निमोनिया के उपचार के लिए एक बच्चे को चेस्ट वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां मासूम बच्चे के हाथ में लगे टेप को नर्स कैंची से काट रही थी। इसी दौरान लापरवाही वश कैंची बच्चे के अंगूठे पर लग गई, जिससे उसका अंगूठा कट गया। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित नर्स को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही तीन नर्सिंग इंचार्ज का वेतन रोकने की कार्रवाई भी की गई है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन के अनुसार फिलहाल बच्चे की स्थिति स्थिर है और उसे निगरानी में रखा गया है।

**दूसरे अस्पताल में अंगूठे की कराई गई प्लास्टिक सर्जरी**



एमवाय अस्पताल

**पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर जोर**

## ईवी वाहन में ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली 'अनिवार्य'

**एक अक्तूबर 2026 से एवीएएस लगाना जरूरी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के लिए कदम उठाया है। जिसके तहत ज्यादातर ईवी में ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली-एवीएएस (एकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम) को जरूरी कर दिया गया है। इसके तहत नए निजी और वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में एक अक्तूबर 2026 से एवीएएस लगाना जरूरी होगा। जबकि पहले से बाजार में मौजूद मॉडलों को 1 अक्तूबर 2027 तक इस नियम का पालन करने की मोहलत दी जाएगी। इस संशोधित नियम का सबसे अहम पहलू यह है कि अब इसके दायरे में ई-रिक्शा और ई-कार्ट को भी शामिल किया गया है। अब एल 5 और एल 7 वाहन श्रेणियों को भी इसमें जोड़ दिया है। यह फैसला खास तौर पर शहरी इलाकों को ध्यान में रखकर लिया गया है, जहां लगभग बिना आवाज चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण पैदल चलने वालों और साइकिल सवारों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

**नवजात का शव देकर अस्पताल से भगाया**

## पिता ने शव रखकर सड़क पर काटी रात और वहीं किया अंतिम संस्कार

**परिजनों का कहना-प्रसव के वक्त नहीं थे डॉक्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में एक नवजात बच्ची के सड़क पर अंतिम संस्कार किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना सीहोर-भेरुदा मार्ग पर मंगलवार को हुई, जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। बच्ची के पिता ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर ही अपनी बच्ची का अंतिम संस्कार किया।

प्रसूता ममता पत्नी संतोष जाट को 30 दिसंबर को शाम 4:30 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने 2 जनवरी 2026 को रात 2:22 बजे सामान्य प्रसव से एक प्री-मैच्योर बच्ची को जन्म दिया।




सड़क पर नवजात का अंतिम संस्कार करता पिता

### प्रसव प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर ने कराया

**अस्पताल का दावा**

महिला चिकित्सक ने अपने बयान में बताया है कि उन्होंने महिला की जांच की थी और प्रसव प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर द्वारा लेबर रूम में कराया गया था। सोशल मीडिया पर सड़क पर अंतिम संस्कार का वीडियो वायरल होने के बाद जब संतोष से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें जिला अस्पताल के सामने धरने से हटा दिया गया था। इसके बाद नवजात का शव देकर मुझे अस्पताल से भगा दिया गया और किसी ने मेरी मदद नहीं की। मेरे पर घर जाने के लिए पैसे भी नहीं थे। मैं अपने बच्चे का शव लेकर रात भर सड़क पर अपनी पत्नी के साथ पड़ा रहा।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई स्टार्टअप्स के प्रमुख अधिकारियों को किया प्रेरित**

**पीएम ने कहा- एआई का मतलब भारत के लिए 'आत्मनिर्भर इंटेलिजेंस'**

## जो आम लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सके, ऐसे जिम्मेदार और नैतिक एआई विकास की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद एआई स्टार्टअप्स के प्रमुख अधिकारियों ने कहा कि पीएम ने लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाला एआई बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया है। न्यूरोडक्स के सीईओ डॉ. सिद्धार्थ पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का अनुभव हमारी सोच में बदलाव लाने के लिए काफी जरूरी था। उन्होंने हमें प्रेरित किया है कि हमें केवल वह नहीं बनाना, जो कि पश्चिमी देश बना रहे हैं। हमें ऐसा एआई बनाना है, जो कि देश के आम लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सके।

टेक महिंद्रा के सीआईओ निखिल मल्होत्रा ने कहा कि पीएम मोदी ने जिम्मेदार और नैतिक एआई विकास की आवश्यकता समझाई। जेनलूप के सीईओ आयुष गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत में विश्वसनीय, नैतिक और आत्मनिर्भर एआई पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि एआई का मतलब भारत के लिए 'आत्मनिर्भर इंटेलिजेंस' होने वाला है और यह आने वाले समय में विकसित भारत में एक बड़ी भूमिका निभाएगा। गौर हो कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर सुबह भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ बैठक की थी। यह बैठक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले हुई है, जो कि अगले महीने भारत में होने वाला है। बैठक में 12 एआई स्टार्टअप शामिल हुए, जिन्होंने हेल्थकेयर, एलएलएम, मटेरियल और डेटा एनालिटिक्स पर काम किया है।



पीएम मोदी एआई स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों के साथ

### भारत एआई में वैश्विक नेता बने

वहीं, फ्रैक्टल एआई के सह-संस्थापक श्रीकांत वेलमाकन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि भारत दुनिया में एआई में एक लीडर बने। इसके लिए जरूरी है कि हम भारत केंद्रित मॉडल बनाए और हर नागरिक को अपनी भाषा में उपलब्ध कराएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर सुबह भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ बैठक की थी। यह बैठक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले हुई है, जो कि अगले महीने भारत में होने वाला है।

### ये एआई स्टार्टअप्स प्रतिनिधि रहे मौजूद

इस बैठक में अवतार, भारत जेन, फ्रैक्टल, गैन, जेनलूप, ज्ञानी, इंटेली हेल्थ, सर्वम, सॉकेट एआई, टेक महिंद्रा और जेंटिक सहित भारतीय एआई स्टार्टअप्स के सीईओ, प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल हुए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी बैठक में उपस्थित थे।

15 फ़रवरी तक पूर्ण होना चाहिए अभियान : मंत्री पटेल

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की होगी जांच

## पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद ने की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय राज्यमंत्री राधा सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभाग की ओर से संचालित समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता जांच का अभियान चलाएं। यह अभियान 15 फ़रवरी तक पूर्ण होना चाहिए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुंचाने की है। योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। समीक्षा बैठक में मंत्री पटेल ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 (जी राम जी) के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं कार्यात्मक तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर सुदृढ़ हो सकें।

**ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान**



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री पटेल।

### फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें

मंत्री पटेल ने अधिकारियों को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे जिलों में किए जा रहे अच्छे नवाचारों को प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जा सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिलों के कार्य निष्पादन के आधार पर मासिक ग्रेडिंग प्रणाली लागू कर ग्रेडिंग सूची जारी करने के निर्देश दिए, जिससे अधिकारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो और कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि 15 फरवरी तक जल स्त्रोतों की सैंपलिंग कर जांच कराई जाए तथा पुनः अप्रैल माह में अनिवार्य रूप से जल गुणवत्ता की समीक्षा की जाए। बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके लिए तकनीकी अमले की ओर से सतत निगरानी रखी जाए।

नकद व लग्जरी कार जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

# रायपुर में ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा (बैटिंग) संचालित करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 50 लाख 35 हजार रुपए नकद के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन, लग्जरी कार सहित करीब 80 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

मामले में करोड़ों रुपए के बैंक खातों को होल्ड कराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

**50.35 लाख नकद सहित बड़ी जब्ती**

*पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50,35,000 रुपए नकद, 2 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, हुंडई टक्सन कार, पासपोर्ट, एटीएम कार्ड, चेकबुक और केलकुलेटर जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 80 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की राशि को होल्ड कराया गया है।*

**सिंधु भवन पार्किंग से हुई गिरफ्तारी**

8 जनवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्र अंतर्गत पाठक हॉस्पिटल रोड स्थित सिंधु भवन पार्किंग के पास एक चारपहिया वाहन में सवार कुछ लोग ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार को घेराबंदी कर रोका। वाहन में सवार चार व्यक्तियों ने पूछताछ में अपना नाम रितेश गोविंदानी, मोह. अख्तर, विक्रम राजकोरी एवं सागर पिंजानी बताया।

प्रदेश से असम को दिए जाएंगे एक जोड़ा बाघ और 6 मगरमच्छ

# असम से 50 जंगली भैंसे 3 साल में, गेंडे का एक जोड़ा और तीन कोबरा लाए जाएंगे मध्यप्रदेश

**जंगली भैंसे की पुनर्स्थापना से जैव विविधता होगी और समृद्ध**

**मुख्यमंत्री की असम के सीएम के साथ हुई बैठक**



सीएम डॉ. यादव ने असम के मुख्यमंत्री सरमा के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को गुवाहाटी प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच में सहमति बनी कि असम से 50 जंगली भैंसे 3 समूहों में 3 साल में, गैंडे का एक जोड़ा और 3 कोबरा मध्यप्रदेश में लाए जाएंगे। इन्हें भोपाल के वन विहार में रखा जाएगा।

मध्यप्रदेश इसके बदले में असम की मांग के अनुसार एक जोड़ा टाइगर और 6 मगरमच्छ देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में चीते के बाद अब भैंस पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। यह प्रयास एक प्रजाति के संरक्षण के साथ ही प्रदेश के जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सफल चीता पुनर्स्थापना के बाद जंगली भैंसों की पुनर्स्थापना से राज्य के जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा। राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण के साथ ही उन प्रजातियों की वापसी के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

**कान्हा टाइगर रिज़र्व जंगली भैंसों के पुनःस्थापन के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र**

देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से किए गए विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि कान्हा टाइगर रिज़र्व जंगली भैंसों के पुनःस्थापन के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। अध्ययन में घास के मैदानों की गुणवत्ता, जल स्त्रोतों की उपलब्धता, मानव हस्तक्षेप की न्यूनता और अन्य शाकाहारी जीवों के दबाव जैसे कारकों का मूल्यांकन किया गया है। मध्यप्रदेश शासन की ओर से इस संबंध में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) तथा भारत सरकार से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पुनर्स्थापन को चरणबद्ध और सुरक्षित ढंग से अंजाम दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने असम के सिल्क विलेज सुआलकुची का किया भ्रमण, रेशम उत्पादन की बारीकियों को जाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को अपने असम प्रवास के दौरान गुवाहाटी के समीप स्थित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के केंद्र सुआलकुची का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने 'सिल्क विलेज' के नाम से विख्यात सुआलकुची पहुंचकर रेशम उत्पादन की प्राचीन और पारंपरिक प्रक्रिया को बेहद करीब से देखा और इस कला की बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुआलकुची में बुनकरों के घरों और कार्यशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि किस तरह यहां की समृद्ध विरासत को सहेजते हुए लगभग हर घर में हाथकरघों (हैंडलूम) के माध्यम से कलाकृतियां उकेरी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बुनकरों से सीधे संवाद कर उनके श्रम और शिल्प कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की पारंपरिक बुनाई तकनीक न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ रीढ़ भी है।

*मूगा रेशम की बुनाई प्रक्रिया का लिया जायजा*



**'पूर्व का मैनचेस्टर' है सुआलकुची**

*गुवाहाटी से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित सुआलकुची को 'पूर्व का मैनचेस्टर' कहा जाता है। यह गांव अपनी विशिष्ट रेशम बुनाई तकनीकों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां मुख्य रूप से तीन प्रकार के रेशम मूगा (सुनहरा), पैट (हाथीदांत जैसा सफेद) और एरी (हल्का बेज) का उत्पादन किया जाता है, जो असम की मूल पहचान हैं।*

**संग्रहालय और वस्त्र कला का किया अवलोकन**

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बस्त्रा उद्यान' और 'आमार सुआलकुची' संग्रहालय का भी दौरा किया। उन्होंने यहां तैयार होने वाले पारंपरिक परिधानों जैसे मेखला चादर, साड़ियां, कुर्ते और गमछे की निर्माण पद्धति को भी समझा। मुख्यमंत्री के इस भ्रमण का उद्देश्य अन्य राज्यों की श्रेष्ठ पारंपरिक कलाओं और कुटीर उद्योगों की कार्यप्रणाली को समझना और उनके अनुभवों से प्रदेश के शिल्प क्षेत्र को लाभान्वित करना है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक कृषि पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपए में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए सिंचाई कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक के ऑनलाइन स्थाई कृषि विद्युत संयोजन के लिए आवेदन शुल्क को मात्र 5 रुपए निर्धारित किया है। यह सुविधा उन मामलों में दी जाएगी, जहां विद्युत लाइन विस्तार की आवश्यकता नहीं होगी।

यह योजना मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में भी जारी है। कंपनी की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार अब तक प्रचलित व्यवस्था में किसानों से ऑनलाइन आवेदन के लिए 2500 रुपए पंजीयन शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही थी। नवीन निर्णय के तहत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया है कि उपभोक्ता की ओर से स्थापित सर्विस लाइन की सुरक्षा नियमों की जांच के उपरांत मात्र 5 रुपए शुल्क में आवेदन स्वीकार किया जाएगा, जबकि शेष सुरक्षा निधि राशि प्रथम विद्युत बिल में समायोजित कर ली जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह निर्णय मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से जारी विनियम-2022 के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है। कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत सुविधा सरल, सुलभ एवं किफायती बनाना है। कंपनी प्रबंधन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन स्थाई कृषि पंप संयोजन जारी करने की कार्रवाई नियमानुसार शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

# कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस 15 जनवरी को

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 15 जनवरी गुरुवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस सुबह 11 बजे से मंत्रालय में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा भी होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे। इसमें कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे। पहले यह कांफ्रेंस नए साल के पहले या दूसरे दिन होना तय हुआ था। इसके बाद इसमें संशोधन हुआ और 5 जनवरी को होना तय हुआ। अब एक बार फिर से इसमें बदलाव हुआ है। अब कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 15 जनवरी को होगी।

पुलिस एवं पत्रकारों का नव वर्ष मिलन समारोह में डीजीपी मकवाणा ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

# मीडिया और पुलिस के बीच समन्वय जनहित से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में नव वर्ष मिलन समारोह आयोजन किया गया। आयोजन पुलिस ऑफिसर्स मेस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने समारोह में पत्रकारों एवं अधिकारियों से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने सभी पत्रकारों से वन-टू-वन संवाद किया, जिसमें मीडिया और पुलिस के बीच समन्वय, सूचना संप्रेषण की भूमिका तथा जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।



समारोह में शामिल डीजीपी मकवाणा

कहा- पूरा धान खरीदो वरना मंत्रियों के घर सजेगी मंडी

# बिलासपुर में कंधे पर धान की बोरी लादकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व बेलतरा विधानसभा के कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी विजय केशरवानी किसानों के साथ कंधे पर धान की बोरी लादकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर से मिलकर तय समय में किसानों के धान खरीदने की मांग रखी।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी भी दी कि यदि किसानों का धान नहीं बिका तो सत्ताधारी दल के विधायक, मंत्री व जनप्रतिनिधियों के घर में किसान अपना धान रखेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की होगी। समर्थन मूल्य पर किसानों की धान खरीदी करने राज्य शासन ने समितियों के लिए प्रतिदिन धान खरीदी का लिमिट तय कर दी है। कम लिमिट होने से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किसानों के प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी नहीं हो पा रही है। इससे किसानों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए यह अंतिम महीना है और 31 जनवरी तक किसानों की धान खरीदी की अंतिम तारीख़ होगी।



एटीएस विहीन जिलों में मैनुअल वाहन फिटनेस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति का आग्रह

**मप्र में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन से जुड़े विषयों पर चर्चा की**

# केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से परिवहन मंत्री ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान परिवहन मंत्री सिंह ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

भेंट के दौरान परिवहन मंत्री श्री सिंह ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1 जनवरी 2026 को जारी पत्र के बारे में केंद्रीय मंत्री गडकरी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिला परिवहन कार्यालयों में वाहनों की मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को समाप्त कर केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से ही फिटनेस परीक्षण कराए जाने का प्रावधान किया गया है।





**मप्र भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य**

वर्तमान में यह व्यवस्था मध्यप्रदेश के 9 जिले ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, सतना, सिंगरौली, देवास एवं धार में संचालित हैं। इन जिलों में वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से ही की जा रही है। उन्हों ने बताया कि मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से एक बड़ा राज्य है, जहां कई जिलों के बीच की दूरी 150 किलोमीटर से अधिक है।

**समय अधिक लगता है**

*ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन विहीन जिलों के वाहन स्वामियों को फिटनेस परीक्षण के लिए अन्य जिलों में वाहन को लेकर जाना पड़ता है। इससे समय अधिक लगता है। यात्री वाहनों के परमिट निश्चित मार्गों एवं क्षेत्रों के लिए जारी किए जाते हैं। यदि यात्री वाहन निर्धारित परमिट मार्ग से भिन्न मार्ग पर फिटनेस परीक्षण के लिए जाते हैं, तो यह वैधानिक रूप से भी अनुचित होगा। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया है कि जब तक राज्य के प्रत्येक जिले में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक एटीएस विहीन जिलों में वाहन स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी जाए।*

मिलावटी पनीर, खोवा और मिठाई बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया

# 97 क्विंटल नकली पनीर हुआ नष्ट, फिर भी रायपुर में बेखौफ खरीदा बेचा जा रहा मिलावट का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य सुरक्षा को खुलेआम चुनौती देते हुए जिले में नकली पनीर और खोवा का गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्रवाई, जब्ती और केस दर्ज होने के बावजूद आरोपी बेखौफ हैं।

हैरानी की बात यह है कि है। यह हालात प्रशासनिक सख्ती की हकीकत उजागर कर रहे हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक वर्ष 2025 में मिलावटी पनीर, खोवा और मिठाई बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 35 स्थानों से पनीर के नमूने लिए गए, जिनमें बड़ी मात्रा में अमानक और एनालाग पनीर पाया गया। लगातार छापामार कार्रवाई में 9,700 किलो नकली पनीर, पनीर और खोवा जब्त कर नष्ट किया गया। टीम ने वार्ड-64 भाठागांव स्थित केएलपी डेयरी एवं मिल्क प्रोडक्ट पर छापा मारा। यहां आउटर इलाके में गोदाम बनाकर बड़े पैमाने पर नकली पनीर बनाया जा रहा था। टीम ने मौके से 1,700 किलो नकली पनीर जब्त किया।



**कागजों में सख्ती, जमीन पर ढिलाई**

लगातार कार्रवाई के दावों के बावजूद फैक्ट्री सील होने के बाद भी दोबारा चालू हो जा रही है। बता दें कि पनीर के सभी प्रकरणों को एडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है। मिलावट माफिया को आपत्ति करने का मौका देकर सैंपल की पुनः जांच कराई जा रही है।

**इन फैक्ट्रियों में हुई कार्रवाई**

- *एसजे डेयरी निमोरा से 4,450 किलो पनीर जब्त।*
- *काशी एग्रो फूड बिरगांव से 500 किलो एनालाग पनीर बरामद।*
- *विवान फूड प्रोफेसर कालोनी से 500 किलो पनीर जब्त किया गया।*
- *दित्य डेयरी से 300 किलो पनीर अमानक पाया गया।*
- *गोपी डेयरी एंड स्वीट्स, बोरियाखुर्द, 900 किलो खोवा, कलाकंद और बर्फी जब्त।*
- *बंसल डेयरी भाठागांव 500 किलो स्किम्ड मिल्क से बना नकली पनीर बनाने की पुष्टि हुई थी।*

अब टू-लेन नहीं बनेगा 'शानदार फोरलेन'

# बिलासपुर को सौगात... 83 करोड़ से संवरेगा कोनी-मोपका बाइपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मोपका-सेंदरी बाइपास की जर्जर सड़क की किस्मत बदलने वाली है। शासन से पहले ही 58 करोड़ की मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट को भविष्य की जरूरतों और बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए फोरलेन बनाने का निर्णय लिया गया है। लोक निर्माण विभाग ने 83 करोड़ रुपये का नया संशोधित प्रस्ताव शासन को भेजा है, जो शहर की यातायात व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**सड़क मरम्मत और चौड़ीकरण का प्रस्ताव**

*मोपका-सेंदरी बाइपास को लेकर पूर्व में केवल सड़क मरम्मत और चौड़ीकरण का प्रस्ताव था। लेकिन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए इसमें बड़े बदलाव का सुझाव दिया। विधायक की पहल पर अब इसे कंक्रीट फोरलेन सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। यह मार्ग मोपका से चिल्हाटी होते हुए सीधे एनएच-49 से जुड़ जाएगा।*

## हाईकोर्ट में याचिका दायर

# होमगार्ड सैनिकों को 62 की जगह 60 वर्ष में सेवानिवृत्त करने को चुनौती

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्रदेश के होमगार्ड सैनिकों को 62 की जगह 60 वर्ष में सेवानिवृत्त करने को चुनौती दी गई है। याचिका पर जल्द सुनवाई होगी।

छिंदवाड़ा निवासी विजय सिंह तोमर, नर्मदापुरम निवासी अमर सिंह और राजेन्द्र व्यास की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार ने मार्च 2018 में गजट नोटिफिकेशन जारी कर राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है। होमगार्ड विभाग ने सरकार को कई बार पत्र लिखकर सैनिकों की सेवानिवत्ति आयु 62 वर्ष करने का निवेदन किया, लेकिन राज्य सरकार ने उसे दरकिनार कर दिया। याचिका में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डायरेक्टर



जनरल होमगार्ड भोपाल और डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड जबलपुर को पक्षकार बनाया गया है। मांग की गई कि अन्य विभागों की भांति होमगार्ड सैनिकों की सेवानिवृत्ति आयु भी बढ़ाई जाए।

## रीवा जिले में लैब टेक्निशियन की नियुक्ति हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रीवा जिले में लैब टेक्निशयिन की नियुक्ति को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने के मामले में जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के निदेशक, रीजनल डायरेक्टर स्वास्थ्य सेवाएं रीवा और कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। रीवा निवासी अमर प्रकाश श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता शिशिर सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। संचालनालय ने याचिकाकर्ता की शैक्षणिक योग्यता माइक्रो बायोलॉजी में होने का तर्क देकर उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी। दलील दी गई कि वहीं कुछ अन्य उम्मीदवारों को नियुक्ति दे दी गई, जिनकी शैक्षणिक योग्यता याचिकाकर्ता के समान थीं।

### हाई कोर्ट में जांच दस्तावेजों के साथ राज्य शासन ने स्टेटस रिपोर्ट पेश कर, कहा

## मऊगंज हिंसा मामले में सीबीआई जांच आवश्यक नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के समक्ष राज्य शासन की ओर से मऊगंज में हुई हिंसा के मामले मेंजांच दस्तावेजों के साथ स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। जिसके जरिए साफ किया गया कि मऊगंज में आदिवासियों परिवारों के साथ हुई हिंसा के मामले में सीबीआई जांच की आवश्यकता नहीं है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन की रिपोर्ट को अभिलेख पर लेते हुए याचिकाकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद नियत की। दरअसल, मऊगंज में आदिवासियों परिवारों के साथ हुई हिंसा को जनहित याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। जनहित याचिकाकर्ता रीवा हनुमना निवासी पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि मऊगंज के ग्राम गडरा में आदिवासी परिवारों की भूमि खाली कराने को लेकर भू-माफियाओं ने मारपीट की थी। पूरे मामले के हिंसक रूप लेने के दौरान जमकर उपद्रव मचा था। जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक एएसआई की भी मौत हो गई थी। इसके बाद माफियाओं ने कई आदिवासी लोगों की हत्या कर दी, इतना ही नहीं एक ही परिवार के तीन लोग फांसी के फंदे पर लटके हुए भी पाए गए थे। आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त हिंसा में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हुई थी, वहीं करीब डेढ से दो सौ आदिवासी परिवार अपना घर बार छोड़कर गायब हो गए हैं, जिनका अब तक कुछ पता नहीं चला है। उक्त मामले की संबंधित अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर सीबीआई जांच की मांग करते हुए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी रीवा, आईजी रीवा, कलेक्टर व एसपी मऊगंज, केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव व सीबीआई को पक्षकार बनाया गया है। हाई कोर्ट ने सुनवाई पश्चात सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। सरकार की तरफ से दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट पेश करते हुए बताया गया कि याचिका में लगाए गए आरोप निराधार हैं। सीबीआई पर पहले ही अतिरिक्त वर्क लोड है। ऐसी स्थिति में सीबीआई की जांच आवश्यक नहीं है।

### ननि और जिला प्रशासन की संयुक्त बड़ी कार्रवाई

## 515 बोरी प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त लगाया 1 लाख रूपये का जुर्माना

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन के साथ नगर निगम ने आज एक बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं निगमायुक्त के कड़े निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में सनातन चैक के पास 17 मंजिल बिल्डिंग पंकज ट्रेडिंग कम्पनी संचालक



प्रकाश रोहरा पिता स्व. गोपीचंद रोहरा के गोदाम में दबिश देकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का बरामद की।

### गोदाम में छिपा था सिंगल यूज प्लास्टिक

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में सनातन चौक के पास 17 मंजिल बिल्डिंग पंकज ट्रेडिंग कम्पनी संचालक प्रकाश रोहरा पिता स्व. गोपीचंद रोहरा के गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण किया गया है। मौके पर पहुंची टीम ने जब तलाशी ली, तो अधिकारियों के भी होश उड़ गए। गोदाम से लगभग 515 बोरी प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई है।

### 1 लाख रुपये का मौके पर जुर्माना

नगर निगम ने न केवल अवैध स्टॉक को जब्त किया, बल्कि पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पक्ष पर 1 लाख रुपये का स्पॉट फाइन भी लगाया। नगर निगम ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शहर की स्वच्छता और नियमों के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने की कार्रवाई

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के दौरान निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की पूरी टीम मैदान पर डटी रही। मौके पर नायब तहसीलदार रमेश कोष्टी, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज व पोलाराव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सचिन जैन, अनंत दुबे, किशन दुबे, अमन चतुर्वेदी, लिपिक संजीव डोनेकर, बाजार विभाग से मोहर्रर व्यंकटेश्वर राव आदि उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन : किसान अब 13 जनवरी तक बुक कर सकेंगे स्लॉट

**जबलपुर।** राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को देखते हुये समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की अवधि 13 जनवरी तक बढ़ा दी है। ऐसे किसान जिन्होंने अभी तक स्लॉट बुक नहीं किये हैं, वे अब 12 और 13 जनवरी को भी स्लॉट बुक कर सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा स्लॉट बुक करने की अवधि 9 जनवरी तय की गई थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र जिले के उन सभी किसानों से 13 जनवरी तक ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक करने का आग्रह किया है, जिन्होंने अभी तक अपनी उपज का विक्रय करने स्लॉट बुक नहीं किये हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक जिले में 55 हजार 091 किसानों ने धान का विक्रय करने अपना पंजीयन कराया गया है और इनमें से अभी तक 51 हजार 609 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक के अनुसार जिले में अभी तक 42 हजार 805 किसानों से 30 लाख 43 हजार 538 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जित मात्रा में से 91.46 प्रतिशत धान का परिवहन भी हो गया है तथा किसानों को अभी तक 482.53 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है।



## महाकौशल कॉलेज व एडू-मेंटॉर्स के बीच एमओयू साइन

**जबलपुर।** विद्यार्थियों के करियर निर्माण, रोजगार के अवसर और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज जबलपुर, शासकीय महाविद्यालय गढ़ा एवं एडू-मेंटॉर्स प्राइवेट लिमिटेड, जालंधर (पंजाब) के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी एवं संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को कृषि विषय से संबंधित कौशल विकास प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, शोध कार्यों में सहभागिता, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्लेसमेंट सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह पहल नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को कौशलयुक्त एवं रोजगारोन्मुखी बनाने में सहायक होगी। इस अवसर पर एडू-मेंटॉर्स के सीईओ आशुतोष बेहरा, शासकीय महाविद्यालय गढ़ा की प्राचार्य डॉ. मनीषा कोल सहित महाविद्यालय के कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## राष्ट्र निर्माण की आधारशिला पर शांताक्का ने दिया संबोधन

**जबलपुर।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के मैदान पर मकर संक्रांति उत्सव और शाखा संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेविकाओं के साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शांताक्का ने अपने संबोधन में कहा कि शाखा, व्यक्ति निर्माण की मूल इकाई है, जो समाज और राष्ट्र के निर्माण में सहायक होती है। उन्होंने अनुशासन और नियमितता के महत्व पर जोर दिया और बताया कि भारतीय संस्कृति, समाज और राष्ट्र का निर्माण शाखा के माध्यम से होता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत को भी साझा किया, जिसमें विश्व को एक परिवार मानने की भावना को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी सिंह ने राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण के विषय पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि आरएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की पवित्र यज्ञशाला है। उन्होंने युवाओं से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया और संकल्प दिलाया कि हर कार्य में भारत प्रथम होगा। कार्यक्रम में प्रांत एवं संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और सभी ने इस आयोजन को अत्यधिक प्रेरणादायक बताया।

## भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**जबलपुर।** भेड़ाघाट चौराहा में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस कथा व्यास पं. मनीषी सीताराम द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की मनोहारी लीलाएं समरसता का साकार स्वरूप हैं, जो हमारे जीवन में प्रेम, अपनत्व और भक्ति का संदेश देती हैं। उन्होंने बताया कि यशोदा मैया को जो यश प्राप्त हुआ, वह माता देवकी को भी प्राप्त नहीं हुआ और मिट्टी खाने की लीला के माध्यम से भगवान ने यशोदा को विश्व दर्शन कराया। इस अवसर पर व्यास पीठ का पूजन पं. शिव गणेश गौतम ने किया। कार्यक्रम में भेड़ाघाट के समाजसेवी अशोक उपाध्याय, दीपांशु शुक्ला, केन्द्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ) डॉ. अरुण मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का शाल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।



## शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय में नेचर फोटोग्राफी कार्यशाला शुरू

**पाटन।** शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय, पाटन में इको क्लब के सहयोग से नेचर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई। कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप बबेले और सुजीत सिंह ने छात्र-छात्राओं को नेचर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं विशाल सिंह एवं उनके सहयोगियों ने प्रायोगिक जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र यादव ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को इस रचनात्मक विधा के महत्व से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. बाजगा अतहर ने किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शानदार गेंदबाजी से नेशनल क्लब मझौली फाइनल में पहुंचा

**मझौली।** श्री विष्णु महाराज कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला नेशनल क्लब मझौली और जम्मू-कश्मीर की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नेशनल क्लब के



कप्तान राहुल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। निचले क्रम में आरव पटेल की तेज़ 35 रनों की पारी की बदौलत नेशनल क्लब 122 रन तक पहुंच सका और जम्मू-कश्मीर को 123 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू-कश्मीर की टीम नेशनल क्लब की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 79 रनों पर ऑलआउट हो गई। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सनोज सिंह (3 विकेट और 12 रन) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के मुख्य अतिथि शिप्रा चौरसिया, पुष्पा चौबे, सुलेखा दहिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 10 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे नरसिंहपुर और सिवनी मालवा के बीच खेला जाएगा।

## गौरव जॉर्जिया के तबलीसी में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**सिहोरा।** जबलपुर शहर के जाने माने कराटे खिलाड़ी एवं कोच गौरव सिंधिया 12 जनवरी तक जॉर्जिया के तबलीसी शहर में होने जा रही वर्ल्ड



कराटे सीरीज ए कराटे प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप की क्वालिफ़ाइंग प्रतियोगिता है। गौरव सिंधिया विश्वामित्र एवॉर्डी स्व.रतन गंभीर के छात्र हैं एवं प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी पवन सिंधिया के पुत्र हैं। गौरव के इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा एवं जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे ने बधाई दी एवं जीतने का आशीर्वाद दिया।

## भेड़ाघाट में अवैध मछली शिकार के चलते नर्मदा की पवित्रता पर संकट



**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में मां नर्मदा के घाटों पर खुलेआम अवैध मछली शिकार का गोरखधंधा जारी है। सरस्वती घाट सहित कई घाटों पर रात में जाल डालकर सुबह तड़के मछली पकड़ी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि भेड़ाघाट को शाकाहारी क्षेत्र घोषित किए जाने के बावजूद इस पर कोई प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। स्थानीय लोगों और नर्मदा भक्तों का आरोप है कि लंबे समय से यह अवैध गतिविधि चल रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे नर्मदा जल की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य को नुकसान पहुंच रहा है। नर्मदा भक्तों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से घाटों पर हो रहे अवैध मछली शिकार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वन मण्डल जबलपुर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि स्व. श्रीमति संतोष कुमारी कौशल पति स्व. श्री जनकराज कौशल मेसर्स हिन्द ट्रेडर्स पता 2352 शारदा चौक जिला जबलपुर (म.प्र.) की मृत्यु दिनांक 23/05/2023 को हो जाने के फलस्वरूप उनके स्वामित्व की एक आरामशीन (माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में क्रमांक 240 ) के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति धारक का नाम विलोपित कर श्री दीपक कुमार कौशल आ.स्व. श्री जनकराज कौशल का नाम दर्ज किये जाने बावद आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर काष्ठ आधारित उद्योगो हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल की की बैठक दिनांक 09/06/2025 में एजेण्डा क्रमांक 1.10 में लिये गये निर्णय अनुसार चूँकि प्रकरण उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति स्थानांतरित करने से संबंधित है। अतः कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक की जारी आरामशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक /JBP/SM/2021/41 में अनुज्ञप्ति धारक का नाम मेसर्स हिन्द ट्रेडर्स प्रो. श्रीमति संतोष कुमारी कौशल पति स्व श्री जनकराज कौशल पता 2352 शारदा चौक जिला जबलपुर (म.प्र.) का नाम दर्ज चला आ रहा है अब नामांतरण आवेदन पर कार्यवाही अनुसार श्री दीपक कुमार कौशल आ. स्व. श्री जनकराज कौशल का नाम म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 के प्रारूप "ग" नियम 4(1) के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था वसीयतधारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति में मूल दस्तावेजो सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में करे। इस अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावे को मान्य नही किया जावेगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**सामान्य वन मण्डल जबलपुर (म.प्र.)**

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों से अधिक तौल व कमीशन का आरोप



**सिहोरा।** समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी के दौरान मझौली क्षेत्र के बटरंगी स्थित श्री योग माया वेयरहाउस महिला खरीदी केंद्र में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि केंद्र महिला समूह के नाम पर संचालित है, लेकिन पर्दे के पीछे पुरुष कर्मचारी पूरा काम संभाल रहे हैं और मनमानी वसूली की जा रही है। किसानों जितेंद्र पटेल, रितेश पटेल, रश्मि पटेल और राजेंद्र पटेल ने कलेक्टर को भेजी शिकायत में बताया कि केंद्र में धान की फिटाई, बोरा भराई, तौल, सिलाई व स्टैग लगाने के नाम पर प्रति क्विंटल 100 रुपये कमीशन लिया जा रहा है। इसके अलावा सूखत के नाम पर प्रति बोरा आधा किलो अतिरिक्त तौल कराई जा रही है। कमीशन देने से मना करने पर सर्वेयर द्वारा धान रिजेक्ट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। किसानों के अनुसार केंद्र पर महिलाओं की मौजूदगी केवल औपचारिक है, जबकि वास्तविक संचालन रूपेश नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जो कथित तौर पर संदीप दुबे का सहयोगी है। आरोप है कि कमीशन न देने वाले किसानों से अभद्रता कर उन्हें केंद्र से भगा दिया जाता है। किसानों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध शराब व अपराधों पर रोक की मांग : बसपा

**जबलपुर।** जिले में अवैध शराब कारोबार, हत्या, लूट व अन्य गंभीर घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पदाधिकारियों ने 9 जनवरी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा को सौंपा। बसपा नेताओं ने नशीले पदार्थों व अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार ने कहा कि यदि 15 दिनों में अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगी तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। नेता बालकिशन चौधरी ने कहा कि शराब के कारण हाल ही में हुई हत्या यह दर्शाती है कि ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। पुलिस प्रशासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर बसपा नेता बालकिशन चौधरी, राकेश चौधरी, जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार, सुरेश बंसकार, लक्ष्मण चौधरी, सुशील राजा अहिरवार, मुन्ना सतनामी, सहित बड़ी संख्या में बसपा समर्थक उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप



### नागिन माता मंदिर में चल रही भागवत कथा

**सिलौंडी।** क्षेत्र के दियागढ़ के जंगलों के बीच स्थित नागिन माता मंदिर में 6 से 14 जनवरी तक सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रवचन कर्ता नीलम मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है कथा का श्रवण करने दूर-दूर से तक नागिन माता मंदिर पहुंच रहे हैं। गत दोपहर कथा का श्रवण करने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह भी पहुंचे जहां विधायक ने मंदिर में पूजन अर्चन कर कथा का श्रवण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,नरेंद्र त्रिपाठी, आशीष चोरसिया ,सरपंच संकेत लोनी ,बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

### सूर्य उपासना का महापर्व गहोई दिवस 18 को

**कटनी।** गहोई वैश्य समाज की सामूहिक बैठक डा. हजारी लाल नौगरहिया सरपंच की अध्यक्षता में मंचासीन वरिष्ठ उपसरपंच ओंकार बहरें कनिष्ठ उपसरपंच डा अशोक चौदहा के सम्मुख्य लिये गये निर्णय अनुसार गहोई दिवस कार्यक्रम के लिये कार्यक्रम संयोजक अशोक सेठिया को नियुक्त किया गया एवं सह संयोजक आषीष कंदेले,नरेन्द्र चौदहा, राकेश सुहाने को दायित्व सौपा गया साथ ही 13 अन्य समितियों का गठन किया गया जिसमें सभी समितियो के संयोजक व सहयोजंक नियुक्त किये गये श्री अन्नपूर्णा समिति के संयोजक ओमप्रकाश छिरौल्या/प्रचार प्रसार समिति संयोजक रवि कस्तवार नियुक्त किये गये बैठक में समाज की सभी समितियों के अध्यक्ष पदाधिकारी व सदस्यगण एवं अन्य सामजिक बंधुजन की उपस्थिति रही जिसमें 16 जनवरी को वाहन रैली ,18 जनवरी को शोभा यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया।

### ऑल इंडिया बार एग्जामीनेशन में आनंद पांडेय उत्तीर्ण

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र की



ग्राम पंचायत मटवारा निवासी ओमप्रकाश पांडेय के सुपुत्र आनंद पांडेय ने ऑल इंडिया बार एग्जामीनेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिवक्ता की डिग्री प्राप्त की है। इस सफलता के साथ ही आनंद पांडेय अब देश के किसी भी न्यायलय मै विधि व्यवसाय करने की पात्र हो गईं है। जानकारी अनुसार ऑल इंडिया बार एग्जामीनेशन मै देशभर से लगभग तीन लाख अभ्यर्थीयो ने भाग लिया था जिनमें से करीब एक लाख अस्सी हजार छात्रों ने सफलता हासिल की। इस सूची में आनंद पांडेय का भी नाम शामिल है, जिसने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### स्वर्णकार समाज ने मांगों की ओर कराया ध्यानाकृष्ट

**कटनी।** सराफा एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय सोनी ने कहा कि सोना-चाँदी के अनियंत्रित दाम और कॉर्पोरेट ज्वेलर्स के एकाधिकार ने छोटे स्वर्णकारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि छोटे कारीगरों को बचाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। श्री सोनी ने बताया कि वर्तमान में स्वर्णकार समाज तीन तरफा मार झेल रहा है। सोने-चाँदी के भावों में अस्थिरता के कारण ग्राहकों की आवक कम हो गई है, जिसका सीधा असर छोटे दुकानदारों पर पड़ा है। सरकारी सिस्टम और नीतियों में जटिलता के कारण पुश्तैनी कारीगर परेशान हैं। स्वर्णकार समाज ने भारत सरकार से जो मांगें की गई हैं उनमें स्वर्णकारों के लिए न्यायसंगत और व्यावहारिक नीतियां बनाई जाएं। छोटे व्यवसायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पारंपरिक कारीगरों को सरकारी संरक्षण और आर्थिक सहायता मिले। सरकार ने जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने समस्त स्वर्णकार समाज से एकजुट होने का आह्वान किया है।

---

### कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश

# जिले में सरसों का रकबा घटने पर जताई नाराजगी 50 हजार हेक्टेयर में फसल बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी समस्त निजी उर्वरक विक्रय संस्थानों का सतत निरीक्षण करें। फसल अवशेष नरवाई के प्रबंधन हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करते हुये कृषकों को हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर क्रय करने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश शुक्रवार को कृषि एवं संबंधित विभागों उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन और कृषि अभियांत्रिकी विभाग आदि के विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में मटर के क्षेत्राच्छादन रकवे में वृद्धि हेतु कार्ययोजना बनाकर अगले वर्ष इसका रकवा 5 हजार हेक्टयर तक बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार कलेक्टर ने जिले में सरसों के रकबे में अपेक्षाकृत कम वृद्धि होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये वर्तमान में जिले में सरसों के रकबे को 24 हजार 650 हेक्टयर से बढ़ाकर 50 हजार हेक्टयर तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा के दौरान उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने सिंचाई क्षेत्र के विस्तार में स्प्रिंकलर का उपयोग बढ़ाने हेतु विभागीय लक्ष्य से दो गुना आवेदन स्वीकृत कराने के निर्देश दिये। बैठक में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में क्लस्टर निर्माण में रकवा बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उद्यानिकी विभाग के परियोजना अधिकारी एस के त्रिपाठी के द्वारा राज्य योजना, एकीकृत वागवानी मिशन, राष्ट्रीय क्रृषि विकास योजना, पर ड्राप मोर क्रॉप पोर्टेबल स्प्रिंकलर, पीएमएफएमई योजनाओं का घटकवार प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया। विभाग की अच्छी प्रगति एवं राज्य तथा संभाग मे शीर्ष 10 के अंदर सभी घटकों मे होने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये शेष कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने विकासखण्ड ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा में हाई वैल्यू क्रॉप चिया, अश्वगंधा, अदरक, हल्दी के क्षेत्राच्छादन में वृद्धि हेतु किसानों का चयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जायद में मूंग के रकबे को कम कर जिले में उड़द, तिल एवं मूंगफली की खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने की हिदायत दिया। साथ ही जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु जिले के किसानों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रेरित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कम प्रगति पर जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक मर्यादित के प्रति नाराजगी जाहिर की एवं समिति के सभी किसान क्रेडिट कार्डधारी कृषकों का फसल बीमा करने हेतु किसानों को समझाईस देने एवं बीमा करने के निर्देश नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक कटनी को दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने मत्स्य विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत जिला सहकारी बैंक मर्यादित कटनी के नोडल ऑफिसर को मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत तथा वितरण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले मे केज कल्चर पद्धति से मत्स्य उत्पादकता मे वृद्धि करने के उद्देश्य से केज स्थापना करने हेतु निर्देश दिये तथा जिले मे निर्माणाधीन स्मार्ट फिश पार्लरों का शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की मौजूदगी रही।

---



# रैन बसेरा में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में जनहित एवं सामाजिक कल्याण की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए गुरुवार 8 जनवरी की रात्रि बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल, रैन बसेरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता,आश्रय स्थल प्रभारी अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व उप निरीक्षक सनीष रजक सहित आश्रम स्थल में पदस्थ कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की विशेष उपस्थिति रही।

शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा रैन बसेरा में ठहरे लगभग 58 हितग्राहियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में रैन बसेरा में रात्रि गुजर करने वाले उपस्थित मुसाफिरों जरूरतमंद नागरिकों के साथ-साथ आश्रय स्थल के संचालन एवं संधारण कार्य में संलग्न कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच, रूटीन हेल्थ चेकअप सहित अन्य सामान्य रोगों की विस्तृत जांच की जाकर आवश्यक परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आश्रय स्थल में आने वाले मुसाफिरों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना रहा। नगर पालिक निगम कटनी एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त सहयोग में आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जनस्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

---

### शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

# विद्यार्थी शिक्षा के साथ रोजगार की ओर भी बढ़ाये कदम ताकि बन सके स्वाबलंबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बनने की दिशा मे आत्मनिर्भर बन परिपक्व बनने की ओर कदम बढ़ाए तभी शिक्षा की सार्थकता सही होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय स्तरों पर रोजगारनमुखी प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित करता है।जिससे विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रोजगार की ओर बढ़े। उक्त बातें प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे आयोजित हुये शुक्रवार रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कही।प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने बतलाया कि महाविद्यालय मैं छात्र- छात्राओं को समय -समय पर रोजगारनमुखी प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तहत दिया जा रहा है।शुक्रवार को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रीत नेगी के निर्देशन में उन्नती फाउंडेशन ( इंफोसिस) बैंगलोर की ओर से ट्रेनिंग ऑफिसर विभांशु तिवारी द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पीकिंग, सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, साक्षात्कार कौशल, जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) ,साइबर सेक्यूरिटी एवं नौकरी के लिए आवश्यक कौशल के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

30 दिवस के प्रशिक्षण में जुलाई से अब तक 7 बैच में कुल 215 विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण और प्रभावशाली व्यक्तित्व का निर्माण किया गया। विभांशु तिवारी द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्रों को प्लेसमेंट हेतु निरंतर जानकारी प्रदान की जा रही है एवं महाविद्यालय छात्रों को नौकरी प्रदान करने हेतु तत्परता से प्रयास किया जा रहा है।

---

### छोटा कछार गांव में देवी जागरण का हुआ आयोजन



छोटा कछारगांव में धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। यज्ञ के विधिवत समापन के उपरांत आयोजित इस देवी जागरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया । कार्यक्रम का मंच संचालन सोलू पटेल द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया देवी जागरण के दौरान भजन-कीर्तन और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा । सोलू पटेल के भजन गायन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सराबोर कर दिया, जिस पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और नृत्य करते नजर आए । इस अवसर पर सरपंच छोटा कछारगांव राजेश राय सहित नंदू पटेल, दमोदर पटेल, सत्यम उपाध्याय एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग किया और माता रानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की । देवी जागरण कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि गांव में सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया ।

---

# इंदिरा ज्योति अभियान के जरिए कांग्रेस ने किया संविधान की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्यक अभियान के अंतर्गत संचालित इंदिरा ज्योति अभियान समारोह का आयोजन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में इंदिरा ज्योति अभियान यात्रा में शामिल वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का कटनी आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अभियान यात्रा में शामिल राजेंद्र मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री तथा भास्कर राव रोकड़े, राष्ट्रीय समन्वयक ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

इस दौरान नेताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 12 जुलाई 2024 को प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने संबंधी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई, जो पूरी तरह से राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ मनगढ़ंत और तथ्यहीन दुष्प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। नेताओं ने स्पष्ट किया कि इंदिरा ज्योति अभियान का उद्देश्य संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और ऐतिहासिक तथ्यों की रक्षा करना है। अभियान के माध्यम से आम जनता, विशेषकर युवाओं को संविधान की मूल भावना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ उन्मुखीकरण

# दीक्षा ऐप शिक्षण अधिगम को किस प्रकार समृद्ध कर सकता है, हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कटनी में प्राचार्य एमपी डुंगडुंग के निर्देशन में प्राथमिक शाला के शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में विकासखंड कटनी रीठी और बड़वारा तथा द्वितीय चरण में बहोरीबंद ढीमरखेड़ा तथा विजयराघवगढ़ के शिक्षक सम्मिलित हुए। उन्मुखीकरण में जानकारी देते हुए डाइट से शैक्षिक संवाद प्रभारी राकेश सिन्नरकर ने बताया कि सत्र 2025 -26 में अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक प्रतिमाह प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन किया जा रहा है. इसमें द्वितीय शनिवार को कक्षा 1 से 2,तृतीय शनिवार को कक्षा 3से 5 तथा चतुर्थ शनिवार को कक्षा 6 से 8 का शैक्षिक संवाद आयोजित किया जाता है। इस माह 10जनवरी को कक्षा 1 से 2, 17 जनवरी को कक्षा 3 से 5 तथा 31 जनवरी को कक्षा 6 से 8 का शैक्षिक संवाद आयोजित किया जायेगा। प्राथमिक शाला हेतु शैक्षिक संवाद की थीम कक्षा 1 से 2 और कक्षा तीन से पांच में जोड़ घटाव शाब्दिक / इबारती प्रश्नों पर कार्य होगी।

राज्य से प्रशिक्षित सहजकर्ताओं निधि चतुर्वेदी, सपना मिश्रा ने दिसंबर माह के शैक्षिक संवाद के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए डैशबोर्ड के आधार पर पिछले संवाद की समीक्षा, प्रभावी चर्चा हेतु साझा नियम, महत्वपूर्ण बिंदुओं का दोहराव, शैक्षिक संवाद के आयोजन के मुख्य उद्देश्य, डिजाइन सिद्धांत, पोस्ट वर्क, मिशन अंकुर के अंतर्गत प्राप्त शिक्षण सामग्री का शाब्दिक प्रश्नों पर कार्य हेतु प्रभावी उपयोग, वार्म अप कार्य, पाठ योजना पर चर्चा, प्रस्तुतीकरण के लिए चर्चा प्रश्न, शाब्दिक प्रश्न-- बच्चों की चुनौतियां एवं रणनीतियां, केस स्टडी, कक्षा प्रबंधन रणनीति,-बहुत स्तरीय अधिगम हेतु, पर चर्चा, संवाद का समेकन और प्रतिभागियों द्वारा सीख साझा करना, प्रतिभागियों को पोस्ट वर्ग देना आदि बिंदुओं पर सार्थक चर्चा की। डाइट से प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र असाटी ने दीक्षा एप के माध्यम से कोर्स पूर्ण करने पर चर्चा करते हुए दीक्षा ऐप हमारे शिक्षण अधिगम को किस प्रकार समृद्ध कर सकता है पर भी चर्चा की। साथ ही प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में तीन चिन्हित शालाओं को निपुण बनाने की दिशा में आवश्यक प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा की।

---

### कैलवारा फाटक तक सड़क डामरीकरण से आवागमन होगा सुगम

# 34.65 लाख से होने वाली डामरीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास को गति देने के उद्देश्य से निरंतर जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार 8 जनवरी को राम मनोहर लोहिया एवं इंदिरा गांधी वार्ड अंतर्गत कैलवारा फाटक तक सड़क के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्रीय उपयंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि यह महत्वपूर्ण विकास कार्य लगभग 34 लाख 65 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी एवं क्षेत्रीय पार्षद उमेन्द्र अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बना दिया।

#### विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी – महापौर

महापौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में बालाजी नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य पूर्ण कराकर नागरिकों को समर्पित किए गए हैं, और आज कैलवारा फाटक तक सड़क के डामरीकरण कार्य की शुरुआत उसी विकास यात्रा का अगला चरण है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता थी। सीवर लाइन कार्य के कारण इस सड़क के निर्माण में कुछ विलंब अवश्य हुआ, किंतु अब सभी अड़चनें दूर कर ली गई हैं और कार्य को तीव्र गति से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया करने के प्रयास किए जाएँगे। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के नागरिकों को जाम, धूल एवं आवागमन की समस्याओं से राहत मिलेगी।

महापौर ने यह भी कहा कि शिवाजी नगर स्थित सूर्या होटल गली की आवागमन व्यवस्था को दुरुस्त करना अगला लक्ष्य है, जिसके लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि शहर के हर नागरिक को बेहतर सड़क, स्वच्छ वातावरण एवं सुविधाजनक यातायात उपलब्ध कराया जाए।साथ ही महापौर ने उपस्थित नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करने और विकास कार्यों में सहयोग देने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि कैलवारा फाटक तक सड़क के डामरीकरण से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के आधार पर आमजन का जीवन स्तर बेहतर बनाया जा सकेगा। क्षेत्रीय पार्षद ने कहा कि कैलवारा फाटक तक सड़क का डामरीकरण क्षेत्रवासियों की आवश्यकता थी, जिसे नगर निगम द्वारा पूरा किया जा रहा है। इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी।

---

# अलाव की व्यवस्था हेतु रोजाना पहुंचाई जा रही जलाऊ लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए निगम के रैन बसेरा वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण कर सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरों में सुरक्षित रूप से शिफ्ट करने का कार्य अनवरत जारी तापमान में लगातार गिरावट के चलते रात के समय ठंड से परेशान राहगीरों, श्रमिकों एवं बेसहारा नागरिकों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम की टीम ने पोला ग्राउंड, मानसरोवर बस स्टैंड, राजीव गांधी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर एवं रेलवे ब्रिज के नीचे सो रहे लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया, ताकि वे शीत लहर के प्रकोप से सुरक्षित रह सकें।

नगर निगम द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित रैन बसेरों में महिलाओं एवं पुरुषों के ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। यहां रहने वाले लोगों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। रैन बसेरों में, कंबल, धुली हुई चादर, रजाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न जरूरी प्वाइंटों में अलाव की भी व्यवस्था की गई है, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

माधवनगर तांगा स्टैंड, झिंझरी स्थित दिव्या मेडिकल स्टोर के पास, रैन बसेरा बस स्टैंड, आजाद चैक, आडिटोरियम फायर बिग्रेड कार्यालय, चांडक चैक जगन्नाथ मंदिर, महाकाल गली चांडक चैक, एस.बी.आई ओवर ब्रिज के नीचे, जौहर गली काली माता मंदिर के पास, नालंदा स्कूल दुर्गा मंदिर के पास, जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्थानों में लकड़ी गिराई गई।

## खबर संक्षेप

### सेबी का निवेश कोषों के लिए रिपोर्टिंग प्रारुप जारी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) द्वारा विशेषीकृत निवेश फंडों (एसआईएफ) की रिपोर्टिंग के तरीके में एकरूपता लाने के मकसद से एक अनुपालन रिपोर्टिंग का प्रारूप जारी किया है। अनुपालन परीक्षण रिपोर्ट के प्रारूप को संशोधित किया गया है।

### बाटा इंडिया की होसुर संयंत्र के लिए वीआरएस योजना

**कोलकाता।** बाटा इंडिया लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने तमिलनाडु के होसुर में बाटा शतक विनिर्माण इकाई में सभी योग्य कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना (वीआरएस) लाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि यह उसके जारी पुनर्गठन अभियान का हिस्सा है। वीआरएस से कर्मचारियों और कंपनी दोनों को परस्पर लाभ होने की उम्मीद है।

### सॉफ्टबैंक ने ओला इलेक्ट्रिक में अपनी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** जापान की बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ने अपनी निवेश कंपनी एसवीएफ II ऑस्ट्रिच एलएलसी के जरिये ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपनी 2.15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। एसवीएफ II ओसट्रिच एलएलसी ने तीन सितंबर 2025 और पांच जनवरी 2026 के बीच कई चरणों में ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के कुल 94,628,299 शेयर बेचे हैं।

# कुशल श्रमिक अब विमान से जा रहे काम पर, मिट रहा वर्ग भेद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

- भारत की अर्थव्यवस्था में आ रही बदलाव का प्रतीक

उत्तर प्रदेश के रायबरेली के 19 वर्षीय निर्माण श्रमिक लव कुश अपने कार्यस्थल पर पहुंचने के लिए दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाले विमान में अपने स्मार्टफोन के साथ व्यस्त दिखे। यह उनके जीवन की दूसरी हवाई यात्रा थी। आमतौर पर ट्रेन या सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले कुश की कहानी भारत की अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव का प्रतीक है।

यहां विशेष 'ब्लू-कॉलर' (शारीरिक श्रम से जुड़े कार्य) कौशल की मांग इतनी अधिक हो गई है कि कंपनियां अब श्रमिकों को देश के एक कोने से दूसरे कोने तक विमान से भेज रही हैं। यह बदलाव पारंपरिक वर्गीय सीमाओं को मिटा रहा है। कक्षा आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले एक किसान के बेटे कुश पिछले एक साल से 'एकेजी शटरिंग' के साथ काम कर रहे हैं और प्रति माह 15,000 रुपए कमाते हैं।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र में तेजी से आ रहा है यह बदलाव

### विशेष कौशल ने बनाया मूल्यवान

शटरिंग (छत की ढलाई से पहले तैयार अस्थायी ढांचा) के काम में उनके विशेष कौशल ने उन्हें इतना मूल्यवान बना दिया है कि उनके नियोक्ता उन्हें देश भर के विभिन्न स्थलों पर तैनात करने के लिए हवाई टिकट एवं आवास का खर्च भी वहन करते हैं। यह रुझान अर्थव्यवस्था में हो रहे व्यापक बदलावों को दर्शाता है, जहां अवसंरचना पर खर्च और तेजी से होते शहरीकरण ने कुशल श्रमिकों की भारी कमी उत्पन्न कर दी है।



*समय की कमी से अब रेल यात्रा महंगी : यह बदलाव केवल व्यक्तिगत कहानियों तक सीमित नहीं है। उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि श्रमिकों को विमान से यात्रा करना दो बातों को रेखांकित करता है... कुशल श्रम की कमी और धीमी रेल यात्रा के कारण काम के घंटों का नुकसान जो हवाई टिकट की तुलना में अधिक महंगा पड़ता है।*

*श्रमिकों के लिए यात्रा शानदार अहसास : इन श्रमिकों का आत्मविश्वास स्पष्ट था, लेकिन हवाई यात्रा के नियमों और शिष्टाचार से उनकी अनभिज्ञता भी झलक रही थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के एक किसान के पुत्र अशोक दीप शर्मा ने कहा, "पहले हम रेलगाड़ी से यात्रा करते थे। यह मेरी पहली हवाई यात्रा है। विमान से यात्रा करना एक शानदार अहसास है।"*

*अब श्रम को भी लाभ मिल रहा : विमान से उतरने के बाद श्रमिकों ने कार्यस्थल की ओर बढ़ने से पहले विमान के सामने अपनी तस्वीरें लीं। यह भारत के बदलते आर्थिक परिदृश्य का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण क्षण था, जहां श्रम बल को भी वैसे ही लाभ मिल रहे हैं, जो कभी कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए आरक्षित थे।*

### पहले खचाखच भरे ट्रेन के डिब्बों में करते थे यात्रा

निर्माण श्रमिक, जो कभी खचाखच भरे ट्रेन के डिब्बों में यात्रा करते थे, अब हाथ में स्मार्टफोन लिए विमानों में कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों के साथ बैठते हैं। कुश के साथ उनके नौ सहकर्मी भी थे, जो सभी पहली बार हवाई यात्रा कर रहे थे। वे एक परियोजना स्थल पर जा रहे थे, जहां वे साढ़े तीन महीने तक काम करेंगे।

## कर्ज में डूबी संकटग्रस्त कंपनी वीआई को मिली लाइफलाइन

# वोडाफोन आइडिया को राहत, अगले छह वर्ष तक चुकाने होंगे प्रति वर्ष 124 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया को सरकार ने राहत देते हुए अगले छह वर्ष में बकाया राशि को चुकाने के लिए वार्षिक भुगतान की सीमा 124 करोड़ रुपये तय कर दी है, जिससे निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में आसानी होगी।

वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) से प्राप्त एक सूचना का हवाला देते हुए शेयर बाजार को बताया कि मार्च 2032 और मार्च 2035 के बीच वार्षिक भुगतान की राशि को घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की शेष राशि का भुगतान मार्च 2036 से शुरू होकर छह वर्षों तक वार्षिक रूप से समान किस्तों में करना होगा। सरकार ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर 31 दिसंबर को सहमति जतायी थी जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा।

### अगले दस वर्ष में 1,144 करोड़ का करेगी भुगतान

कुछ लोगों को उम्मीद थी कि मंत्रिमंडल एजीआर बकाया का कुछ हिस्सा या शायद पूरा ही माफ कर देगा। हालांकि इसके बजाय, मंत्रिमंडल ने बकाया राशि पर रोक लगाने का फैसला किया जिससे कंपनी को समय मिल सके। वोडाफोन-आइडिया अगले 10 वर्ष में सरकार को 1,144 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। शेष समायोजित सकल राजस्व बकाया जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 87,695 करोड़ रुपये पर स्थिर कर दिया है का भुगतान मार्च 2036 से शुरू करेगी।

- अगले छह वर्ष में बकाया राशि कंपनी को चुकानी होगी
- निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में होगी आसानी
- मार्च 2032 और 2035 के बीच राशि को घटाकर 100 करोड़ किया जाएगा

### सुप्रीम कोर्ट के आधार पर दिया गया अंतिम रूप

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इन बकाया राशियों के अलावा, वर्ष 2017-18 और 2018-19 के एजीआर बकाया जिन्हें सितंबर 2020 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के आधार पर अंतिम रूप दिया गया था..अब बिना किसी बदलाव के 2025-26 से 2030-31 वित्तीय वर्ष में चुकाने होंगे। यह वार्षिक भुगतान 124 करोड़ रुपये बनता है।

### 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी

इन कदमों से दूरसंचार कंपनी में 48.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सरकार के हितों की रक्षा होगी। साथ ही स्पेक्ट्रम नीलामी शुल्क और एजीआर बकाया के रूप में केंद्र को देय राशि का व्यवस्थित भुगतान सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वीआईएल इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में बनी रहेगी और उसके 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

### मुख्य कारण कड़ी प्रतिस्पर्धा

वोडाफोन-आइडिया लंबे समय से वित्तीय संकट से जूझ रही है जिसका मुख्य कारण कड़ी मूल्य प्रतिस्पर्धा, भारी कर्ज एवं एजीआर की परिभाषा में बदलाव के कारण उत्पन्न भारी एजीआर देनदारियां हैं। कंपनी लगातार घाटे, घटते ग्राहक आधार और नेटवर्क विस्तार में निवेश करने की सीमित क्षमता से जूझ रही है जबकि प्रतिद्वंद्वी कंपनियां 4जी और 5जी नेटवर्क को तेजी से पेश कर रहे हैं।

### एजीआर की बकाया राशि को रोक दिया जाएगा

कंपनी ने कहा कि हालांकि 31 दिसंबर तक 2006-07 से 2018-19 की अवधि के लिए मूलधन, ब्याज, जुर्माना एवं जुर्माने पर ब्याज सहित संपूर्ण एजीआर बकाया राशि को रोक दिया जाएगा और विभिन्न किस्तों में देय होगी।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश दिसंबर में छह प्रतिशत घटा, एसआईपी में बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- उद्योग निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े
- निवेश मासिक आधार पर घटकर 28,054 करोड़ रुपए

इक्विटी म्यूचुअल फंड में दिसंबर में निवेश मासिक आधार पर छह प्रतिशत घटकर 28,054 करोड़ रुपये रहा। उद्योग निकाय एम्फी ने इस संबंध में शुक्रवार को आंकड़े जारी किए। इक्विटी निवेश में कमी के साथ-साथ म्यूचुअल फंड उद्योग के समग्र परिसंपत्ति आधार में मामूली गिरावट आई।

इससे प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह ऋण योजनाओं से भारी निकासी के प्रभाव को दर्शाता है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेंकट एन. चालसानी ने कहा, "उद्योग के एयूएम में आई कमी मुख्य रूप से नगदी प्रबंधन के लिए बॉन्ड यानी निश्चित आय वाले कोष से निकासी और सीमित बाजार-संबंधित मूल्य परिवर्तनों के कारण हुई। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग ने दिसंबर में 66,591 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जानकारी दी। इसका मुख्य कारण निश्चित आय वाली योजनाओं से भारी मात्रा में निकासी थी जबकि इक्विटी एवं गोल्ड फंड निवेशकों को आकर्षित करते रहे। इक्विटी निवेश में हालांकि नवंबर के 29,911 करोड़ रुपये की तुलना में क्रमिक रूप से नरमी आई, फिर भी यह अक्टूबर के 24,690 करोड़ रुपये से अधिक रहा।

### निवेशकों ने गिरावट को अवसर समझा

आनंद राठी वेल्थ के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा, " आंकड़ों से पता चलता है कि निवेशकों ने बाजार में आई गिरावट को लगातार अधिक निवेश करने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल एसआईपी योगदान 3.34 लाख करोड़ रुपये रहा जो अल्पकालिक अटकलों के बजाय दीर्घकालिक इरादे एवं विश्वास को दर्शाता है।"

## जेएसडब्ल्यू स्टील का उत्पादन 6 फीसदी बढ़ा...



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्टील का अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में एकीकृत इस्पात उत्पादन सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 74.8 लाख हो गया। कंपनी का कच्चे इस्पात का उत्पादन अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 70.3 लाख टन रहा था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि विजयनगर स्थित ब्लास्ट फर्नेस 3 (बीएफ3) की क्षमता को बढ़ाने के लिए सितंबर 2025 के अंत से इसे बंद कर दिया गया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के अंत तक इसके चालू होने की उम्मीद है। इसके परिणामस्वरूप, चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में भारतीय परिचालन क्षमता प्रभावित हुई।

# डीजीसीए ने इंडिगो की अपील की खारिज

- पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों का एयरलाइंस पर आरोप
- योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में विफल रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि एक अपीलीय प्राधिकरण ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। यह जुर्माना कुछ हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया था। पिछले साल सितंबर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। डीजीसीए अपीलीय प्राधिकरण ने सात जनवरी के एक आदेश में इस अपील को खारिज कर दिया है।

*जुर्माना श्रेणी सी के प्रशिक्षण के लिए : नियामक ने यह जुर्माना 'श्रेणी सी' के हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का उपयोग करने में एयरलाइन की कथित विफलता के कारण लगाया था। आमतौर पर, पायलटों को 'श्रेणी सी' के हवाई अड्डों से उड़ानों के संचालन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, क्योंकि वहां परिचालन संबंधी चुनौतियां हो सकती हैं।*

### विदेशी मुद्रा भंडार में 9.81 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि दो जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर रहा था। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.62 अरब डॉलर घटकर 551.99 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है।

# भारत से एआई सर्वर डिजाइन निर्माण एवं निर्यात करेगी लेनोवो

एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

- एक प्रमुख निर्यात केंद्र में बदलने की योजना बना रही

वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी लेनोवो, भारत को अपने बुनियादी ढांचा कारोबार के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र में बदलने की योजना बना रही है। इसके तहत वह वैश्विक बाजारों के लिए देश में कृत्रिम मेधा (एआई) सर्वर डिजाइन एवं विनिर्माण करेगी। 'सीईएस 2026' के दौरान कंपनी के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक स्कॉट टीज ने कहा कि कंपनी अपने बेंगलुरु स्थित विकास प्रयोगशाला का उपयोग 'एआई सर्वर सिस्टम' तैयार करने के लिए करेगी जिनका बाद में पांडिचेरी स्थित संयंत्र में घरेलू खपत एवं निर्यात दोनों के लिए विनिर्माण किया जाएगा।

टीज ने कहा, " हम अपने कई 'सिंगल एंड टू-सॉकेट सिस्टम' को भारत में ही तैयार करने जा रहे हैं... इन्हें भविष्य में एआई के मुख्य आधार के रूप में समझिए। हम इन्हें भारत में ही तैयार करेंगे। डिजाइन एवं इंजीनियरिंग पूरी होने के बाद हम इनका विनिर्माण भी यहीं करेंगे। यह लेनोवो की 'वैल्यू चेन' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा...। टीज ने कहा, " भारत में हमारा प्राथमिक ध्यान भारत के लिए भारत पर केंद्रित है। भारत में मोबाइल फोन और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का सफलतापूर्वक विनिर्माण पहले से ही हो रहा है और इसमें बड़ी सफलता मिली है।




### उद्योगों को एयर कूलिंग से दूर जाना होगा

*यह एक राष्ट्र द्वारा अपनी घरेलू 'कंप्यूटिंग' क्षमता का विनिर्माण करने की अवधारणा है। एआई डेटा केंद्रों की भारी ऊर्जा खपत से संबंधित पर्यावरणीय चिंताओं पर टीज ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग को पारंपरिक 'एयर कूलिंग' से दूर जाना होगा। उन्होंने कहा कि सामान्य डेटा केंद्रों में, एयर कंडीशनिंग से लागत में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।*

### लेनोवो नेपच्यून को बढ़ावा दे रहा

लेनोवो 'लिक्विड कूलिंग प्रौद्योगिकियों (लेनोवो नेपच्यून) को बढ़ावा दे रहा है जो ऊर्जा की खपत को लगभग 40 प्रतिशत तक कम करती हैं तथा अपशिष्ट ऊष्मा को अन्य उद्देश्यों के लिए पुनर्चक्रित करने की अनुमति देती हैं।


**IFFDC इंडियन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को-ऑपरेटिव लि.**
Preserving Nature.. Nurturing Lives
एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, भोपाल (म.प्र.)

दिनांक : 09.01.2026

**निविदा सूचना**

हमारी संस्था आई.एफ.एफ.डी.सी. को जबलपुर (म.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) संभाग के पंजीकृत बीज उत्पादकों से प्रमाणित धान बीज प्रजाति MTU & 1010 & IR & 64 मात्रा 5000 क्विं. क्रय करना है, इस हेतु निविदा फार्म 30.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03.00 बजे निविदाएँ खोली जायेगी। इच्छुक पार्टियां निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उपरोक्त पते पर प्राप्त कर सकती है।

परियोजना प्रबंधक

**नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
घड़ी चौक, विजयनगर, जबलपुर (म.प्र.), मुख्य कार्यालय-दीवान बहादुर वल्लभ दास महल हनुमानताल, जबलपुर (म.प्र.) पिन 482002,
ई-मेल: narmadacollege.jbp@gmail.com | M.9300101200

**बी.ए., बी.कॉम हेतु आवश्यकता है**

महाविद्यालय में कॉलेज कोड 28 के तहत UGC तथा म.प्र. शासन के आरक्षण नियम के अनुसार बी.ए., बी.कॉम के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | पद | पद संख्या | अपेक्षित विषय | न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 | - | पी.जी.डिग्री एवं दस वर्षों का शैक्षणिक अनुभव एवं पी.एच.डी. डिग्री अनिवार्य |
| 02 | सहायक प्राध्यापक बी.ए. एवं बी.कॉम | 02 | अंग्रेजी, हिन्दी | सम्बंधित विषय में पी.जी. डिग्री 55 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण एवं नेट/स्लेट अनिवार्य,पी.एच.डी. को प्राथमिकता |
| 03 | सहायक प्राध्यापक बी.ए. | 05 | समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र | |
| 04 | सहायक प्राध्यापक बी.कॉम | 04 | वाणिज्य | |

नोट- उपरोक्त पदों पर चयन यू.जी.सी. के नियम के आधार पर किया जायेगा। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव सम्बंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतिलिपि 2 सेट में दो फोटो सहित मुख्य कार्यालय के पते पर संचालक के नाम से दिनाँक 17.01.2026 तक आवेदन कर सकते हैं अथवा उपर दिये गये ई-मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333.
ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

अल्पकालीन निविदा सूचना क्र.36 वर्ष 2025-26 — जबलपुर दिनांक 05/01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-36**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_473264_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1एवं 2, जबलपुर के अधीन विभिन्न मार्गो में अल्पकालिक रखरखाव कार्य । कुल लंबाई 31.10 कि.मी. (1) खितौला उमरियापान मार्ग लंबाई 10.00 कि.मी. (2) मझगवां बघराजी मार्ग लंबाई 13.00 किमी (3) पनागर मुड़िया पड़ौरा सलैया मार्ग लंबाई 6.20 कि.मी. (4) कुसली रसईया मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. (5) सदाफल पहुंच मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. (6) सूपावारा पड़रिया मार्ग लंबाई 1.30 कि.मी. | प्रथम | 32.04 | 50000/- | 5000/- | 12 माह वर्षा ऋतु सहित |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 20/01 /2026 समय 17.30 बजे तक है । इलेक्ट्रानिक ई.एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें । (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-24149/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रं. -2, जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक32/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण-सूचना** बालाघाट, दिनांक 05.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_473315 | बालाघाट | एस. टी.एम.सी. के अंतर्गत उक्त 15 मार्गो का संधारण कार्य-1. झालीवाड़ा बासी असेरा जरामोहगांव रोड लंबाई-13.40 किमी. 2. मिरगपुर-गुडरू-मोहगांव-झझांगी-आगरवाड़ा नंदलेसरा-अगासी रोड लंबाई-3.50किमी. 3. कुम्हली-कटोरी-चोरपिंडकेपार-रानीमोहगांवघाट-मिरगपुर रोड लंबाई-8 00 किमी. 4.कोस्ते-कासपुर रोड लंबाई-2.00 किमी 5. सालेटेका-कचेखनी रोड लंबाई-1.30 किमी 6. महकेपार पहुंच मार्ग लंबाई -1.00 कि.मी.7. मोहझरी चिखलामाली रोड लंबाई -1.80 किमी. 8.थानेगांव मेहदुली रोड लंबाई-1.00 कि मी 9. नगपुरा से नक्कटोला देवगांव रोड (लंबाई-3.00 किलो मीटर) 10.निलजी धरपीवाड़ा बल्हारपुर रोड (लंबाई 3.5 किमी) 11. लवादा से बोटा रोड (लंबाई 2.00 किलोमीटर) 12. बिरसोला निलजी खमरिया खुरसोड़ी रोड (लंबाई 7.64 किमी.) 13. बोड्रा मानुटोला रोड ( लंबाई 1.8 किमी.) 14. बालाघाट रेल्वे फीडर रोड लंबाई -1.10 किमी 15. कटेदरा तिरोड़ी खवासा रोड लंबाई -23.21 किमी | प्रथम आमंत्रण | 59.71 | 59710.00 | 10000.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | कुल योग | 59.71 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21/01/2026 (17.30) बजे निर्धारित है । निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है ।

कार्यपालन यंत्री,
G-24129/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

**Police Headquarters, Chhattisgarh Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, 492002**

No. PHQ/CID/Store/134 (A) /2026 — **Tender Inviting for Fuming Chamber** — Nava Raipur, Dated: 08/01/2026

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Original Equipment Manufacturers (OEM) or authorized by OEM for the following item-

| SL. No. | Name of Items | Qty | EMD in Rs |
|---|---|---|---|
| (1) | Fuming Chamber | 01 | 5,400/- |

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

SCHEDULE FOR TENDER

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document :- | AIG of Police (CID), Police Headquarters, Chhattisgarh,Sector 19, Nava Raipur-Atal Nagar, Chhattisgarh, Pin - 492002 |
| (b) | Last Date and Time of Submission on Bids | 23/01/2026 till 03:00 pm Block No.- 02, Room No. 203, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (c) | Date, Time and Place of opening Technical Bid :- | 23/01/2026 at 04:00 pm Block No.- 02, Room No. 203, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (d) | Date, Time and Place of opening Financial Bid :- | Shall be intimated later. |
| (e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

Note:- 1. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee 500/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (Other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favour of Director General of Police PHQ, C.G. Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 500/- to be deposited in the Head of A/c 0055-Police, 800- other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition. 2. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03:00 pm on dt. 23/01/2026 at Block No. 03, Room No. 309 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted. 3. The purchaser shall not be responsible for any postal delay resulting into non-receipt/non-delivery or late receipt of tender documents. 4. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. 5. Any modification/amendment/corrigendum, if required, shall not be advertised in newspapers but shall be published only on the aforesaid website. The time for submission of bids shall also be extended, if required.

G-252605941/2
AIG of Police (CID)
For Director General of Police

## चिंतन

# अमेरिका ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतरा

भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर बिलबिला रहा अमेरिका अब ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका लगातार भारत को लेकर गलत बयानबाजी कर रहा है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी बयानबाजियों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। हालांकि भारत लगातार संयमित तरीके से जवाब दे रहा है। अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ ट्रेड डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है, बल्कि इसका कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना है। इस मामले से जुड़े जानकार इसे ट्रम्प के 'ईगो' से जोड़कर देख रहे हैं। वह मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे, जो भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं की। उधर, भारत ने अमेरिकी मंत्री के बयान को झूठा और गलत बताते हुए इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। 'भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं। भारत बेनिफिशियल ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता है। मोदी-ट्रम्प की 8 बार बातचीत से साफ है कि लीडरशिप लेवल पर वार्ता जारी है। ट्रंप ने लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है, लेकिन भारत ने अपने रुख पर कायम रहते हुए अमेरिका को जवाब दिया है। अमेरिका के इस कदम को कई विश्लेषकों ने दबाव की कूटनीति करार दिया है। उनका मानना है कि ट्रंप भारत को रूस और ईरान से दूरी बनाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भी भारत ने कहा कि 'एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं। भारत की ऊर्जा नीति किसी दबाव में नहीं बदलेगी। हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है। जहां से सस्ती चीजें मिलेंगी, हम उन पर काम करते रहेंगे'। भारत ने साफ कहा कि टैरिफ के मसले पर हम अपने हितों के साथ कतई समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ट्रेड डील उसकी शर्तों पर हो, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि लुटनिक के बयान को अमेरिका का दबाव बनाने का तरीका माना जा रहा है। अमेरिका भारत को रूस और चीन से दूरी बनाने के लिए मजबूर करना चाहता है। ट्रेड डील का मामला राजनीति में उलझ गया है। अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देना चाहता है, जबकि भारत अपने हितों को बचाना चाहता है। भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपने हितों के अनुसार निर्णय लेगा। ट्रेड डील का मामला वैश्विक व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। अगर अमेरिका और भारत के बीच डील नहीं होती है तो इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।



## एसआईआर
शशिधर खान

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाने के कारण बढ़ी है। इसमें मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# बंगाल में बढ़ती राजनीतिक तकरार

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव करीब आ रहा है, लगभग सीधी टकराव की नौबत आती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार में भी चुनाव आयोग ने वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी कांग्रेस वाम दलों के एसआईआर विरोध के बीच गत वर्ष कराया। कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया मतदान शुरू होने के समय तक टलती रही। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) और भाजपा गठजोड़ को भारी ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद राजद-कांग्रेस का चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप वहीं सीमित रह गया।

अभी वही स्थिति पश्चिम बंगाल और केरल में पैदा हो गई है। इस वर्ष अप्रैल-मई में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, जिनमें इन दोनों विधान सभाओं के अलावा असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी भी हैं लेकिन एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा से तनातनी में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। दूसरे नंबर पर केरल है। इन दोनों राज्यों में भी एसआईआर बिहार की तरह जून, 2025 में शुरू होने के समय से ही विवादित है। केंद्र में तो भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठजोड़ सरकार है ही, पश्चिम बंगाल विधान सभा में भाजपा मुख्य विपक्षी दल है। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) दोहरी मार झेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है कि आए दिन राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस नेता और चुनाव आयोग एक-दूसरे को चुनौती देने वाला बयान आए दिन जारी कर रहे हैं। 3 जनवरी को एसआईआर विवाद उस समय गहरा गया, जब चुनाव आयोग ने पांच चुनाव कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इन कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्र वितरण और उसे इकट्ठा करने में कथित अनियमितता का दोषी पाया है। यह तब हुआ जब 31 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बातचीत का माहौल अच्छा नहीं था। मुलाकात के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी, मतदाता सूची अधिकारी, पर्यवेक्षक समेत एसआईआर के काम में लगे किसी भी कर्मचारी को राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा डराया/धमकाया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 04 नवंबर से बंगाल



में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई और उस महीने भी तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। उस वक्त अन्य राज्यों से भी बीएलओ की आत्महत्या, मौतों की खबरें आ रही थी और हर जगह काम का अत्यधिक दबाव कारण बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण, मसौदा सूची और अंतिम मतदाता सूची की डेडलाइन तारीखें बढ़ाई लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को सीईसी ने नवंबर में बीएलओ पर दबाव का कारण दूसरा बताया। सीईसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं और खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ तथा अन्य एसआईआर कर्मियों को धमकी दी कि मृत मतदाताओं, अन्यत्र चले गए और एक से ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज मतदाताओं का नाम सूची से हटाने की अनुशंसा न भेजें। उस सिलसिले में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि बीएलओ लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं से सुरक्षा प्रदान करें। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए बढ़ाए गए मानदेय की राशि तत्काल मुहैया कराने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से आग्रह किया। उसके जवाब में टीएमसी सूत्रों ने चुनाव आयोग से कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य का रोका गया 2 लाख करोड़ फंड जारी करने के लिए सीइसी ज्ञानेश कुमार को लिखना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कथित लापरवाही के दोषी पांच बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, उस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। चुनाव आयोग को लिखा गया दीदी का यह तीसरा पत्र है। मुख्यमंत्री ने आयोग को लिखा कि या तो मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे झमेले को दूर करें या पश्चिम बंगाल में इसे रोकें। पत्र में दीदी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से एसआईआर प्रक्रिया में लाखों लोगों को पहले वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया और फिर आपत्तियों/दावे प्रस्तुत करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। सागर दीप में एक जनसभा में दीदी ने चुनाव आयोग को धमकी दी कि मतदाताओं को परेशान करना अगर बंद नहीं हुआ तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। शीर्ष कोर्ट में पहले से ही एसआईआर पर सुनवाई चल रही है और चीफ जस्टिस सूर्यकान्त ने नए वर्ष के दिन कहा कि ऐसे संवैधानिक मामले निबटाने में तेजी लाने के लिए ज्यादा पीठों का गठन उनकी प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग का फोकस बांग्लादेशी घुसपैठिया पर है, जिनमें मुसलमान ज्यादा हैं। जहां तक बांग्लादेशी हिंदू समुदाय की नागरिकता का सवाल है, दीदी ने दोनों को मतुआ समुदाय की हालत की ओर ध्यान दिलाया।

उत्तरी 24 परगना और नादिया जिले के 15 चुनाव क्षेत्रों में मतुआ समुदाय की आबादी है, जो बांग्लादेश से आकर बसे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इनका भविष्य अधर में लटका है। चुनाव आयोग ने इनकी नागरिकता और मतदाता सूची से नाम हटाने का मामला लटकाकर रखा है। पश्चिम बंगाल में विवाद ज्यादा तूल पकड़ने का असली कारण दो है। पहला, 16 दिसंबर को प्रकाशित एसआईआर मसौदा सूची से कटे 58 लाख नाम में से सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भवानीपुर विधान सभा सीट प्रभावित हुई। दूसरा, काटे गए नाम में से पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, जो दीदी की पार्टी को अन्य की अपेक्षा ज्यादा पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मुसलमान महिला वोटरों को चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी घुसपैठिया करार दिया।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व हिंदी दिवस
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक परिदृश्य में बढ़ता हिंदी का मान

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य विदेशो में हिंदी के प्रचार-प्रसार और लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन विदेशों में भारतीय दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1975 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। साल 2006 में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के दौरान इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, तब से विश्वभर के कई देशों और खास करके भारतीय दूतावासों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव बढ़ा है। हिंदी आज दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा लोकप्रिय भाषा बन गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि और तकनीकी विकास ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर में रह रहे भारतीय समुदाय हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में काम में ले रहे हैं, जिससे हिंदी का वैश्विक दायरा बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में हिंदी ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मॉरीशस, सूरीनाम, फ़िजी, इंडोनेशिया, जापान, रूस आदि देशों में हिंदी और हिंदी सिनेमा के प्रभाव से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण बनी हुई है। हिंदी सिनेमा के वैश्विक प्रभाव ने निःसंदेह रूप से भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विश्व समुदाय के बीच जीवंत किया है। हिंदी अब सिर्फ भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद का एक माध्यम बन चुकी हैं, जिसने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। हिंदी का प्रवासी देशों में व्यापक प्रभाव बढ़ा है। आज विश्वभर के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और वहां का पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध है। विदेशी विद्यार्थी हिंदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह एक भाषा और संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का विदेशों में जितना प्रचार-प्रसार हिंदी के माध्यम से हुआ, वह अन्य भाषा में संभव नहीं था। यह हिंदी के लिए गौरव का विषय है। मॉरीशस के हिंदी कवि बृजेंद्र कुमार भगत की कविता में हिंदी के प्रति आत्मिक अभिव्यक्ति कुछ इस तरह मुखरित होती हैं-

*"हिंदी गई रसातल में, तो गई हमारी आशा*
*संस्कृति सिसक-सिसक रोएगी, धर्म मरेगा प्यासा*
*हिंदी को कुचलेगी प्यारे गौरांगों की भाषा*
*राम, कृष्ण, गौतम, गांधी की सीख सदा अपनाएं*
*दुनिया के कोने-कोने में हिंदी सुमन खिलाएं*
*जय-जय-जय हिंदी के नारे विश्व सकल गुंजाएं।"*

विदेशों में हिंदी बोलना ही नहीं, बल्कि साहित्य दृष्टि से भी अध्ययन, अनुवाद और अनुसंधान बढ़ा है। विदेशों में कई संस्थान और प्लेटफॉर्म हिंदी सिखा रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वैभव और आध्यात्मिक उन्नति ने विश्व परिदृश्य में हिंदी की प्रासंगिकता को और मजबूत किया है। जब पूरा विश्व भारत के साथ संबंध बनाने को उत्सुक है, ऐसे में भारत सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेशी यात्राओं में लगातार भारतीय समुदाय के साथ हिंदी में संवाद करते रहे हैं। विदेशों में हिंदी की स्थिति को और ज्यादा सुदृढ़ करने से पूर्व देश में हिंदी भाषा की जड़ें गहरे तक जमानी होंगी। हिंदी भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी है। निःसंदेह रूप से वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की पहचान बनी है, लेकिन उसके प्रयोजनमूलक स्वरूप तथा उसकी स्वीकार्यता के लिए अधिक परिश्रम करना होगा, क्योंकि हिंदी राष्ट्र चेतना का प्रतीक और विश्व समन्वय की भाषा है। एक भाषा दूसरी भाषा को रचती है, लेकिन जो प्रश्न सालों से विश्व हिंदी दिवस के बहाने और उसके आस-पास उठते रहे हैं, उन पर चिंतन करने की भी आवश्यकता है।

हिंदी भाषा जो कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही, वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजभाषा बन गई और राजभाषा अधिनियम के बाद मात्र संपर्क भाषा के रूप में पहचानी जाने लगी। आज तक हम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाए। हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, लेकिन अंग्रेज भारत से जाते समय जो व्यवस्था पीछे छोड़ कर गए, हम उसी में उलझ कर रह गए। विश्व हिंदी दिवस के बहाने ही सही, एक साथ हम इस दिशा में आगे बढ़ें और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
## दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## सटाका




## आज की पाती

**माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा**

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। – **विवेक भगत**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष यात्री बीमार, नासा ने मिशन अवधि छोटी की

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जारी अपने मिशन की अवधि को छोटा कर दिया है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका-जापान-रूस का चार सदस्यीय दल पूर्वनियोजित समय से पहले ही कुछ दिनों में धरती पर लौट आएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण नासा ने इस वर्ष का अपना पहला 'स्पेसवॉक' रद्द कर दिया। अंतरिक्ष एजेंसी ने गोपनीयता का हवाला देते हुए अंतरिक्ष यात्री या उसकी स्वास्थ्य समस्या का खुलासा नहीं किया। हालांकि उसने कहा कि अब चालक दल के सदस्य की हालत स्थिर है। नासा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स पोल्क ने कहा कि नासा के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी, लेकिन वे ''चालक दल के सदस्य की सुरक्षा के लिए एहतियात बरत रहे हैं।'' पोल्क ने कहा कि यह अंतरिक्ष स्टेशन से नासा का पहला चिकित्सीय निकासी अभियान है। चार सदस्यीय दल अगस्त में 'स्पेसएक्स' के माध्यम से कक्षा की परिक्रमा कर रही प्रयोगशाला में पहुंचा था जिन्हें कम से कम छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।



## ऑफ बीट

# तैरते हुए सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



## ट्रेंड

### बंगाल में कमल खिलेगा



राजनीतिक अहंकार के कारण किसी भी नागरिक को प्रधानमंत्री-जय योजना के लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल का इंतज़ार लगभग खत्म हो गया है। कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री-जय योजना जल्द ही हर घर तक पहुंचेगी।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### प्रवासी भारतीय दिवस



विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहचान को गौरव के साथ स्थापित करने वाले समस्त प्रवासी भारतीय भाई-बहनों को प्रवासी भारतीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य से भारत के समावेशी, सतत और सर्वांगीण विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।
**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### राजकीय उत्सव



कोनासीमा के लोगों (जिन्होंने पीढ़ियों से इस परंपरा को संरक्षित रखा है) की भक्ति और आस्था का सम्मान करते हुए मंत्रिमंडल ने जगन्ना थोता प्रभाला तीर्थम को राजकीय उत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है।"
**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### महिला सुरक्षा



मेरठ में दलित माँ की हुई हत्या तथा बेटी के अपहरण की घटना दुखद, शर्मनाक एवं चिन्तनीय। महिलाओं की इज़्ज़त-आबरू से खिलवाड़ और फिर हत्या आदि की घटनाओं को सरकार तत्काल सख्त कार्रवाई करे।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## अनूप बने मध्यप्रदेश कराटे फेडरेशन के सह-सचिव



**झलौन।** नगर तेंदूखेड़ा के लिए गौरव का विषय है कि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य अध्यक्ष शिहान योगेंद्र चौहान की अनुशंसा से दमोह जिले के तेंदूखेड़ा नगर से अनूप सिंह ठाकुर को इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन मध्यप्रदेश का सह- सचिव बनाया गया। जिसमें संस्था के मुख्य प्रशिक्षक, एवं इंटरनेशनल कराटे फैडरेशन मध्यप्रदेश के सचिव सेनसाई संतोष पटेल व नगर वासियों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित सांसद एवं विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के तहत अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की तथा समय सीमा में अप्रारंभ एवं शेष कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में विभागवार स्वीकृत तथा लंबित कार्यों की जानकारी ली गई। बताया गया कि वर्तमान में जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत सर्वाधित 37 लंबित कार्य हैं, जबकि जनपद पंचायत अजयगढ़ में 24 तथा जनपद पंचायत शाहनगर में 17 एवं जनपद पंचायत पवई अंतर्गत कुल 15 लंबित कार्य हैं,

# खेतों ने ओढ़ी पीली चादर, परंपरागत खेती से हटकर नई फसलों की ओर बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

किसानों के अनुसार इस बार समय पर बुवाई और अब तक अनुकूल मौसम का फसल को भरपूर लाभ मिला है। हटा अनुविभाग में इन दिनों प्रकृति की खूबसूरती और किसानों की मेहनत-दोनों की मिसाल बनी हुई है। आसपास के गांवों में सरसों की फसल पूरे यौवन पर है। खेतों में दूर-दूर तक फैले पीले फूल ऐसे प्रतीत हो रहे हैं मानो धरती ने पीली चुनरिया ओढ़ ली हो। यह मनमोहक दृश्य राहगीरों को आकर्षित कर रहा है, वहीं किसानों के चेहरों पर भी संतोष और उम्मीद की झलक साफ दिखाई दे रही है। किसानों के अनुसार इस बार समय पर बुवाई और अब तक अनुकूल मौसम का फसल को भरपूर लाभ मिला है। सरसों के पौधों में फूलों की अच्छी संख्या दिखाई दे रही है, जिससे फलियों की पैदावार भी



अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है। यदि आगे मौसम इसी तरह मेहरबान रहा और पाला या असमय बारिश नहीं हुई, तो सरसों से बेहतर उत्पादन मिलने की पूरी उम्मीद है। इससे क्षेत्र के किसानों की आमदनी में भी सुधार होने की संभावना है।

### खेती में बदलाव

हटा अनुविभाग में अब किसान केवल गेहूं और चना जैसी परंपरागत फसलों तक सीमित नहीं रहना चाहते। बढ़ती लागत और अनिश्चित बाजार भाव को देखते हुए कई किसान खेती में नए प्रयोग कर रहे हैं। रबि सीजन में सरसों के साथ-साथ मक्का जैसी कम लागत वाली फसलों की ओर रुझान बढ़ा है। इन फसलों में लागत अपेक्षाकृत कम है और बाजार में अच्छे दाम मिलने की संभावना भी रहती है।

### कम लागत, बेहतर आमदनी की तलाश-

किसानों का कहना है कि नई फसलों से जोखिम कम होता है और आमदनी के नए रास्ते खुलते हैं। खेती में विविधता अपनाकर वे न केवल मुनाफा बढ़ाना चाहते हैं, बल्कि बदलते मौसम और बाजार की चुनौतियों का भी सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। यह बदलाव क्षेत्र की कृषि को नई दिशा दे रहा है।

### उम्मीदों की फसल

खेतों में लहलहाती सरसों और खेती में हो रहे नए प्रयोग यह संकेत दे रहे है कि हटा के किसान अब बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। यदि मौसम और बाजार ने साथ दिया तो यह सीजन किसानों के लिए खुशहाली लेकर आ सकता है।

## पाला या तुषार: किसानों के लिए एक गंभीर प्राकृतिक चुनौती: डॉ. द्वारका

**बटियागढ़।** किसान श्री रूपेंद्र सिंह ठाकुर के साथ डॉ. द्वारका द्वारा निरीक्षण करने पर पाला के प्रति संवेदनशीलता टमाटर, मिर्च जैसी सब्जियों में अधिक दिखने को मिल रही है। वर्तमान समय में पाला अथवा तुषार शीत ऋतु में होने वाली एक प्राकृतिक आपदा है, जो विशेषकर रबी मौसम की फसलों, सब्जियों, फलदार पौधों एवं नर्सरी के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध होती है। जब वायुमंडल का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे चला जाता है और हवा में उपस्थित जलवाष्प सीधे बर्फ के महीन कणों के रूप में पौधों की सतह पर जम जाती है, तब उसे पाला या तुषार कहा जाता है। यह स्थिति प्रायः साफ आसमान, शांत वातावरण, कम आर्द्रता और लंबी रातों के दौरान बनती है। पाले की मार से पौधों की कोशिकाओं में जमी बर्फ उनके ऊतकों को नष्ट कर देती है, जिससे फसल की वृद्धि रुक जाती है और कई बार पूरी फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच जाती है। पाला पड़ने के प्रमुख कारणों में तेज ठंड, शीतलहर, बादलों का न होना, रात में तेज विकिरण द्वारा ताप का नुकसान तथा हवा का शांत रहना शामिल है। निम्न भूमि वाले क्षेत्रों में ठंडी हवा जमा हो जाने के कारण पाले की संभावना अधिक रहती है। हल्की मिट्टी, कम नमी और खुला खेत भी पाले को बढ़ावा देते हैं। विशेष रूप से दिसंबर से फरवरी के बीच उत्तर भारत में पाले का प्रकोप अधिक देखने को मिलता है, जिससे गेहूं, चना, सरसों, मटर, आलू, टमाटर, मिर्च, बैंगन जैसी फसलें प्रभावित होती हैं। डॉ. द्वारका (कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना) के अनुसार पाले से बचाव के लिए समय रहते सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। खेत में उचित सिंचाई करने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है और पाले का प्रभाव कम होता है। हल्की सिंचाई पाला पड़ने की संभावना वाली रात से पहले करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं। खेत की मेड़ पर धुआं करने की व्यवस्था, जैसे पराली, सूखी घास या पुआल या गोबर के उपले जलाकर धुआं फैलाना, तापमान को कुछ हद तक बढ़ाने में सहायक होता है। नर्सरी और सब्जी फसलों को पॉलीथीन शीट, घास-फूस या टनल तकनीक से ढककर भी पाले से बचाया जा सकता है। रासायनिक प्रबंधन की दृष्टि से भी पाले के प्रभाव को कम किया जा सकता है। पाला पड़ने की आशंका होने पर फसलों पर 0.1 प्रतिशत सल्फ्यूरिक एसिड या 0.5 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव लाभकारी पाया गया है। इसके अतिरिक्त एक मिलीलीटर सल्फ्यूरिक एसिड प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से पौधों की कोशिकाओं में ठंड सहन करने की क्षमता बढ़ती है। कुछ स्थानों पर थायोयूरिया (0.1 प्रतिशत) या जिब्रेलिक एसिड की अनुशंसित मात्रा का छिड़काव भी फसलों को पाले से उबरने में मदद करता है। रासायनिक छिड़काव हमेशा विशेषज्ञों की सलाह से और उचित मात्रा में ही करना चाहिए। किसानों के लिए यह आवश्यक है कि मौसम पूर्वानुमान पर विशेष ध्यान दें और पाले की चेतावनी मिलते ही खेत में बचाव के उपाय शुरू कर दें। अत्यधिक नाइट्रोजन उर्वरकों के प्रयोग से बचें, क्योंकि इससे पौधे कोमल हो जाते हैं और पाले का असर अधिक होता है। संतुलित उर्वरक प्रबंधन, समय पर सिंचाई और डॉ. द्वारका के अनुसार रासायनिक उपाय अपनाकर पाले से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस प्रकार पाला या तुषार भले ही एक प्राकृतिक आपदा हो, लेकिन सही जानकारी, सतर्कता और समय पर किए गए प्रबंधन उपायों से किसान अपनी फसलों की रक्षा कर सकते हैं और आर्थिक क्षति से बच सकते हैं।

# रोमांचक फाइनल में तेजगढ़ 11 ने पतलौनी क्लब को 22 रनों से हराकर जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

ग्राम पंचायत पतलौनी स्थित माँ शारदा स्टेडियम में दिनांक 9 जनवरी 2026 को आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। फाइनल मैच तेजगढ़ 11 और पतलौनी क्लब के बीच खेला गया, जिसमें तेजगढ़ 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तेजगढ़ 11 की शुरुआत लड़खड़ाई,लेकिन इसके बाद रोहित परिहार और शोएब पठान ने पारी को संभालते हुए महत्वपूर्ण साझेदारी की। रोहित ने 43 रन की बेहतरीन पारी खेली, वहीं शोएब पठान ने 49 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को निर्धारित 15 ओवर में 144 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुँचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतलौनी क्लब की टीम तेजगढ़ के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 122 रनों पर सिमट गई। तेजगढ़ की ओर से आजाद रफ्तार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए देवराज पटेल को 'बेस्ट गेंदबाज' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच के समापन के साथ ही भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विजेता टीम तेजगढ़ 11 को ट्रॉफी एवं 21,000 रू नकद राशि, जबकि उपविजेता पतलौनी क्लब को 11,000 रू नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहे। मंत्री जी ने मैदान में उतरकर बल्ला थामते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया तथा सभी क्रिकेट खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मंच से संबोधित करते हुए मंत्री श्री लोधी ने कहा "ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे आयोजनों को हरसंभव सहयोग देती रहेगी।"

मंत्री जी ने सफल आयोजन के लिए क्रिकेट संचालक कमेटी, आयोजन समिति के सभी सदस्यों, कमेंट्री कर रहे खेत सिंह, शिवम, अंपायरों, खिलाड़ियों तथा उपस्थित खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ऋषि भैया, संग्राम सिंह, अरविंद सिंह (थाना प्रभारी तेजगढ़), अभिषेक पटेल (थाना प्रभारी नोहटा), अध्यक्ष हीरा सिंह, क्रिकेट संचालक देवेंद्र सिंह, अमान सिंह,भोजराज जैन, रुद्र प्रताप सिंह,डॉ अनूप सिंह, राजु दुबे, अनिल विश्वकर्मा, रूप सिह,आनंद सिंह एवं बडी सँख्या मे क्षेत्र के गणमान्य जन जन प्रतिनिधि जन समूह उपस्थित रहा।

## मेडिकल स्टोर्स का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा जबलपुर रोड, स्टेडियम के सामने, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,दमोह, डॉ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव अस्पताल स्थित अनुराधा मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट,पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट एवं फोस्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए गए। मौके पर परिसर में संग्रहित क्विस्टालेक बेबी मिल्क पाउडर के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# आचार्य रामानंदाचार्य जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रयागराज तीर्थ की पावन भूमि त्रिवेणी संगम से अभिसिंचित महोत्सव जिसकी शोभा यात्रा में आयोजित जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी के जयंती पर, वैष्णव भक्ति परंपरा के प्रणेता की जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले। इस सूत्र की गरिमामय व्याख्या करते हुए श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने उपस्थित संतो के मध्य रामानंद की जीवनी का दिग्दर्शन करते हुए महोत्सव की शुरुआत कि जहां भारतीय संत परंपरा, सामाजिक समरसता और भक्ति चेतना का सजीव प्रतीक बनकर प्रकट हुआ। महोत्सव के प्रारंभ में खाक चौक व्यवस्था समिति के तत्वावधान में एक भव्य एवं दिव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें जगतगुरु संतोषाचार्य जी के साथ महंत श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने रामलला की पूजा कराई और आद्य रामानंदाचार्य जी महाराज को पुष्पमाला पहनाई शोभा यात्रा के मध्य वैष्णव परंपरा के संत-महंत, नागा साधु, खाकीधारी विरक्त वैष्णव, अखाड़ों के प्रतिनिधि तथा देश-विदेश से पधारे श्रद्धालु भी सम्मिलित हुए। केसरिया ध्वजों से सुसज्जित रथों, बग्गियों जयघोषों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पूर्ण प्रयागराज आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा। जहां





आचार्य का जीवन दर्शन और प्रवाहित संदेशों में समता, भजन-कीर्तन, शंखनाद और हरिनाम संकीर्तन के मधुर स्वर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर करते रहे। नगरवासी पुष्पवर्षा कर संत परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, अपितु रामानंदाचार्य जी द्वारा प्रतिष्ठित उस वैचारिक क्रांति का स्मरण था, जिसने भक्ति को जन-जन तक पहुँचाया और समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर रामनाम में एकत्व का मार्ग दिखाया। प्रयागराज तीर्थ में सम्पन्न यह शोभा यात्रा सनातन संस्कृति, वैष्णव परंपरा और संत साहित्य की अखंड धारा को सुदृढ़ करने वाला एक ऐतिहासिक कार्य है जिसमें अध्यक्ष श्री दामोदर दास जी महाराज, महामंत्री रामनरेश दास जी महाराज, महामंडलेश्वर बालेश्वर दास, धनश्याम दास, सत्य नारायण दास, हिटलर बाबा सहित खाक चौक व्यवस्था समिति के गणमान्य संत उपस्थित रहे।

# शिक्षा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत जबेरा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ठाकुर ने जबरा विकासखंड की शालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मध्यान भोजन बनाने एवं परोसने हेतु प्रत्येक विद्यालय को नई बर्तन खरीदने हेतु 15000 की राशि प्रदान की गई थी। उसी क्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने आज एकीकृत माध्यमिक शाला कलेरा खेड़ा स्कूल को दिए गए। 15000 में खरीदे गए, बर्तनों का मिलान किया उनके अनुसार बर्तन सही पाए गए परंतु उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं पाया गया। इसकी उपरांत प्राथमिक स्कूल मैली गाना में निरीक्षण किया। जहां पर विद्यालय के अभिलेखों में दर्ज संख्या 18 है परंतु इस योजना के अंतर्गत 20 से कम छात्रों वाले विद्यालयों के लिए यह राशि प्रदान नहीं की गई है। इसके लिए, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने शासन से मांग की है कि जहां पर भी आप स्कूल संचालित करते हैं। उन सभी स्कूलों को यह राशि मिलना चाहिए मौली विद्यालय का भवन भी कई सालों से जर्जर स्थिति में है राशि भी इसकी मरम्मत के लिए आ चुकी है। परंतु सरपंच के द्वारा काम राशि होने का कारण बताते हुए कार्य नहीं करवाया जा रहा है यदि भविष्य में कोई घटना घट जाती है तो संबंधित अधिकारी ही जवाबदार होंगे। इसके पश्चात मझगुआ कीरत स्कूल का निरीक्षण किया गया जहां पर दर्ज संख्या 72 है परंतु इस विद्यालय में आज दिनांक तक बर्तन नहीं खरीदे गए मझगुआ कीरत स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं संचालित होती है जहां पर मंत्र तीन शिक्षक हैं एक रेगुलर शिक्षक एवं दो अतिथि शिक्षक है जबकि उपस्थिति रजिस्टर में चार शिक्षकों के नाम अंकित हैं। पूछने पर बताया गया कि इस विद्यालय के शिक्षक निलेश जैन को नोहटा में अटैच कर लिया गया है। यह अटैचमेंट शासन की गाइडलाइन की विपरीत है। स्कूल में शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है एक शिक्षक जहां पांच पांच क्लासों को देख रहा है ऐसे में निलेश जैन का अटैचमेंट तुरंत निरस्त किया जाना छात्र हित में उचित होगा। इसी तरह नोहटा संकुल केंद्र में प्राइमरी स्कूल का भवन नहीं है प्राइमरी स्कूल का भवन पुराना एवं खंडहर हो चुका है।प्राथमिक स्कूल सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। इसी तरह ग्राम बंदर कला में स्कूल के भवन में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र दोनों संचालित किया जा रहे हैं। यहां पर ना ही आंगनबाड़ी का भवन है ना ही किचन शेड है।

## मित्रता निभाना द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से सीखना चाहिए : कथा वाचक किशोरी निधि गर्ग

**दमोह।** भगवान परशुराम मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के सत्यवीर दिवसीय में कथा वाचक किशोरी निधी गर्ग ने बताया कि एक मित्र ब्राह्मण भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे बड़े ज्ञानी विषयों से विरक्तशांतिचित्र तथा जितेंद्रिय थे। वे गृहस्थी होकर भी किसी प्रकार का संग्रह परिग्रह न करने प्रारब्ध अनुसार जो भी मिल जाता उसी में संतुष्ट रहते थे। उनके वस्त्र फटे पुराने थे उनकी पत्नी के वस्त्र भी वैसे ही थे उनकी पत्नी का नाम सुशीला था नाम के अनुसार वह शीलवती भी थीं। वह दोनों भिक्षा मांगकर लाते और उसे ही खाते, लेकिन यह बहुत दिन तक नहीं चल सका कुछ वर्षों के बाद सुशीला इतनी कमजोर हो गई की चलने फिरने में उसका शरीर कांपने लगता। तब सुशीला का धैर्य थोड़ा काम हुआ और उन्होंने सुदामा से प्रार्थना की की वह अपने बचपन के मित्र श्री कृष्ण के पास जाएं वे शरणागतवत्सल है। यदि अपनी स्थिति से उनको परिचय कराएंगे तो वह अवश्य ही हमारी मदद करेंगे ऐसा सुनकर वह अपनी पत्नी से बोले यदि कोई भेंट देने योग्य वस्तु है तो देदो तब सुशील ने पड़ोस के घर से चार मुट्ठी तंदुल मांगी और अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़ का उसमें बंद कर दे दिया सुदामा चल पड़े चलते-चलते वह जंगल के रास्ते समुद्र के पास पहुंचे भूख और प्यास से व्याकुल होकर वह वही रास्ते में ठक्कर सो गए श्री कृष्णा अंतर्यामी तो थे। उन्होंने देखा उनका प्रेमी भक्ति सुदामा उनसे मिलने आ रहा है। वह नहीं जानते थे कि सुदामा को किसी प्रकार का कष्ट हो ।इसीलिए उन्होंने योग माया से जैसा कहा उन्होंने वैसा ही किया जब प्रातः काल सुदामा ने अपनी आंख खोली तो देखा कि वह द्वारका देश भगवान कि यहां जय जयकार हो रही थी सुदामा कि भगवान से भेंट होती है।

### चीता प्रोजेक्ट से पहले बदले टाइगर रिजर्व के डीएफओ

# रजनीश कुमार संभालेंगे टाइगर रिजर्व की कमान, डॉ अंसारी को सिवनी भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बीते दिन मध्यप्रदेश में आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। प्रदेश के सबसे बड़े रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डीएफओ डॉ. एए अंसारी का तबादला किया गया है। टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट के बीच यह बदलाव किया गया है। अब रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की जिम्मेदारी 2017 बैच के आईएफएस अधिकारी रजनीश कुमार को सौंपी गई है वे वर्तमान में उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी का कार्यभार संभाल रहे थे। वहीं डीएफओ डॉ. एए अंसारी को टाइगर रिजर्व से वन मंडलाधिकारी कार्य आयोजना इकाई सिवनी भेजा गया है।

### चीता प्रोजेक्ट को लेकर टाइगर रिजर्व में चल रहे काम

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट के तहत चल रहा है। टाइगर रिजर्व में चीता शिफ्ट करने की तैयारियों की जा रही हैं। जिन्हें डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी अपनी निगरानी में कर रहा थे उनके कार्यकाल में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के विकास और संरक्षण से जुड़े कई अहम कार्य किए गए हैं। खास तौर पर इसी वर्ष जुलाई माह में प्रस्तावित चीतों की आमद को लेकर की गई पूरी प्लानिंग डॉ. अंसारी के कार्यकाल में ही तैयार की गई थी। लेकिन अब डीएफओ आईएफएस रजनीश कुमार जिम्मेदारी संभालेंगे उनकी पदस्थापना को वन्यजीव संरक्षण व प्रबंधन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अब उनके अनुभव का लाभ रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चीता का तीसरा घर बनेगा टाइगर रिजर्व

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता शिफ्टिंग को लेकर तैयारियां चल रही हैं। टाइगर रिजर्व को चीतों के तीसरे घर के रूप में विकसित किया जा रहा है। चीता प्रोजेक्ट के तहत 8 बोमा तैयार किए जा रहे हैं। इनमें 4 क्वारैंटाइन बोमा 50-50 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होंगे यहां चीतों को प्रारंभिक अवधि में रखा जाएगा। इसके अलावा 100-100 हेक्टेयर के 4 सॉफ्ट रिलीज बोमा भी बनेंगे। कार्य के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। टाइगर रिजर्व में शुरआत में चीतों के 2 जोड़ा (नर-मादा) आएंगे।

## नावघाट पर बनेगा गंगा मैया का भव्य मंदिर, बसंत पंचमी को होगा भूमि पूजन



**हटा।** नगर की जीवन दायिनी सरिता के नावघाट पर शुक्रवार को मांझी समाज की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज की वरिष्ठ जनों द्वारा सर्वसम्मति से नाव घाट पर गंगा मैया का भव्य मंदिर निर्माण किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मांझी समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा गंगा मंदिर बनाने की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें सभी की सहमति से आगामी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गंगा मंदिर का भूमि पूजन किया जाना सुनिश्चित किया गया। जिसमें समाज एवं अन्य समाज के जो भी दान दाता दान देना चाहते हैं वह इस गंगा मंदिर बनने में सहयोग कर सकते हैं। समाज के लोगों ने बसंत पंचमी पर भूमि पूजन में पधारकर सहयोग कर समाज के हित में सहयोग करने का आग्रह किया गया। बैठक में नगर के समस्त मांझी समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों हेतु बैठक आयोजित


**हटा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की आयोजन के संबंध में शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार आलोक जैन सहित सभी विभागों के अधिकारियों नगर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम मरकाम ने नगर के एमएलबी विद्यालय ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पुख्ता करने तथा आयोजन संबंधी जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है उन्हें निर्धारित समय में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति की भावना पर केंद्रित रहे, यह सुनिश्चित किया जाए जिससे पूर्व के कार्यक्रमों की अपेक्षा इस बार बेहतर तरीके से कार्यक्रम संपन्न



हो। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों मुख्य अतिथियों, नगर के गणमान्यजनों को बैठने की उत्तम व्यवस्था बनाई जाए जिसके लिए जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी को निर्देशित किया गया वहीं विद्युत पानी साफ सफाई की व्यवस्था करने हेतु नपा सीएमओ को निर्देश दिए गए। इसके अलावा ध्वजारोहण मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, मार्च फास्ट एवं शासन की योजना एवं कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए आकर्षक तथा जन जागरूकता संदेश युक्त विभागीय झांकियां तैयार कर गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने विभागों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बेरीकेटिंग मंच व्यवस्था आदि के संबंध में भी निर्देश दिए गए। वहीं मुख्य समारोह में सांस्कृतिक आयोजन को लेकर शिशु स्तर से लेकर हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्तर तक प्रतिभागियों के चयन हेतु तारीख सुनिश्चित की गई जिसकी सूचना नगर के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों को बीआरसी, बीईओ द्वारा दी जावेगी जिससे ज्यादा से स्कूलों के विद्यार्थी कार्यक्रम में भाग ले सके। बैठक में एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, सीएमओ राजेंद्र खरे, पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, बीईओ बीएल बिदौलया, एमएलबी प्राचार्य बीएस ठाकुर, प्राचार्य बीएस राजपूत, बीआरसी एमएल अहिरवार, डाइट से एके सिंह, पीडब्ल्यूडी से राकेश अग्रवाल, महिला बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक अर्पिता नाथन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, डॉ सीएल नेमा, सुनील राय के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पत्रकारों की उपस्थित रही। बैठक का संचालन शिक्षक माधव पटेल द्वारा किया गया।

## 12 जनवरी से ग्राम अहरोरा में श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** 12 जनवरी से ग्राम अहरोरा (बलारपुर) के ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन कराया जा रहा है कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे आयोजन समिति के राजकुमार कुशवाहा ने बताया कि 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कलश शोभायात्रा के साथ पुराण बैठकी होगी सम्पूर्ण आयोजन सात दिवसीय होगा कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी. आयोजन समिति के द्वारा कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह समस्त भक्तजनो से किया गया है।



# रिलीज हुई प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब'को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब'को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब'के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब'9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लाइफ Style



# सारा
## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।

हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं।



# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्मगलिंग रैकेट को खत्म करने खाई कसम

**मुंबई।** फिल्म 'हक' के बाद इमरान हाशमी अपनी नई सीरीज 'तस्करी- द स्मगलर्स वेब' के जरिए अपने फैंस को एक तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने 7 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में लुका-छुपी का खेल नजर आया है। इसमें तस्कर चीजों को छिपाना अपनी कला मानते हैं, वहीं इमरान हाशमी चीजों को ढूंढने में अपनी महारत समझते हैं। 2 मिनट 29 सेकेंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि इमरान हाशमी एक कस्टम अफसर हैं। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। देश के जिम्मेदार देश में तस्करी रोकना चाहते हैं, इसलिए वह उन अधिकारियों की तलाश करते हैं जो ईमानदार हैं। ऐसे में इमरान हाशमी समेत तीन कस्टम ऑफिसर्स का सस्पेंशन रोका जाता है। इसके बाद ये लोग विलेन के रूप में नजर आए शरद केलकर को तस्करी से रोकते हैं।

टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी



(स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।

# पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म



का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

# राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

नई दिल्ली। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।



**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## एक बेहद खूबसूरत हीरोइन, आजीवन रही कुंवारी

# 53 साल की उम्र में की सगाई, फिर भी नहीं हो सकी शादी

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में पर्दे पर तो हमने कई प्रेम कहानियां देखी हैं। आम तौर पर इन कहानियों का अंत सुखद ही रहता है। लेकिन, इस चकाचौंध भरी दुनिया में कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हुईं, जो अधूरी रह गईं। एक ऐसी ही प्रेम कहानी है तीन दशकों तक बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और खूबसूरती से सबका दिल जीतने वाली नंदा की। उनका असली नाम नंदिनी कर्नाटकी था। 8 जनवरी 1939 को वह मराठी फिल्मों के दिग्गज डायरेक्टर-प्रोड्यूसर और एक्टर विनायक दामोदर कर्नाटकी के घर पैदा हुई थीं। नंदा को 30 साल से अधिक के कॅरियर में छोटी बहन, धूल का फूल, भाभी, काला बाजार, कानून, हम दोनों, जब जब फूल खिले, इत्तेफाक और प्रेम रोग जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये कहानी है खूबसूरत नंदा और दिग्गज फिल्ममेकर मनमोहन देसाई की अधूरी प्रेम कहानी की। नंदा आजीवन अविवाहित रहीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, एक समय था जब मनमोहन देसाई उन पर जान छिड़कते थे। दोनों शादी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले कि यह प्यार आगे बढ़ता, मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*



### मास्टर विनायक की बेटी थीं

नंदा पैदा तो शो-बिजनेस परिवार में हुई थीं, लेकिन उनके पिता की 41 साल की उम्र में ही मृत्यु हो गई, तब वह महज 7 साल की थीं। वह नंदा के पिता मास्टर विनायक ही थे, जिन्होंने लता मंगेशकर को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया था। उनके निधन के बाद नंदा के परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह एक बाल कलाकार बन गईं और 1950 के दशक की शुरुआत में फिल्मों में डेब्यू किया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

### पिता की मौत, 6 भाई बहनों की जिम्मेदारी

फिल्मों में काम करने की वजह से नंदा की पढ़ाई पर भी असर पड़ा। वह फिल्मों में काम करतीं, कमातीं और अपने छह भाई-बहनों का सहारा बनीं। नंदा जब अपने स्टारडम के चरम पर थीं, तब 1965 में 'जब जब फूल खिले' की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। डायरेक्टर सूरज प्रकाश बताते हैं कि एक महाराष्ट्रीयन लेफ्टिनेंट कर्नल एक्ट्रेस पर फिदा थे। उन्होंने नंदा की मां को शादी का प्रपोजल भी भेजा।

### पत्नी की मौत के बाद अकेले हो गए

पत्नी की मौत के बाद मनमोहन देसाई एकबार फिर से अकेले हो गए। कुछ साल बाद यश जौहर ने नंदा और मनमोहन देसाई की शादी की बात चलानी शुरू की। लेकिन ,सबसे बड़ा सवाल था कि नंदा से बात कैसे की जाए? आखिरकार एक दिन यश जौहर ने नंदा की पक्की सहेली वहीदा रहमान के पास गए और उन्होंने मनमोहन देसाई के दिल का हाल बताया। शुरू में तो वहीदा रहमान ने मना कर दिया। लेकिन, फिर उन्होंने अपने घर पर एक लंच पार्टी रखी और उसमें नंदा को इनवाइट किया। यश जौहर और मनमोहन देसाई को भी बुलाया।

### फिर कभी नहीं की शादी

नंदा ने अपना बाकी जीवन मुंबई में अपने घर में गुजारा। वह परिवार और बहुत करीबी दोस्तों से ही मिलती थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनके करीबी दोस्तों में वहीदा रहमान, नरगिस, आशा पारेख, हेलेन, सायरा बानो, माला सिन्हा, साधना, शकीला और जबीन जलील थीं। 25 मार्च 2014 को 75 साल की उम्र में मुंबई के वर्सोवा स्थित अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

***शादी से पहले दुर्घटना** : आखिरकार, बात बनी। साल 1992 में नंदा ने मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। मगर अफसोस, नंदा और मनमोहन देसाई शादी के बंधन में बंध पाते, उससे पहले ही साल 1994 में मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*

### नंदा और मनमोहन की अधूरी प्रेम कहानी

नंदा और मनमोहन देसाई की इश्क की दास्तान 1992 में शुरू हुई। वहीदा रहमान के कहने पर अधेड़ उम्र की नंदा ने डायरेक्टर मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। लेकिन, जल्द ही उनकी मौत हो गई। नंदा तब 53 साल की थीं और मनमोहन देसाई 55 साल के। वह 1994 में गिरगांव में अपने किराए के फ्लैट की छत से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस रेलिंग पर वह झुके हुए थे, वह टूट गई थी। इसके बाद नंदा अविवाहित ही रहीं।

### नंदा को बहुत पहले से बेहद पसंद करते थे देसाई

मनमोहन देसाई को बहुत पहले से ही नंदा को बहुत पसंद करते थीं। वह अक्सर एक्ट्रेस से मिलने और उनके पास जाने का बहाना ढूंढते थे। लेकिन, बात नहीं कर पाते थे। शशि कपूर जानते थे कि मनमोहन देसाई नंदा को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने ये बात नंदा को भी बताई। नंदा को भी मनमोहन देसाई पसंद थे। लेकिन, वो अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करना चाहती थीं।

# अफ्रीका में मिली 7 लाख साल पुरानी इंसान की हड्डियां

**रबात।** इंसान की शुरुआत कहां से हुई? वैज्ञानिक सालों से इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे हैं। अब मोरक्को में मिली करीब 7.7 लाख साल पुरानी हड्डियों ने एक ऐसा राज खोला है, जिसने मानव इतिहास को ही बदल दिया है। मोरक्को के कैसाब्लांका शहर के पास वैज्ञानिकों को इंसानों के बहुत पुराने अवशेष मिले हैं। ये अवशेष करीब 7,73,000 साल पुराने हैं। यह खोज हमें हमारे पूर्वजों के बारे में कई नई बातें बताती है। यह खोज उस समय की है जब इंसान की अलग-अलग प्रजातियां जैसे निएंडरथल और डेनिसोवन एक-दूसरे से अलग होकर अपनी पहचान बना रही थीं।

### इंसानों के कॉमन पूर्वज की खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि आज के इंसान (होमो सेपियन्स), निएंडरथल और डेनिसोवन, ये तीनों लाखों साल पहले एक ही पूर्वज की संतान थे। आज से करीब 5.5 लाख से 7.6 लाख साल पहले ये तीनों एक-दूसरे से अलग होकर अपनी-अपनी प्रजाति बन गए। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह कॉमन पूर्वज कौन था और कहां रहता था। हालांकि यह अभी भी रहस्य बना हुआ है।

## पलटकर रख दी वैज्ञानिकों की सारी थ्योरी



### क्या थी वैज्ञानिकों की पुरानी थ्योरी?

पहले वैज्ञानिकों को लगा कि स्पेन की एक गुफा में रहने वाला होमो एंटेसेसर ही वह पूर्वज है। यह प्रजाति 8 लाख साल पहले रहती थी और इसमें पराने और नए दोनों तरह के इंसानों की झलक मिलती थी। अगर स्पेन वाली बात सच होती तो इसका मतलब यह होता कि इंसानों की इन तीनों प्रजातियों का बंटवारा यूरोप (यूरेशिया) में हुआ था न कि अफ्रीका में।

### क्या मिल गया इतिहास का लापता पन्ना?

वैज्ञानिकों ने सामने समस्या थी कि उन्हें अफ्रीका में 10 लाख साल पहले के और 6 लाख साल पहले के इंसानों के सबूत मिल तो रहे थे, लेकिन इनके बीच के समय का कुछ पता नहीं था। प्रोफेसर जीन-जैक्स हबलिन का कहना है कि पहले अफ्रीका में इस समय के अवशेष नहीं मिल रहे थे, इसलिए हमें लगा कि वहां कोई नहीं रहता था। मोरक्को की एक जगह पर जबड़े की हड्डियां, दांत और रीढ़ की हड्डी मिले हैं।

### इस खोज से क्या साबित होता है?

इस बदलाव ने दुनिया भर की चट्टानों पर एक खास निशान छोड़ दिया था जिससे वैज्ञानिकों को इनकी उम्र का पक्का यकीन हो गया और यह भी कि इंसानों का जन्म अफ्रीका में हुआ था। इस खोज को करने वाले प्रोफेसर हबलिन अभी इसे कोई बिल्कुल नई प्रजाति नहीं कह रहे हैं। उनका मानना है कि ये शायद पुराने होमो इरेक्टस का ही एक विकसित रूप थे जो धीरे-धीरे बदलकर आधुनिक इंसान बन रहे थे। यह पूरी जानकारी साइंस मैगजीन नेचर पत्रिका में छपी है।

## स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा XUV 7XO और इलेक्ट्रिक XEV 9S का अनावरण

**जबलपुर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने अधिकृत डीलर स्टार ऑटोमोबाइल्स, जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित भव्य समारोह में अपनी दो नई एसयूवी महिंद्रा XUV 7XO और इलेक्ट्रिक XEV 9S का अनावरण किया। आईटीसी होटल में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी प्रतिनिधियों ने महिंद्रा की इनोवेशन, अत्याधुनिक तकनीक, सेफ्टी और भविष्य की मोबिलिटी के विज़न को साझा किया। लॉन्च से पहले ही दोनों मॉडलों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और 100 से अधिक ग्राहकों ने प्री-बुकिंग कराई। औपचारिक बुकिंग 14 जनवरी से शुरू होगी। XUV 7XO में ट्रिपल एचडी स्क्रीन, ADRENOX+ सिस्टम, Alexa व ChatGPT इंटीग्रेशन, 16-स्पीकर हरमन कार्डन ऑडियो, लेवल-2 ADAS, 7 एयरबैग और शक्तिशाली पेट्रोल-डीज़ल इंजन विकल्प दिए गए हैं। वहीं XEV 9S एक नेक्स्ट-जेन इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जो जीरो-एमिशन ड्राइव, फास्ट चार्जिंग और उन्नत सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है।




कार्यक्रम में जबलपुर के मेयर जगत बहादुर आन्नू, सांसद आशीष दुबे, महिंद्रा के क्षेत्रीय अधिकारी, स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर रेवत सिंह, सीईओ ललित किशोर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डायरेक्टर रेवत सिंह ने जबलपुरवासियों और ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एआई+ ने पेश की नोवावॉच स्मार्ट घड़ी श्रृंखला

**नई दिल्ली।** एआई+ स्मार्टफोन ने कनेक्टेड पीढ़ी के लिए अपनी नई नोवावॉच स्मार्टघड़ी श्रृंखला पेश की है, जो सुरक्षा, स्वास्थ्य निगरानी और स्टाइल पर केंद्रित है। यह श्रृंखला वर्ष 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च होगी। नोवावॉच पोर्टफोलियो में नोवावॉच एक्टिव, नोवावॉच वियरबड्स, बच्चों के लिए जियो-फेंसिंग 4G घड़ी और उद्योग में पहली बार पेश की गई घूमने वाले कैमरे वाली रोटेटकैम 4G LTE घड़ी शामिल हैं। एक्टिव मॉडल सरल डिज़ाइन के साथ




आवश्यक हेल्थ ट्रैकिंग पर ध्यान देता है, जबकि वियरबड्स स्मार्टघड़ी और ब्लूटूथ ईयरफ़ोन को एक ही डिवाइस में जोड़ती है। बच्चों की घड़ी सुरक्षा और कनेक्टिविटी पर केंद्रित है, वहीं रोटेटकैम 4G स्टाइल और रचनात्मक उपयोग के लिए तैयार की गई है। एआई+ के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि नोवावॉच को लोगों की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। यह श्रृंखला फिलिपकार्ट और चुनिंदा ऑफ़लाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होगी।



## पार्टनर की जुदाई से गम में डूबा हिप्पो 14 दिनों से नहीं निकला पानी के बाहर

**कोलकाता।** लोगों को लगता है कि जानवरों के अंदर भावनाएं नहीं होती हैं, वो सिर्फ अपना पेट भरना जानते हैं। मगर कोलकाता के जू में रहने वाले एक हिप्पो ने इस बात को पूरी तरह गलत ठहराया है। ये हिप्पो 14 दिनों से पानी से बाहर नहीं निकला है। कारण है पार्टनर से जुदाई. उसकी इस स्थिति पर जू कर्मी भी परेशान हैं। हालांकि, डॉक्टर्स का ये भी अंदाजा है कि शायद उसकी तबीयत खराब है, इस वजह से भी वो पानी से बाहर नहीं निकल रहा है। कोलकाता के अलीपुर जू से एक बेहद भावुक और चिंताजनक खबर सामने आई है। यहां मौजूद एक दरियाई घोड़ा (हिप्पोपोटेमस) पिछले 14 दिनों से अपने तालाब से बाहर आने से इनकार कर रहा है। शहर में जारी कड़ाके की ठंड के बीच यह असामान्य व्यवहार चिड़ियाघर प्रशासन और पशु चिकित्सकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। चिड़ियाघर अधिकारियों के अनुसार यह व्यवहार क्रिसमस के आसपास से शुरू हुआ। आमतौर पर दरियाई घोड़े दिन के समय पानी में रहते हैं और शाम ढलते ही अपने नाइट शेल्टर यानी रात्रि विश्राम स्थल में चले जाते हैं लेकिन यह नर हिप्पो लगातार पानी में ही बना हुआ है और कई कोशिशों के बावजूद बाहर नहीं आ रहा।

**वैज्ञानिकों ने खोज ली तकनीक**

# कैंसर को जलाकर खत्म करेगा नैनो-जादू! अंदर से हड्डियों की करेगा मरम्मत

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने एक खास तकनीक तैयार की है। यह हड्डियों के कैंसर को खत्म करने के साथ-साथ खराब हड्डी को फिर से ठीक करने में भी मददगार है। यह तकनीक मैग्नेटिक नैनोपार्टिकल्स पर आधारित है। चुंबकीय क्षेत्र में गर्म होकर कैंसर कोशिकाओं को मारते हैं। साथ ही हड्डी के जुड़ने और बढ़ने की प्रोसेस को तेज करते हैं। ब्राजील और पुर्तगाल के वैज्ञानिकों ने मिलकर खास तरह का मैग्नेटिक नैनोमैटेरियल बनाया है। यह हड्डी के कैंसर को ठीक करने में मदद करता है। एक तरफ यह कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करता है और दूसरी तरफ हड्डी को दोबारा मजबूत बनने में मदद करता है। यह खोज भविष्य में हड्डी के ट्यूमर के इलाज को आसान और कम दर्दनाक बनाने में अहन भूमिका निभा सकती है।

### सबसे बड़ी चुनौती

रिसर्च टीम के मुताबिक सबसे बड़ी परेशानी यही थी कि ऐसा मैटेरियल बनाया जाए जो कैंसर का इलाज भी करे और हड्डी को भी ठीक करे। इस नई तकनीक से दोनों काम एक साथ संभव हो पाए हैं। स्टडी की लीड लेखक डॉक्टर एंजेला एंड्राडे ने बताया कि इस मैटेरियल में मजबूत मैग्नेटिक ताकत भी है। हड्डी से जुड़ने की क्षमता भी जो पहले एक साथ मिलना मुश्किल था। बता दें कि वैज्ञानिकों ने इस नैनोमैटेरियल को शरीर जैसे तरल पदार्थ में डालकर टेस्ट किया है। वहां यह बहुत जल्दी एपाटाइट नाम का मिनरल बनाने लगा। यह वही मिनरल है जो हमारी असली हड्डी का अहम हिस्सा होता है। इससे यह साफ हो जाता है कि अगर इसे शरीर में लगाया जाए तो यह हड्डी से आसानी से जुड़ सकता है।



### क्या है नैनो मैटेरियल?

वैज्ञानिकों ने लोहे के ऑक्साइड से बने बेहद छोटे कण तैयार किए। इन कणों के ऊपर बायोएक्टिव ग्लास की बहुत पतली परत चढ़ाई गई। यही डिजाइन इस मैटेरियल को खास बनाता है। अंदर का हिस्सा मैग्नेटिक है और बाहर की परत हड्डी से अच्छी तरह चिपकने में मदद करती है। रिसर्च के दौरान नैनोमैटेरियल के अलग-अलग रूप बनाए गए। इनमें से जिस किस्म में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा थी उसने सबसे अच्छे नतीजे दिखाए।

### कैंसर को गर्मी से खत्म करता

इस मैटेरियल का लोहे वाला हिस्सा चुंबकीय क्षेत्र में आते ही गर्म हो जाता है। इस गर्मी से कैंसर कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। इसे मैग्नेटिक हाइपरथर्मिया कहा जाता है। खास बात यह है कि यह गर्मी आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं को ज्यादा नुकसान भी नहीं पहुंचाती और खतरनाक सेल्स को खत्म कर सकती है। जहां एक तरफ यह कैंसर पर असर डालता है। बाहर की बायोएक्टिव ग्लास परत नई हड्डी बनने में मदद करती है। इससे ट्यूमर हटाने और हड्डी को ठीक करने का काम एक ही इलाज में हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कैंसर और हड्डी के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। इस तरह के स्मार्ट नैनोमैटेरियल से आगे चलकर ऐसे इलाज संभव हो सकते हैं। इनमें कम सर्जरी करनी पड़ेगी और मरीज जल्दी ठीक हो सकता है।

## 38 साल की उम्र में नानी बनी महिला, मां बेटी को साथ में देख चौंक जाते हैं लोग!

**न्यूयार्क।** अमेरिका की रहने वाली ब्रिटनी ने अपनी बेटी के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसे देखकर ज्यादातर लोग यही समझ बैठे कि दोनों सगी बहनें हैं। तस्वीर में मां-बेटी इतनी एक जैसी दिख रही हैं कि लोगों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो गया कि आखिर बेटी कौन है और मां कौन। हमारे घरों में दादी-नानी को देखकर आपको वाकई लगेगा कि वो दादी या नानी हैं। मतलब ये कि उनकी उम्र ज्यादा लगती है, बाल पके, चेहरे पर झुर्रियां, तजुर्बा इतना कि हर काम को आसानी से कर दें। उन्हें दुनिया की समझ होती है, इंसान को पहचानने का हुनर होता है। पर विदेशों में ऐसा नहीं होता। वहां पर दादी-नानी कम उम्र की भी होती हैं। मगर एक अमेरिकी नानी ने तो सभी को हैरान कर दिया है। वो सिर्फ 38 साल की हैं। जब वो अपनी बेटी के साथ खड़ी होती हैं, तो लोग दोनों को देखकर बहनें समझ लेते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की रहने वाली ब्रिटन ने अपनी बेटी के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसे देखकर ज्यादातर लोग यही समझ बैठे कि दोनों सगी



बहनें हैं। तस्वीर में मां-बेटी इतनी एक जैसी दिख रही हैं कि लोगों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो गया कि आखिर बेटी कौन है और मां कौन। ब्रिटनी ने बताया कि वह सिर्फ 18 साल की थीं, जब उन्होंने अपनी बेटी को जन्म दिया था। समय इतनी तेजी से बीता कि अब उनकी बेटी 20 साल की हो चुकी है और खुद मां बन गई है। इसी वजह से ब्रिटनी 38 साल की उम्र में नानी बन चुकी हैं।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## नासा ने पहली बार दिखाई अंतरिक्ष की वो तस्वीरें, जो इंसान नहीं देख सकता

**वॉशिंगटन।** नासा के स्पेक्ट्रो टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक बड़ा धमाका किया है मिशन शुरू होने के महज 6 महीने बाद ही इसने पूरे ब्रह्मांड का एक अनोखा और रंगीन नक्शा तैयार किया है। इसे 100 से भी अधिक अलग-अलग तस्वीरों को जोड़कर बनाया गया है। आमतौर पर हमारी आंखें अंतरिक्ष के कुछ ही हिस्सों को देख सकती हैं, लेकिन यह टेलीस्कोप उन 102 इंफ्रारेड रंगों को देख सकता है जो इंसान नहीं देख सकते। नासा ने इस डेटा को मिलाकर एक नक्शा बनाया है, जिससे वैज्ञानिकों को करोड़ों आकाशगंगा और तारों की स्थिति का पता चलेगा। इस टेलीस्कोप का मुख्य लक्ष्य यह पता लगाना है कि 14 अरब साल पहले बिग बैंग के तुरंत बाद ब्रह्मांड इतनी तेजी से कैसे फैला। यह हमारी आकाशगंगा में जमी हुई बर्फ, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी के कणों को खोजना। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन्हीं तत्वों ने ग्रहों पर जीवन की शुरुआत करने में मदद की होगी। यह मिशन अगले 2 सालों में हर 6 महीने में पूरे आकाश को स्कैन करेगा जो रोजाना 3600 तस्वीरें खींचता है।




राष्ट्रीय कैडेट कोर (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), भोपाल

पूर्व सैनिकों की भर्ती

एनसीसी निदेशालय (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), (डीजीएनसीसी / रक्षा मंत्रालय) सेवानिवृत्त जेसीओ एवं एनसीओ से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

एनसीसी इकाइयों में संविदा प्रशिक्षक स्टाफ

रिक्तियां : 26 जेसीओ और 45 एनसीओ
नियुक्ति दिनांक : 01 अप्रैल 2026
रोजगार स्थल : भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंदसौर, जबलपुर, बालाघाट सागर, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, कटनी, छत्तरपुर (म.प्र.) एवं रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर (छग)
अधिक जानकारी के लिए देखें : www.nccindia.gov.in/hiring
आवेदन भेंजे ई-मेल : adpersmpcg-dte@nccindia.nic.in
या
डाक का पता : अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)
: एमपी एंड सीजी एनसीसी निदेशालय (कार्मिक)
पी - 77, सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन्स कैंट भोपाल-462001

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 30 जनवरी 2026

आवश्यकता

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां (2250068500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।-9953158238 (रायपुर /12/जन. 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330


## शब्द पहेली - 6104



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6103 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल- 6114

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6113 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## ईरान में तनावपूर्ण हालात के लिए खामनेई ने ट्रंप को ठहराया जिम्मेदार

# बोले- घमंडी का होगा पतन, साजिशों के आगे झुकेंगे नहीं

*खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। देशभर में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का एक भाषण सरकारी टीवी पर दिखाया गया, जिसमें उन्होंने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर बात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी तीखा हमला बोला।


ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई

### ट्रंप दूसरे देशों के मामले में दखल दे रहे

इस दौरान तेहरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते। खामेनेई ने यह भी कहा कि अमेरिका के अंदर खुद कई गंभीर समस्याएं हैं, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरे देशों के मामलों में दखल देता है।

### भाड़े के लोग बर्दाश्त नहीं

*खामेनेई ने ट्रंप को घमंडी बताते हुए कहा कि एक दिन उनका भी पतन होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान हजारों शहीदों के बलिदान से बना है और यह देश कभी भी साजिश रचने वालों के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार विरोधी ताकतें चाहे जितनी कोशिश कर लें, ईरान अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेगा। ईरान विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनों के पीछे विदशी एजेंट हैं जो देश में हिंसा भड़का रहे हैं। ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने आरोप लगाया कि हिंसा फैलाने के पीछे अमेरिका और इजराइल से जुड़े आतंकी एजेंट हैं। सरकारी मीडिया के अनुसार, इन्हीं लोगों ने आगजनी की और हालात को बिगाड़ा।*

### अब तक 45 की मौत

ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है। अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 45 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### ट्रंप का दावा- ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा कि दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है।

### इंटरनेट बंद, दुबई से कई उड़ानें रद्द

ईरान में इंटरनेट और बाहरी दुनिया से फोन संपर्क बंद कर दिया है, ताकि लोग आपस में और विदेशों से संपर्क न कर सकें। बता दें कि गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक ईरान के कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन ईरान के पूर्व शहजादे (क्राउन प्रिंस) के आह्वान के बाद शुरू हुए, जो इस समय देश से बाहर निर्वासन में रह रहे हैं। लोगों ने नारे लगाए और सरकार के खिलाफ मार्च किया। वहीं दूसरी ओर इस प्रदर्शन का असरअब हवाई सेवाओं पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को दुबई और ईरान के कई शहरों के बीच चलने वाली कम से कम छह उड़ानें रद्द कर दी गईं।

---

## खबर संक्षेप

### नासा ने अंतरिक्ष मिशन रोका, स्पेसवॉक की रद्द

**वॉशिंगटन।** एक अंतरिक्ष यात्री की खराब सेहत के कारण नासा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे एक मिशन को बीच में ही रोक दिया है। नासा ने चार सदस्यों वाले क्रू-11 दल को पृथ्वी पर कुछ दिनों में वापस बुलाने का निर्णय लिया है। यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 25 साल के इतिहास में पहली बार है जब किसी मेडिकल इश्यू के कारण क्रू को समय से पहले वापस लाया जा रहा है। प्रभावित अंतरिक्ष यात्री की हालत अब स्थिर है।



### 12 जनवरी को करेगा नए सैटेलाइट का लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी 2026 को अपना पहला अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रहा है। इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-एन1 (अन्वेषा) को अंतरिक्ष में स्थापित करेगा। इसरो ने बताया कि रॉकेट और उपग्रह का इंटीग्रेशन पूरा हो चुका है और प्री-लॉन्च जांच जारी है। यह मिशन 12 जनवरी को सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।



## शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एनआईडीएमएस का उद्घाटन किया

# आतंकी गतिविधियों की जांच और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अब और होगी आसानी

> गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नेशनल आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (एनआईडीएमएस) का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कि गत 6 वर्षों में अनेक प्रकार का डेटा जनरेट कर उसे व्यवस्थित तरीके से एकत्रित करने का महत्वपूर्ण काम हुआ है। एनआईडीएमएस आगामी दिनों में देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

साथ ही, एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस की आज की यह शुरुआत इस प्रक्रिया को गति प्रदान करेगी और देश को आतंकवाद से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।

एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा

आतंकी घटनाओं के विश्लेषण में अहम साबित होगा

### दो तरफा एकीकृत ऑनलाइन डेटा उपलब्ध


एनआईडीएमएस का उद्घाटन करते गृह मंत्री शाह

अमित शाह ने आगे कहा कि एनआईडीएमएस से एनआईए, देशभर की एटीएस, राज्यों की पुलिस और सभी सीएपीएफ को एक वृहद, एकीकृत और ऑनलाइन डेटा प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा, जो दो-तरफा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर हुए विस्फोट या आईईडी संबंधी घटना का डेटा इस सिस्टम में शामिल किया जा सकेगा। इस डेटा का उपयोग करके हर राज्य में जांच के दौरान आवश्यक गाइडेंस प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकी गतिविधियों की जांच, विस्फोटों के ट्रेंड समझने और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अमित शाह ने कहा कि एनआईडीएमएस एक सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर की बम विस्फोट संबंधी घटनाओं का संगठित रूप से सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा।

### पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा

गृह मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन, वन डेटा रिपोजिटरी' के माध्यम से अलग-अलग विभागों में बिखरा डेटा अब एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में हर पुलिस इकाई को उपलब्ध होगा। इससे अभियोजन की गति और गुणवत्ता दोनों में बहुत अच्छा और सकारात्मक बदलाव आएगा और हम पैटर्न को भी आसानी से समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा। साथ ही, एजेंसियों के बीच समन्वय भी बेहतर तरीके से स्थापित होगा। शाह ने आगे कहा कि यह सही सूचना को सही समय और सही जगह पर पहुंचाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

### एनएसजी सुरक्षा का मजबूत स्तंभ

*अमित शाह ने कहा कि एनएसजी हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। एनएसजी के जवानों की वीरता, अद्वितीय कौशल और अटूट समर्पण के कारण हमारे नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। कहीं भी हमला हो, उसका सटीक और त्वरित जवाब देना हो, एंटी-हाइजैक ऑपरेशन के लिए निरंतर तैयारी बनाए रखनी हो, बम डिस्पोजल के ऑपरेशन हों एनएसजी ने हर बार सफल परिणाम भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद निरोधक गतिविधियाँ, विमान हाइजैक विरोधी अभियान, बम को निष्क्रिय करने की उन्नत प्रणाली और अब इसका डेटा सभी एजेंसियों के साथ साझा करने का प्लेटफॉर्म तैयार करना-ये सभी महत्वपूर्ण कार्य एनएसजी कर रही है।*

## फ्रांस के राष्ट्रपति से मिले जयशंकर

# रणनीतिक साझेदारी को और 'मजबूत' करने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करते जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ-साथ दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक बदलाव के दौर में वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और बदलते वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की, जिसमें बदलते शक्ति संतुलन, क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताएं और समान सोच वाले पार्टनर्स के बीच करीबी रणनीतिक तालमेल की जरूरत शामिल है। विदेश मंत्री 'एक्स' पर लिखा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलकर और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं देकर बहुत खुशी हुई। समकालीन वैश्विक घटनाक्रमों पर उनके विचारों और हमारी रणनीतिक साझेदारी के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं की मैं बहुत सराहना करता हूं।

### राजदूतों को किया संबोधित

पेरिस में, एस. जयशंकर ने फ्रांस के राजदूतों के सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को नया आकार देने वाले परिवर्तनों पर बात की। उन्होंने बताया कि व्यापार, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, संसाधन और कनेक्टिविटी आज की दुनिया में बदलावों को आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि बदलावों का सामना करने में देशों की सोच में बदलाव एक निर्णायक फैक्टर बन गया है। उन्होंने बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता को बढ़ावा देने में भारत-फ्रांस साझेदारी को एक अहम स्तंभ बताया।

### फ्रांस अहम रणनीतिक साझेदार

जयशंकर ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, अंतरिक्ष, सिविल न्यूक्लियर सहयोग, क्लीन एनर्जी और इंडो-पैसिफिक जैसे क्षेत्रों में एक लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है। फ्रांस हमारे सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है। हमारी लगातार बातचीत उस रिश्ते को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों देशों ने इस रिश्ते को लगातार बदलती दुनिया में एक स्थिरता प्रदान करने वाला कारक बताया है, जिसमें पेरिस और नई दिल्ली रणनीतिक स्वायत्तता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय सहभागिता की वकालत करते रहे हैं।

---

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से एनवीडिया के अधिकारी मिले

# भारत में जीपीयू, सेंसर, कैमरे व राउटर के निर्माण को लेकर चर्चा

### बिना इंटरनेट के चलेंगी नई डिवाइस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुनिया की अग्रणी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया की टीम से मुलाकात की। इस दौरान भारत में ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) विकसित करने और डीजीएक्स स्पार्क जैसे एडवांस एज डिवाइस के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ऐसे एज डिवाइस बनाने पर जोर दिया गया, जो डेटा उत्पन्न होने वाले स्थान के पास ही इंस्टॉल किए जाते हैं। इनमें सेंसर, कैमरे और राउटर जैसे हार्डवेयर उपकरण शामिल होते हैं, जो डेटा को वहीं प्रोसेस कर जरूरत पड़ने पर क्लाउड या डेटा सेंटर तक भेजते हैं।


एनवीडिया टीम से मिलते अश्विनी वैष्णव

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत में विकसित किए जाने वाले ये उपकरण बेहद तेज गति से काम करने में सक्षम होंगे। ये डिवाइस 200 अरब पैरामीटर तक के बड़े मॉडल पर सुरक्षित रूप से काम कर सकते हैं और इन्हें इंटरनेट कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं होगी। ये छोटे लेकिन शक्तिशाली जीपीयू रेलवे, शिपिंग, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और दूरदराज के इलाकों में तकनीकी बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### डीप-टेक सेक्टर को एनवीडिया का समर्थन

एनवीडिया ने पहले ही भारतीय और अमेरिकी निवेशकों के साथ मिलकर भारत के डीप-टेक सेक्टर को समर्थन देने की घोषणा की है। इसके तहत इंडिया डीप टेक एलायंस ने 850 मिलियन डॉलर से अधिक की नई पूंजी जुटाने की जानकारी दी है। यह एलायंस सितंबर में 1 अरब डॉलर के शुरुआती फंड के साथ लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देना है।

## एक करोड़ से ज्यादा का था इनाम

# दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों ने किया सरेंडर, इनमें 18 महिलाएं भी शामिल

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन कड़ती भी शामिल है, जिसने अपनी पत्नी के साथ आत्मसमर्पण किया है।

इन नक्सलियों पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था, जो उनकी नक्सली गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस बड़े पैमाने पर हुए आत्मसमर्पण से नक्सलियों के संगठन को बड़ा झटका लगा है। यह आत्मसमर्पण केवल छत्तीसगढ़ प्रदेश के नक्सलियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर के भी नक्सली शामिल हैं। यह इस बात का संकेत देता है कि राज्य की पुलिस और सुरक्षा बल नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं और नक्सलियों के प्रभाव को कम करने में सफल हो रहे हैं। लोन वर्राटू (घर वापसी) अभियान के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने के प्रयास सफल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।



## अनंतनाग में भारी बर्फबारी से जमी नदी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में शीतलहर जारी है, बर्फबारी के चलते नदियां बर्फ की चादर से ढकी नजर आ रही हैं। अनंतनाग में नदियां जमी दिखीं। अनंतनाग जिले में भारी पाले और बर्फबारी के बीच जमी नदी और एक स्ट्रक्चर से लटकती बर्फ की चट्टानों के पास से एक आदमी गुज़र रहा है। ताज़ा बर्फबारी और फिसलन भरी स्थितियों के कारण सड़क बंद है, और 31 दिसंबर से शोपियां और पुंछ के बीच और पुंछ से शोपियां होते हुए कश्मीर तक ट्रैफिक बंद है। पुंछ में भारी बर्फबारी के बाद सामरिक रूप से बेहद अहम मुगल रोड पर बर्फ हटाने का अभियान जारी है। सीमा सड़क संगठन के जवान बेहद मुश्किल हालात में 24 घंटे काम कर रहे हैं। वहीं घाटी में सबसे ठंडे इलाके सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम रहे।

---

## राष्ट्रपति पुतिन के आवास पर हमले के बाद रूस का पलटवार

# यूक्रेन पर 242 ड्रोन और ओरेशनिक मिसाइल से किया हमला


एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं। हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।

जेलेंस्की बोले- हमले में 4 की मौत दर्जनों नागरिक घायल हुए

यूक्रेन के कई इलाकों में बिजली और हीटिंग आपूर्ति बाधित

### रूस ने भी 'ओरेशनिक' से हमले की पुष्टि की


यूक्रेन के क्रिवी रिह में रूसी हमले के बाद एक रिहायशी इमारत जल गई

रूस ने दावा किया है कि उसने राष्ट्रपति पुतिन के आवास पर कीव की ओर से किए गए ड्रोन हमले का जवाब ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल के जरिए दे दिया है। इंटरमीडिएट-रेंज ओरेशनिक एक ऐसी मिसाइल है जिसके बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया है कि इसे इंटरसेप्ट करना नामुमकिन है क्योंकि इसकी कथित वेलोसिटी आवाज की स्पीड से 10 गुना अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में यूक्रेन में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया था। रूस ने अटैक ड्रोन और लंबी दूरी के जमीन और समुद्र से मार करने वाले हथियारों का भी इस्तेमाल किया था।

### हमले का वीडियो जारी

रूसी मंत्रालय के बयान के अनुसार गुरुवार देर रात टारगेट हिट किए गए। कथित तौर पर ये टारगेट वो ड्रोन फैसिलिटी थी जहां के बने ड्रोन ने पुतिन के आवास को निशाना बनाया था। स्थानीय मीडिया ने भी टारगेट अटैक की जानकारी दी है। हमले का वीडियो जारी किया गया, जिसमें कथित तौर पर वह पल दिखाया गया है जब ओरेशनिक ने पश्चिमी यूक्रेन में अपने टारगेट पर हमला किया। बर्फ से ढके लैंडस्केप पर फिल्माए गए इस वीडियो में, ऐसा लग रहा था कि छह फ्लैश जमीन पर गिर रहे थे, जिसके बाद एक जोरदार धमाका हुआ।



### 'ओरेशनिक' लंबी दूरी स्ट्राइक प्रणाली

रूसी सैन्य शब्दावली में ओरेशनिक का अर्थ 'हेजल ट्री' से जुड़ा माना जाता है, लेकिन हथियारों के नाम अक्सर प्रतीकात्मक होते हैं। ओरेशनिक को ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में देखा जा रहा है जो तेज गति, लंबी रेंज और सटीकता को एक साथ जोड़ता है। इस तरह ओरेशनिक रूस की नई पीढ़ी की लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता से जुड़ा सिस्टम माना जा रहा है, जिसे दुश्मन की गहरी सैन्य संरचनाओं को निशाना बनाने के लिए विकसित किया है।

## इजराइल की पाक को दो टूक

# गाजा में पाकिस्तानी सेना तैनात नहीं होगी, भरोसे वालों के साथ काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल ने गाजा के लिए प्रस्तावित इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स (आईएसएफ) में पाकिस्तानी सेना की तैनाती से साफ इनकार कर दिया है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि गाजा को लेकर किसी भी व्यवस्था में इजराइल सिर्फ उन्हीं देशों के साथ काम करेगा, जिन पर उसे भरोसा है। अजार ने कहा कि गाजा में आगे बढ़ने की किसी भी प्रक्रिया की बुनियादी शर्त हमास का पूरी तरह से खत्म होना है।

राजदूत ने बताया कि अमेरिका की ओर से कुछ देशों से गाजा के लिए प्रस्तावित फोर्स में योगदान को लेकर बातचीत हुई है, लेकिन इजराइल पाकिस्तान सेना की भागीदारी को लेकर सहज नहीं है। इसकी वजह हमास और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के बीच बढ़ते संपर्क बताए गए। अजार के मुताबिक, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास ने अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमास के वरिष्ठ नेता लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं और पाकिस्तान आधारित संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से संपर्क में हैं।



# सिंधु का धमाल, मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू का धमाल जारी है। सिंधू ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची जब पहले गेम में 21-11 से हार गईं थी तो इंजरी के चलते उन्होंने मैच को छोड़ दिया। इस तरह सिंधू ने साल 2026 के अपने पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कदम रख दिया है।

**खास बातें**

- सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट
- यामागुची ने इंजरी के कारण छोड़ा क्वार्टरफाइनल
- सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 15-12 पहुंचा




### यामागूची के खिलाफ की बेहतरीन शुरुआत

मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में सिंधू का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची से हुआ। यामागूची के खिलाफ सिंधू ने बेहतरीन शुरुआत की और पहले गेम को 21-11 से अपने नाम कर लिया था। लेकिन दूसरे गेम की शुरुआत से पहले यामगूची ने इंजरी के चलते मैच से हटने का फैसला किया और काफी लंबे समय बाद वापसी करने वाली सिंधू ने सेमीफाइनल में कदम रख लिया है।

### इंडिया ओपन खेलेंगी सिंधू

वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर 18 पर काबिज दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंजरी के बाद वापसी कर रही हैं। उन्होंने यामागूची के खिलाफ जीत के रिकॉर्ड को 15-12 कर लिया है। अब सिंधू का सामना सेमीफाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी और इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा। इस टूर्नामेंट के बाद सिंधू भारत में 13 जनवरी से होने वाले इंडिया ओपन में भी खेलती हुईं नजर आएंगी।.

ब्रिसबेन

# सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, कीज को हराया




एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आर्यना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिसबेन इंटरनेशनल में मैडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। इस दौरान सबालेंका ने लगातार पांच गेम में सर्विस तोड़ी। ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट है। अब ब्रिसबेन इंटरनेशनल की गत चैंपियन सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने एलीना रायबाकिना को 6-2, 2-6, 6-4 से हराया।

## खबर संक्षेप




### खिलाड़ी बनना किस्मत में लिखा थाः वैष्णवी

**नई दिल्ली।** वैष्णवी शर्मा ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में भारत के लिए पदार्पण किया था और ग्वालियर की 20 साल की बाएं हाथ की स्पिनर का कहना है कि उनके ज्योतिषी पिता नरेंद्र शर्मा ने उनके भविष्य के बारे में बता दिया था कि वह क्रिकेटर बनेंगी। उनका कहना है कि खिलाड़ी बनना उनकी किस्मत में लिखा था। वैष्णवी ने कहा, 'जब मैं चार साल की थी तो खेलों में मेरा सफर शुरू हुआ। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मेरे पिता एक ज्योतिषी हैं। उन्होंने मेरी कुंडली देखी और कहा कि मुझे या तो खेलों में जाना चाहिए या चिकित्सा के क्षेत्र में।' उन्होंने कहा, 'उसके बाद, यह सवाल था कि मेरी दिलचस्पी किसमें है। कुछ समय बाद, उन्हें समझ आया कि मेरी दिलचस्पी खेलों में है।

### मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे 60 हजार से ज्यादा धावक

**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन (टीएमएम) के 21वें सत्र का आयोजन 18 जनवरी को होगा, जिसमें भाग लेने के लिए 60 हजार से अधिक धावकों ने पंजीकरण कराया है। आयोजकों के अनुसार,



विश्व एथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रिकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में भाग लेंगे। पहली बार रिकॉर्ड 14,059 धावक पूर्ण मैराथन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हाफ मैराथन और ओपन 10 किमी दौड़ में भी भागीदारी में भारी वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, 'पिछले दो दशकों में टाटा मुंबई मैराथन ने लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य और शहर की आर्थिक स्थिति दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

### भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला लेंः इकबाल

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला लोगों की भावनाओं से प्रभावित नहीं हों



क्योंकि ऐसे किसी भी निर्णय का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है। तमीम इकबाल ने कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है और अभी अचानक कोई बयान देना मुश्किल है। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि अगर सब मिलकर काम करें तो कई समस्याएं संवाद के माध्यम से हल हो सकती हैं।' इकबाल ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि बांग्लादेश विश्व क्रिकेट में कहां खड़ा है और बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर निर्णय लेना चाहिए।'

कल से भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज

# टीम इंडिया के खिलाफ उतरेंगे न्यूजीलैंड के 5 नए चेहरे, वनडे में तीन खिलाड़ी करेंगे डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 11 जनवरी से तीन वनडे की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए कीवी टीम में पांच ऐसे खिलाड़ी चुने गए हैं, जिनके पास खेलने का बहुत कम अनुभव है।

इनमें से तीन तो ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक वनडे इंटरनेशनल मैच नहीं खेले हैं। वे भारत दौरे से डेब्यू कर सकते हैं। वहीं बाकी दो ऐसे हैं, जिन्होंने नाम मात्र के मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं। इन पांच नए चेहरों में से एक का भारतीय कनेक्शन है।

### आदित्य अशोक

23 साल का यह खिलाड़ी लेग स्पिन बॉलिंग करता है। उन्हें ईश सोढ़ी के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा। आदित्य अशोक ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो वनडे मुकाबले खेले हैं और ये दिसंबर 2023 में आए थे। इनमें उन्होंने एक विकेट लिया था। आदित्य ने हालिया समय में न्यूजीलैंड ए के लिए चार दिवसीय मैचों और लिस्ट ए क्रिकेट में कमाल की बॉलिंग की। बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के दौरों पर वे विकेट निकालने वाले प्रमुख गेंदबाज बने थे। वे कुछ समय पहले चेन्नई में सुपर किंग्स एकेडमी में भी स्पिन बॉलिंग करते दिखे थे। उनके परिवार का तमिलनाडु से कनेक्शन है। जब वह चार साल के थे तब परिवार ऑकलैंड शिफ्ट कर गया था।












### निक कैली

इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे मैच न्यूजीलैंड के लिए खेले हैं। अब उनके पास इस संख्या को आगे बढ़ाने का मौका है। निक कैली की पैदाइश ऑस्ट्रेलिया की है। 32 साल के इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे इंटरनेशनल में 49 रन बनाए हैं। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने वेलिंग्टन के लिए लगातार रन बनाए हैं। वे इस टीम के कप्तान भी हैं। वे कैरेबियन प्रीमियर लीग में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए खेल चुके हैं। समझा जाता है कि भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें टॉप ऑर्डर में खिलाया जा सकता है।

### माइकल रे

30 साल के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो टेस्ट खेले हैं। इनमें आठ विकेट लिए हैं। वे सिर पर हेडबैंड लगाकर खेलते हैं। माइकल रे नई गेंद से स्विंग हासिल कर सकते हैं। साथ ही गेंद के पुराने होने पर उससे बाउंस हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने हाल ही में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था।

### जायडन लेनॉक्स

बाएं हाथ का यह फिरकी गेंदबाज पहली बार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा बना है। उन्हें मिचेल सैंटनर के रिप्लेसमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। जायडन लेनॉक्स 31 साल के हैं और पिछले कुछ सीजन में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वे सेलेक्शन में दायरे में आए। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने उनकी तारीफ की है। पिछले सीजन जब सेंट्रल स्टैग्स की टीम जब फाइनल तक पहुंची थी तब लेनॉक्स ने छाप छोड़ी थी। उन्होंने ग्लोबल सुपर लीग में भी हिस्सा लिया था। यहां तीन पारियों में 5.07 की इकॉनमी से चार विकेट लिए थे।

### क्रिस्टियन क्लार्क

यह खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों में लगातार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा रहा लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। अब भारत में क्रिस्टियन क्लार्क को पहला मैच खेलने को मिल सकता है। वे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। साथ ही निचले क्रम में उपयोगी रन जुटाने की क्षमता भी रखते हैं। 24 साल के क्लार्क को न्यूजीलैंड क्रिकेट के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। वे अभी तक 34 लिस्ट ए मैच में 52 विकेट लेने के साथ ही 373 रन बना चुके हैं।

ऑकलैंड डब्ल्यूटीए

# स्वितोलिना की सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मेलबर्न में 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अब स्वितोलिना की भिड़ंत शनिवार को अमेरिका की इवा जोविच से होगी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना तीसरे सेट में 5–3 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 6–4, 6–7 (2), 7–6 (5) से जीत दर्ज की।




# ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिर्फ डबल्स खेलेंगे किर्गियोस, सिंगल्स से नाम लिया वापस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल वर्ग से अपना नाम वापस ले लिया है। वह सिर्फ डबल्स मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। डबल्स में किर्गियोस थानासी कोकिनाकिस के साथ जोड़ी बना सकते हैं।

किर्गियोस ने इंस्टाग्राम में लिखा, मैंने इस साल सिर्फ ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स पर ध्यान देने का फैसला किया है। मैं फिट हूं और कोर्ट पर वापस आ गया हूं, लेकिन 5-सेटर एक अलग चीज है और मैं अभी तक पूरी तरह से तैयार नहीं हूं। यह टूर्नामेंट मेरे लिए सब कुछ है, लेकिन मैं अपनी जगह किसी ऐसे व्यक्ति को देना चाहूंगा, जो अपने पल को यादगार बनाने के लिए तैयार हो। मैं अगले साल वापस आऊंगा और मुकाबला करने के लिए उत्साहित रहूंगा। वहीं मिलते हैं।"



### ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के लिए मिला वाइल्डकार्ड

निक ने 2025 में सिर्फ पांच मैच खेले थे। पिछले तीन सालों में सिर्फ छह प्रोफेशनल एकल मैच खेले हैं। पिछले महीने न्यूयॉर्क और दुबई में एग्जिबिशन मैचों की एक सीरीज के साथ उन्होंने आसानी से प्रतियोगिता में वापसी की, फिर उन्हें ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के लिए वाइल्डकार्ड मिला, जहां पहले राउंड में वह एलेक्जेंडर कोवासेविक से 6-3, 6-4 से हार गए। इसके अलावा, किर्गियोस और उनके डबल्स पार्टनर, थानासी कोकिनाकिस, ब्रिस्बेन में दूसरे राउंड में फ्रेंच जोड़ी सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबोल से हार गए। ऑस्ट्रेलिया ओपन डबल्स से उन्हें धमाकेदार वापसी की उम्मीद है।

# बीबीएल : हरिकेंस ने स्ट्राइकर्स को 37 रन से हराया, स्कॉट की मेहनत बेकार

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

होबार्ट हरिकेंस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 2025-26 के 28वें मुकाबले को अपने नाम किया। इस टीम ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 37 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ होबार्ट हरिकेंस ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर मजबूती हासिल कर ली है।

इस टीम ने 8 में से 6 मुकाबले जीते हैं। वहीं, 7 में से 4 मैच गंवाकर एडिलेड स्ट्राइकर्स पांचवें पायदान पर मौजूद है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी होबार्ट हरिकेंस ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। टिम वार्ड और मिचेल ओवन के रूप में सलामी जोड़ी ने इस टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने महज 2.3 ओवरों में 42 रन की साझेदारी की। मिचेल ओवन 9 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 33 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर आउट हुए, जिसके बाद टिम ने रेहान अहमद के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़कर टीम को 80 के स्कोर तक पहुंचा दिया। रेहान अहमद 17 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुए, जबकि टिम वार्ड ने 17 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। निखिल चौधरी (23) ने बेन मैकडरमॉट (18) के साथ चौथे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की, जबकि मैथ्यू वेड (27) ने मैकलिस्टर राइट (नाबाद 20) के साथ छठे विकेट के लिए 35 गेंदों में 50 रन जुटाए।



**स्कॉट के नाबाद 91 रन**

स्कॉट ने 58 गेंदों में 5 छक्कों और 6 चौकों के साथ 91 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर पर कोई अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका।

# फाइनल में भिड़ेंगे एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स

एजेंसी ▶▶| रांची

एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स दो हफ्तों तक चले 12 मुकाबलों के बाद शनिवार को महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फाइनल में आमने सामने होंगी। लीग जीतने वाली टीम को 1.50 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी जबकि उप विजेता को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपए मिलेंगे। फाइनल में पहुंची इन दोनों टीमों ने इस सत्र में अपना दबदबा बनाए रखा और दोनों का खेलने का तरीका काफी हद तक एक जैसा ही रहा है।

एसजी पाइपर्स ने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि श्राची बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान पक्का किया। दोनों टीमें लीग चरण में दो बार आमने-सामने हुईं और दोनों ही मौकों पर श्राची बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। पहले मैच में 3-3 की बराबरी के बाद श्राची बंगाल टाइगर्स ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की।



11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल विश्व कप

# फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा ब्राजील

एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

ब्राजील फुटबॉल टीम इस साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के अंतर्गत अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील 11 जून से 19 जुलाई के बीच होने वाले विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 13 जून को मोरक्को के खिलाफ करेगी। फिर टीम का सामना छह दिन बाद फिलेडेल्फिया में हैती से होगा। ब्राजील 24 जून को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का समापन करेगी।



### 26 मार्च को फ्रांस और ब्राजील में मुकाबला

प्रमोटरों ने घोषणा की कि ब्राजील की टीम 26 मार्च को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में फ्रांस से भिड़ेगी और फिर पांच दिन बाद फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में क्रोएशिया से दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके अलावा क्रोएशिया 26 मार्च को ऑरलैंडो में कोलंबिया से भिड़ेगा और कोलंबिया 29 मार्च को मैरीलैंड के लैंडोवर में फ्रांस का सामना करेगा। इन मैत्री मुकाबलों का आयोजन यूनीफाइड इवेंट्स, फ्लोरिडा सिट्रस स्पोर्ट्स, पिच इंटरनेशनल, लायंस स्पोर्ट्स एंड मीडिया और कार्डेनास मीडिया नेटवर्क की ओर से किया जा रहा है।

### फीफा का वीडियो कंटेंट पार्टनर बना 'टिकटॉक'

जिनेवा। फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने 11 जून से 19 जुलाई तक चलने वाले पुरुष फुटबॉल विश्व कप में सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेंट के लिए 'टिकटॉक' को अपना प्रमुख प्लेटफॉर्म चुना है। इस साझेदारी के अंतर्गत 'कंटेंट क्रिएटर्स' को 48 टीम वाले विश्व कप में विशेष अनुमति मिलेगी। यह टूर्नामेंट 16 शहरों में आयोजित होगा। इनमें अमेरिका के 11, मेक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहर शामिल हैं। फीफा ने बताया कि विश्व कप के प्रसारण अधिकार रखने वाले ब्रॉडकास्टर टिकटॉक ऐप पर बने एक विशेष 'हब' के जरिए 104 मैच के कुछ हिस्सों का लाइव प्रसारण कर सकेंगे।




विधि अधिकारियों की नियुक्ति को जनहित याचिका में चुनौती

# हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों को जारी किए नोटिस

**जबलपुर।** महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को नियम विरुद्ध बताते हुए दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने संजीदगी दिखाई है।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सभी विधि अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने याचिका दायर की है। उनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर गत 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। उन्होंने दलील दी कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। इस याचिका पर हाई कोर्ट में जल्द सुनवाई होगी। कहा गया कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए



न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है।

### फॉर्म का क्या किया

अधिवक्ता योगेश सोनी ने दलील दी कि इस बार महाधिवक्ता कार्यालय में लॉ ऑफीसर बनने के लिए सैकड़ों वकीलों ने आवेदन किया था। आवेदन निर्धारित फॉर्म में आमंत्रित तो किए गए, लेकिन यह कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया कि इन आवेदनों की जांच, मूल्यांकन और शॉर्टलिस्टिंग किस आधार पर की गई। यह भी कहा गया है कि न तो कोई मापदंड जारी किया गया, न अंक प्रणाली, न ही चयन या अस्वीकृति के कारण बताए गए। इससे पूरी प्रक्रिया पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है।

पीएनबी हाउसिंग व बीमा कंपनी को नोटिस, जवाब तलब

## पति ने लिया लोन, पत्नी से क्यों मांग रहे किश्त

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डीपी सूत्रकार की अदालत ने पीएनबी हाउसिंग व बीमा कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामला लोन की राशि अवैध रूप से मांगे जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। कोर्ट ने मैनेजर, पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड व मैनेजर आईसीआईसीआई लुम्बार्ड को आगामी सुनवाई तिथि नौ फरवरी को उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। परिवादी रीना खरे की ओर से अधिवक्ता बनारसी राय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी द्वारा अपने पति अरविंद खरे द्वारा लिए गए 25 लाख रुपये के लोन की राशि अवैध रूप से फाइनेंस कंपनी द्वारा मांग किए जाने पर आपत्ति जताई है। दरअसल, रीना खरे के पति अरविंद खरे ने पंजाब नेशनल हाउसिंग बैंक से 23 जुलाई, 2020 को 25 लाख रुपये का लोन लिया था और आईसीआईसीआई लुम्बार्ड कंपनी से एक लाख 25 हजार का बीमा कराया था। पालिसी की अवधि वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक की थी। उसके पति का निधन नौ जून, 2025 को नागपुर में इलाज के दौरान लीवर सिरोसिस फोर्थ स्टेज की बीमारी के कारण निधन हो गया था। मृत्यु से संबंधित दस्तावेज बैंक एवं बीमा कंपनी को दिए गए। उसके बाद भी बैंक व बीमा कंपनी के अधिकृत एजेंट उसे काल करके परेशान करते हैं और लोन किश्त की मांग करते हैं। परिवादी कलेक्ट्रेट, जबलपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, जिसका वेतन 13 हजार रुपये मासिक। इसीलिए बैंक व बीमा कंपनी के विरुद्ध संज्ञान लिए जाने का निवेदन किया है।



चप्पलकांड का सीसीटीवी फुटेज वायरल

## सुपर स्पेशलिटी में सुपरवाइजर और महिला गार्ड में विवाद

**हरिभूमि जबलपुर।**

लगभग दो महिने पहले मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के गेट पर तैनात महिला सुरक्षा गार्ड द्वारा सिक्योरिटी सुपरवाइजर पर चप्पल से हमला किए जाने का सीसीटीव्ही फुटेज सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद महिला गार्ड ने सुपरवाईजर द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की शिकायत गढ़ा थाने में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद जब फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने इस मामलें में संबंधित लोगों से पूरी जानकारी मांगी। गढ़ा पुलिस के मुताबिक 29 नवंबर की दोपहर करीब 2:15 बजे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक महिला सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी पर तैनात थी, इसी दौरान उन दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। शिकायत में बताया गया है कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर द्वारा की गई किसी टिप्पणी से आहत महिला गार्ड उसके पीछे दौड़ी और अपनी चप्पल उतारकर सिक्योरिटी सुपरवाइजर को मार दी।

बताया जाता है कि इस घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा महिला गार्ड को न्यू कैंसर वार्ड के पास तैनात कर दिया गया था, लेकिन आरोप है कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते महिला सुरक्षा गार्ड दोबारा गढ़ा थाने पहुंची।

नागरिकों को जलशोधन संयंत्रों का भ्रमण कराया

## नागरिकों ने स्वयं परखी जल शुद्धि प्रक्रिया

**जबलपुर।** शहरवासियों को मिलने वाला पानी कितना स्वच्छ और सुरक्षित है, इसे लेकर नगर निगम ने एक अनूठी और पारदर्शी पहल की है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय निवासियों को जल शोधन संयंत्रों का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर निगमायुक्त स्वयं भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान नागरिकों के दल ने ललपुर, रांझी, भोंगाद्वार और रमनगरा स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। प्लांट के इंजीनियरों और विशेषज्ञों ने नागरिकों को जल शोधन के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था पूरी तरह से मानक प्रक्रियाओं पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच लैब में की जाती है ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न हो। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए और कहा कि नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था स्वच्छ और पीने योग्य है। इस मौके पर जल प्रभारी दामोदर सोनी, पार्षद अनुराग दहिया के साथ जल विभाग के तकनीकी अधिकारियों जिसमें कमलेश श्रीवास्तव, राजेश खंपरिया, अंकुर नाग, मंसूरी खान, शमीम खान आदि उपस्थित रहे।



### जेवर देखने के बहाने सराफा से लॉकेट चोरी कर ले गई महिला

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत सराफा बाजार सुनरहाई में एक ज्वेलर्स दुकान में जेवर देखने के बहाने से आई एक अज्ञात महिला ने सोने का एक लॉकेट चोरी कर ले गई। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सराफा बाजार सुनरहाई निवासी 41 वर्षीय विजयंत सोनी की ज्वेलर्स दुकान में गत दोपहर लगभग 3 बजे लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात महिला आई और सोने का लॉकेट दिखाने का कहने लगी। उसने एक ट्रे में 10 से 15 पीस सोने के लॉकेट रख दिया, तभी महिला लॉकेट पसंद करते हुए बाहर खड़ी अपनी भाभी को बुला लेती हूं कहते हुए दुकान से बाहर निकल गई। उसने ट्रे में देखा तो एक सोने का लॉकेट वजनी 3 ग्राम का गायब था। उसने बाहर निकलकर देखा तो महिला वहां नहीं दिखी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

रिश्ता टूटने पर पूर्व मंगेतर ने की युवती की हत्या

## रिछाई क्षेत्र में वारदात : आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर में नए साल में हत्या का चौथा मामला रांझी से सामने आया। रांझी थानांतर्गत रिछाई क्षेत्र में गुरुवार शाम बीच राह फैक्ट्री में काम कर घर लौटते समय घात लगाकर किए गए हमले में बुरी तरह घायल 19 वर्षीय युवती रिचा रजक नामक युवती की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती पर यह प्राणघातक हमला उसके पूर्व मंगेतर साहिल रजक द्वारा किया गया, जो वारदात के बाद अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके पर पहुंचा था। पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाते हुए आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया हैं।



घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम रिचा रजक रोज की तरह रिछाई स्थित फैक्ट्री से काम समाप्त कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे साहिल रजक ने उसे रोका और अचानक उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में रिचा गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों के अथक प्रयास के बाद भी उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई और आखिरकार युवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि रिचा रजक की शादी पहले साहिल रजक से तय हुई थी, लेकिन किसी कारणवश यह रिश्ता टूट गया था। इसी बात को लेकर आरोपी साहिल ने रिचा से रंजिश पाल रखी थी। पुलिस का कहना है कि शादी टूटने के बाद बदला लेने की भावना के चलते साहिल ने इस वारदात को अंजाम दिया। जांच में यह भी सामने आया है कि साहिल रजक कुछ दिनों से रिचा की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था और मौके की तलाश में था। जैसे ही उसे मौका मिला, उसने अपने साथी के साथ मिलकर हमला कर दिया।

युवती की मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी साहिल रजक और उसके साथी की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

आईएपीएम कॉन्फ्रेंस की प्री-वर्कशॉप में विशेषज्ञों का मंथन

## ब्लड कैंसर और किडनी रोगों की पहचान में मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी बनेगी मददगार

**जबलपुर।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (आईएपीएम) के मध्य प्रदेश चैप्टर का 16वां तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार से शुरू हो गया।



न्यू एकेडमिक ब्लॉक में आयोजित प्री-वर्कशॉप में देश के जाने-माने विशेषज्ञों ने आधुनिक पैथोलॉजी तकनीकों और चिकित्सा विज्ञान में हो रहे बदलावों पर चर्चा की।

कार्यशाला का उद्देश्य युवा पैथोलॉजिस्ट्स को नए नैदानिक उपकरणों और तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि मरीजों को सटीक और तेज़ इलाज मिल सके। डॉ. संजय तोतड़े ने कहा कि पैथोलॉजी चिकित्सा का रीढ़ है और नई तकनीकों से उपचार की रफ्तार और सटीकता बढ़ेगी। डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने रिसर्च के लिए बजट की आवश्यकता पर जोर दिया।

तीन प्रमुख सत्रों में सम्मेलन में आधुनिक तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. अविनाश गुप्ता और डॉ. मयूर परिहार ने ब्लड कैंसर (हेमटोलिम्फॉइड नियोप्लाज्म) में मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी की भूमिका को उजागर किया। उन्होंने कहा कि फ्लो साइटोमेट्री और साइटोजेनेटिक्स जैसी तकनीकों से कैंसर का सटीक और जल्दी निदान संभव है।

केजीएमयू लखनऊ के डॉ. अतीन सिंघई ने किडनी और त्वचा रोगों में इम्यूनोफ्लोरेसेंस तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से गंभीर रोगों की पहचान आसान हो जाती है और मरीज के इलाज की दिशा बदल सकती है।

महिला स्वास्थ्य पर तीसरे सत्र में यूपीयूएमएस सैफई की डॉ. सीमा दयाल ने लिक्विड-बेस्ड साइटोलॉजी (एलबीसी) के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि एलबीसी तकनीक पारंपरिक तरीकों की तुलना में सर्वाइकल कैंसर की जांच को अधिक प्रभावी और सटीक बनाती है। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल करेंगे। इस दौरान प्रमुख चिकित्सक और शोधकर्ता अपने अनुभव और शोध प्रस्तुत करेंगे, जिससे चिकित्सा क्षेत्र में नई दिशा तय होगी।

अवैध कालोनाईजर के खिलाफ जल्द दर्ज होगी एफआईआर

## सख्ती : अवैध कालोनियों पर होगी कार्रवाई

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर अब प्रशासन सख्ती करने जा रहा है। निगम सूत्रों का कहना है कि बहुत जल्द आधा दर्जन प्रमुख कालोनियों के कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा सकती हैं। आज शनिवार और रविवार अवकाश के बाद निगम प्रशासन की ओर से अवैध कालोनियों के डेवलपर्स पर एफआईआर की शुरुआत की जा सकती है।

### शहर में हैं 224 कालोनियां

नगर निगम सीमा के अंदर तेजी से अवैध कालोनियों का निर्माण कालोनाईजर द्वारा किया गया। क्योंकि अवैध कालोनियों को वैध करने की कार्रवाई होने का प्रावधान होने के कारण कालोनाईजर अधिकारियों से सांठ गांठ कर धड़ल्ले से बिना किसी स्वीकृत ले-आउट और वैधानिक अनुमति के धड़ल्ले से प्लॉटिंग कर भूखंड बेचे रहे थे। यही वजह है कि पहले शहर में 206 कालोनियां थी जो बढ़कर 224 हो गई हैं।

### 104 कॉलोनियों की सूची सार्वजनिक

अवैध कालोनियों की वजह से शहर की नियोजित बसाहट प्रभावित हो रही हैं। बुनियादी सुविधाओं सड़क, नाली, पानी, बिजली और सीवरेज के अभाव में यहां मकान बनाने व प्लाट खरीदने वालें परेशान हो रहे हैं। वर्ष 2022 से पहले विकसित की गई 206 अवैध कॉलोनियों में से 104 कालोनियों की सूची पहले ही सार्वजनिक की जा चुकी है। लेकिन यहां पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई अब तक नदारद रही। अब कहा जा रहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी कालोनाईजर को बख्शा नहीं जाएगा। एक विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से विकसित किए गए भूखंडों को बेचने वाले कालोनाईजरों को नए सिरे से नोटिस जारी कर जवाब मांगा जायेगा। इसके बाद अवैध कालोनाईजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## मुख्य स्टेशन में गुंडई करने वाले आरोपी को जीआरपी ने दबोचा

**जबलपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन में यात्रियों और प्लेटफॉर्म पर स्थित स्टॉल वेंडरों के साथ आए दिन गुंडा गर्दी, गाली-गलौज और मारपीट करने वाले आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। रेल पुलिस के मुताबिक सिहोरा वार्ड नंबर 14 निवासी 38 वर्षीय रोहित कुमार डुमार को गिरफ्तार किया गया



है, जिस पर आरोप है कि वह आए दिन स्टेशन परिसर में गुंडागर्दी करता था और यात्रियों के साथ स्टॉल करने वाले कर्मचारियों के साथ भी विवाद करता था। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराएं 170, 126(बी) और 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240